धनबाद, रांची एवं पटना से प्रकाशित * * सोमवार 22 अप्रैल 2024 चैत्र शुक्ल पक्ष 14 , संवत 2081 पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 3 वर्ष : 2, अंक : 14



# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार





## उलगुलान न्याय महारैली : इंडिया गठबंधन के टॉप लीडर्स ने भाजपा पर साधा निशाना

# भ्रष्ट लोगों से चंदा लेकर देते हैं धंधा

रवि भारती/प्रवीण कुमार। रांची

राजधानी रांची के प्रभात तारा मैदान में रविवार को आयोजित उलगुलान न्याय महारैली में इंडिया गठबंधन ने अपनी ताकत दिखाई. गठबंधन के टॉप लीडर्स ने बीजेपी पर जमकर हमला बोला. बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने बीजेपी पर हमला बोलते हुए कहा कि तुम तो धोखेबाज हो, वादा कर भूल जाते हो.... झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि झारखंड के इतिहास को मिटाना ही भाजपा की सोच है. हेमंत सोरेन पर झूठा आरोप लगाया. जिस जमीन को हेमंत सोरेन का बताया जा रहा है वह भूइंहरी जमीन है. इसे कोई भी देख सकता है. यहां सीएनटी-एसपीटी और वनाधिकार अधिनियम लागू है. बीजेपी के सांसद दिल्ली में जाकर यहां की सभ्यता को बचाने के लिए कुछ नहीं कहते. आदिवासी-मूलवासी को मिटाने के मामले में साथ देते हैं. अचानक तबीयत खराब होने के कारण कांग्रेस नेता राहुल गांधी रैली में शामिल नहीं हो पाए. इंडिया गठबंधन के बाकी सभी शीर्ष नेता महारैली में शामिल हुए. सबके निशाने पर भाजपा और पीएम नरेंद्र मोदी की सरकार रही.

### भाजपा ने भ्रष्टाचारियों को गोद में बैठाया: खरगे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि अगर मैं इस रैली को अटेंड नहीं करता, तो मुझसे बड़ा पाप हो जाता. बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि सभी भ्रष्टाचारियों को भाजपा ने अपनी गोद में बिठा लिया है. भ्रष्ट लोगों से चंदा लेकर धंधा भी देते हैं. भ्रष्टाचारियों का खुलकर सर्पोट कर रहे हैं. गठबंधन काफी मजबूत है. इसलिए पीएम मोदी घर-घर घूमते फिर रहे हैं. भ्रष्टाचारियों को अपनी गोद में बिठा लिए हैं. भ्रष्ट लोगों से चंदा लेकर धंधा भी देते हैं. भ्रष्टाचारियों को सर्पोट भी कर रहे हैं. हेमंत सोरेन की कोई गलती नहीं थी, उनपर दबाव था कि अगर इंडिया गठबंधन से दोस्ती करेंगे तो सीधा जेल भेज देंगे. लेकिन हेमंत सोरेन ने जेल जाना मुनासिब समझा.

**आदिवासी के पास नहीं है डर :** खरगे ने कहा कि आदिवासियों के पास डर नाम की चीज नहीं है. मोदी अगर डराने की कोशिश करेंगे, तो खुद ही खत्म हो जाएंगे. उन्होंने कहा कि अगर संविधान बदला गया, तो कुछ नहीं बचेगा. संविधान है तभी लोग आदर से देखते हैं. भाजपा गरीबों से वोट छीनना चाहती है. संविधान को बदलना चाहती है. संसद में 543 की संख्या है. ये 400 पार की बात कर रहे हैं. गनीमत है कि 600 पार नहीं बोले. 500- 400 बोलते रहते हैं. बीजेपी हमारी शक्ति को तोड़ नहीं सकती. हेमंत सोरेन और अरविंद केजरीवाल को जेल में डालने से हम डरने वाले नहीं हैं. हम जनता से डरते हैं, जनता देश की रक्षक है. हमें मिट्टी में दबा दिया जाएगा, तब भी हम जिंदा रहेंगे. क्योंकि हम बीज हैं, फिर खिलेंगे.

### हेमंत पर झूठा आरोप लगाया: चंपाई

सीएम चंपाई सोरेन ने कहा कि हेमंत सोरेन पर झूठा आरोप लगाया गया. जिस जमीन की बात हो रही है वह भूंईहरी है. कोई भी देख सकता है. राज्य में सीएनटी, एसपीटी, वनाधिकार अधिनियम जैसे कानून भी हैं. झारखंड के इतिहास को मिटाना भाजपा की सोच है. हेमंत और केजरीवाल ने जब निःस्वार्थ भाव से काम करना शुरू किया तो भाजपा के पेट में दर्द होने लगा. जब डबल इंजन की सरकार थी तो 5000 प्राइमरी स्कूलों को बंद करा दिया. राशन कार्ड जब्त कर लिया. हमारी सरकार ने 20 लाख लोगों को हरा राशन कार्ड दिया. 30 लाख परिवारों को अबुआ आवास दिया.

**बीजेपी बड़का झूठी पार्टी :** चंपाई ने कहा कि बीजेपी झूठी पार्टी है. 2022 में पक्का मकान देने के नाम पर धोखेबाजी की. पीएम आवास के लिए पैसा नहीं दिया. तब अबुआ आवास योजना शुरू करनी पड़ी. सबसे अधिक समय तक बीजेपी का ही शासन रहा लेकिन आदिवासी-मूलवासी के लिए कुछ भी नहीं किया. यहां के बीजेपी सांसद दिल्ली में जाकर यहां के सभ्यता को बचाने के लिए कुछ नहीं बोलते. बल्कि यहां के मूलवासी-आदिवासी को मिटाने में साथ देते हैं. हमारी सरकार ने हर परिवार को सम्मान दिया है. भाजपा ने गठबंधन सरकार की योजना को देखकर हिलाने का काम शुरू कर दिया. हर हाल में एचइसी को बचाएंगे. राज्य की निजी कंपनियों में 75 फीसदी स्थानीय को नौकरी देने के लिए कानून बनाया गया है. आगे भी गठबंधन की सरकार बनेगी. लोकसभा चुनाव में गठबंधन सभी सीटों पर जीत दर्ज करेगा.

**'इंडिया' के नेताओं ने कहा**

- भगवान राम को बेच रही है बीजेपी
- तुम तो धोखेबाज हो वादा कर भूल जाते हो
- वोट के लिए आदिवासी को बनाया था राष्ट्रपति
- पीएम नरेंद्र मोदी हैं झूठों के सरदार



रांची के प्रभात तारा मैदान में महारैली के दौरान कल्पना सोरेन से गुफ्तगू करते मल्लिकार्जुन खरगे.

तबीयत खराब होने की वजह से नहीं पहुंचे राहुल गांधी




मंच पर हेमंत सोरेन और अरविंद केजरीवाल के लिए रखी खाली कुर्सियां. बगल में गुरुजी शिबू सोरेन. फोटो। रमीज

### मुसीबत में है जम्मू-कश्मीर: फारूख



नेशनल कांफ्रेंस के फारूख अब्दुल्ला ने कहा कि जम्मू कश्मीर मुसीबत में है. एक तरफ चीन हमारी जमीन में है तो दूसरी तरफ पाकिस्तान है. भाजपा कहती है कि चीन हमारी जमीन पर नहीं आया है. न मैं पाकिस्तानी हूं न ही बांग्लादेशी मैं हिन्दुस्तानी हूं. भारत को जोड़ना है तो इक्कट्ठे रहना होगा. भारत रंगों से भरा पड़ा है, इन रंगों को जोड़ने के लिए बाबा साहेब ने संविधान बनाया. उन्होंने कहा कि बीजेपी भगवान राम को बेच रही है. मैं बोलता हूं कि राम सभी के हैं. भाजपा कहती है कि धारा 370 हटा दिए. मैं बोलता हूं कि कश्मीर के लोगों ने ही कश्मीर को बनाया. इंडिया को वोट दें तभी भारत बच सकता है.

### सबसे ज्यादा चंदा बीजेपी ने वसूला: अखिलेश



सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने कहा, इलेक्टोरल बॉण्ड से बीजेपी घबराई हुई हैं. सबसे ज्यादा बीजेपी ने ही चंदा वसूला है. जिन लोगों ने देश को 10 साल पीछे किया उनकी विदाई भी धूमधाम से होनी चाहिए. बीजेपी को 400 पार का भरोसा है, तो अन्याय क्यों कर रहे हैं. ये चुनाव हार चुके हैं. जब अखाड़े में पहलवान हारने लगा है तो तरह-तरह के हथकंडे अपनाता है. भाजपा ने शेर को गिरफ्तार किया है, दहाड़ को नहीं. बीजेपी के हर फैसले से नौकरी छीनी जा रही है. इंडिया संविधान बचाने की गारंटी देना चाहती है. झारखंड लोग नहीं डरे. आपका एक-एक वोट बीजेपी के खिलाफ पड़े यह सुनिश्चित करें.

### यह देश किसी के बाप की जागीर नहीं: मान



पंजाब के सीएम भगवंत मान ने कहा कि यह देश किसी के बाप की जागीर नहीं है. बेहतर काम करने वालों को जेल में डाल दिया गया है. लेकिन उनकी सोच को कहां कैद करेंगे. अगर हेमंत और केजरीवाल को जेल में डाल दिया, तो फिर डर क्यों रहे हैं. छह महीने बाद भी सांसद संजय सिंह के खिलाफ ईडी को कोई सबूत नहीं मिला. हेमंत सोरेन और अरविंद केजरीवाल लोकप्रिय नेता हैं. ये जहां जाते हैं भाजपा का सूपड़ा साफ हो जाता है. उन्होंने कहा कि जेल का ताला टूटेगा, हेमंत केजरीवाल छूटेगा.

### कल्पना ने पढ़ा हेमंत का संदेश



पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने हेमंत सोरेन का पत्र पढ़ा. जिसमें हेमंत सोरेन ने कहा है कि आजादी के बाद सीएम सहित मंत्रियों को सुनियोजित तरीके से जेल में डाला जा रहा है. देश विषम परिस्थितियों से गुजर रहा है. गैर भाजपा सरकार को परेशान किया जा रहा है. आज मुझे बंदी पत्र के माध्यम से संदेश भेजना पड़ रहा है. देश के लोगों का आंखों में धूल झोकी जा रही है. चुनाव में केंद्रीय एजेंसियों का दुरूपयोग किया जा रहा है. अपना हक मांगने से जेल में डाल दिया जाता है. केंद्र सरकार ने पूरे देश को ठगा और लूटा है. परिसीमन को भी टाल दिया गया. केंद्र सरकार के नए-नए कानून से आदिवासी क्षेत्र प्रभावित हो रहे हैं. केंद्र की सोच आदिवासी, दलित और पिछड़ा विरोधी है. मणिपुर जल रहा है पर केंद्र सरकार चुप है. सभी शिड्यूल एरिया में केंद्र की गिद्ध नजर है. 2024 में अगर एनडीए जीती है तो देश के लिए बड़ा खतरा होगा. हक और अधिकार के लिए मजबूती से लड़ेंगे और जीतेंगे भी

**मंच पर कब कौन पहुंचा**

- दोपहर- **2 :23 बजे-** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन
- **2 : 37 बजे-** यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव
- **2 : 38 बजे-** शिवसेना नेत्री- प्रियंका चतुर्वेदी
- **2 : 45 बजे-** सुनिता केजरीवाल, भगवंत मान सिंह और संजय सिंह
- **2 : 50 बजे-** फारूख अब्दुल्ला
- **2 : 52-** तेजस्वी यादव
- **3 : 00 बजे :** शिबू सोरेन

### तुम तो धोखेबाज हो वादा कर भूल जाते हो: तेजस्वी



तेजस्वी ने गीत गाकर भाजपा पर हमला बोला. कहा कि तुम तो धोखेबाज हो, वादा कर भूल जाते हो.... कहा कि हमारा कोई नेता बीजेपी की गीदड़भभकी से डरने वाला नहीं है. भगवान कष्ण का जन्म जेल में ही हुआ था. मोदी ने गरीबी महंगाई बढ़ा दी. हर साल दो करोड़ को नौकरी और 15 लाख खाते में आने का झूठा वादा किया. बीजेपी के खाते में चंदे का पैसा आ गया. बीजेपी का मतलब बड़का झूठा पार्टी है. मोदी गड़बड़ा गए हैं. इंडिया से डरे हैं. झारखंड, बिहार और यूपी एक साथ लड़ेंगे तो बीजेपी सत्ता में नहीं आएगी.

### मिटा देंगे तानाशाही को: सुनीता केजरीवाल



दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता ने कहा कि तानाशाही को मिटा देंगे. लड़ेंगे भी और जीतेंगे भी. आप ही बताएं कि अरविंद और हेमंत का क्या दोष था. कोई दोष साबित नहीं हुआ, छल और गुंडागर्दी से जेल में डाल दिया गया. ऐसी तानाशाही किसी को देखने के लिए नहीं मिले. मेरे पति के निवाले पर भी नजर रखी जा रही. वे शुगर पीड़ित हैं. 12 साल से इंसुलिन ले रहे है. भाजपा उन्हें मारना चाहती है. मेरे पति ने जेल से संदेश भेजा है. कहा है कि इंडिया को मौका मिलेगा, तो देश को महान बनाएंगे. देश में 24 घंटे बिजली मिलेगी. गरीबों को मुफ्त बिजली दी जाएगी.

### 4 जून को इंडिया की बनेगी सरकार: प्रियंका



शिवशेना उद्धव ठाकरे गुट की नेत्री प्रियंता चतुर्वेदी ने कहा कि बीजेपी झूठे वादे कर रही है. विपक्ष का गला घोंट रही है. जेल के अंदर हो या बाहर बुलंदी से आवाज उठाते रहेंगे. चार जून को इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी. तृणमूल कांग्रेस के नेता विवेक गुप्ता ने कहा कि एक-एक वोट बीजेपी को चोट होगा. झारखंड सरकार के मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि देश परिवर्तन चाहता है. इससे पहले स्टीफन मरांडी ने स्वागत भाषण दिया. धनयवाद ज्ञापन कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने किया. कार्यक्रम की अध्यक्षता झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन ने की.

# क्या चिंताजनक बन गया है सिविल सेवा परीक्षा का हिंदी माध्यम?

अविनाश शरण

सिविल सेवा परीक्षा में हिंदी माध्यम की वर्तमान स्थिति वास्तव में चिन्ताजनक बन गई है. पिछले कुछ वर्षों में प्रत्येक वर्ष इस प्रकार के परिणाम देख दुखी होता हूं. पर, इस प्रकार का परिणाम देख यह प्रश्न मन में आया कि क्या हिंदी माध्यम के उम्मीदवारों ने पढ़ना ही छोड़ दिया है? या इनकी योग्यता में कुछ कमी आ गई है? कई वर्षों से एक ही तर्क सुनता आ रहा हूं कि परीक्षा प्रणाली में आये परिवर्तन हिंदी माध्यम के लिए बने नकारात्मक वातावरण के लिए जिम्मेदार हैं.

शुरू में तो अवश्य लगा था कि यह परिवर्तन शायद हिंदी माध्यम के उम्मीदवारों के लिए कुछ कठिनाई प्रस्तुत कर सकते हैं. पर, हम जब सफलता की आशा के साथ इस ओर आते हैं, तो हर चुनौती का सामना करने का मन बना कर आते हैं. यदि मैं यह तर्क सुनता हूं कि संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) का रुख हिंदी माध्यम के प्रति भेदभावपूर्ण है तो यह बात एकदम गलत है.

### हम कौन होते हैं परीक्षा-प्रणाली पर कटाक्ष करने वाले

यूपीएससी ने आपके लिए एक प्रारूप प्रस्तुत किया है, जिसका सभी उम्मीदवारों को अनुसरण करना है. पाठ्यक्रम की निर्धारित सीमाएं भी सभी उम्मीदवारों के लिए समान हैं तो फिर भाषा के आधार पर भेदभाव का प्रश्न ही नहीं उठता. चाहे कोई भी कुछ भी कहता रहे पर सत्य यह है कि हिंदी माध्यम के उम्मीदवार परीक्षा के पहले चरण प्रारम्भिक परीक्षा पार कर पाने में असफल हो रहे हैं. यह मेरा मत नहीं वरन संघ लोक सेवा आयोग के आंकड़े बोल रहे हैं. जब कोई कहता है कि हिंदी माध्यम के उम्मीदवारों को साक्षात्कार में कम अंक मिलते हैं तो भी मान लें, पर पहले आप साक्षात्कार स्तर तक पहुंचे तो सही. पर वहां भी आपके व्यक्तित्व के मूल्यांकन के आधार हैं और इस बारे में हम फिर कभी बात कर सकते हैं. ऐसे में कोई यह कहे कि प्रारम्भिक परीक्षा के स्तर पर संघ लोक सेवा आयोग पक्षपात करता है तो यह समझ से बाहर है. यहां तो कोई भाषा लिखनी नहीं, केवल सही विकल्प चिन्हित करने हैं. फिर, प्रारम्भिक परीक्षा के स्तर पर सामान्य अध्ययन प्रश्न-पत्र 1 लगभग वही है, जो वर्ष 2011 में आये परिवर्तन से पहले था. मैं समझता हूं कि सामान्य अध्ययन प्रश्न-पत्र 2 क्वालीफाइंग हो जाने के बाद तो हिंदी माध्यम के उम्मीदवारों के लिए प्रारम्भिक परीक्षा आपेक्षाकृत आसान हो गई है. हां, मैं यह अवश्य मानता हूं कि प्रारम्भिक परीक्षा के सामान्य अध्ययन प्रश्न-पत्र में हिंदी अनुवाद को ले कुछ कठिनाई हो सकती है पर यह ऐसी रुकावट नहीं जिसके लिए आप अपने को तैयार न कर सकें. प्रारम्भिक परीक्षा में सामान्य अध्ययन प्रश्न-पत्र 1 के प्रमुख अवयव जैसे इतिहास, राजव्यवस्था, भूगोल, अर्थव्यवस्था आदि हम हिंदी माध्यम के उम्मीदवारों के सबल पक्ष रहे हैं और अपने मजबूत पक्षों का सही उहयोग न कर पाना हमारी कमजोरी को उजागर कर रहा है. और इसके लिए किसी को दोष देना उचित नहीं. यह समय है कि आप कोचिंग और खासकर मुखर्जी नगर के नकारात्मक माहौल से दूर रहें और सकारात्मक लोगों के सम्पर्क में आने का प्रयास करें.




### प्रारंभिक परीक्षा के लिए मूलमंत्र

1. आपके पास लगभग 55 दिन का समय बचा है, इसमें आप परीक्षा के लिए ज्यादा से ज्यादा अभ्यास करें
2. **मॉक-टेस्ट हल करें और अपनी कमियों को सुधारने का प्रयत्न करें**
3. ध्यान रहे आप जब भी प्रश्न पढ़ें, उसको अंग्रेजी में भी पढ़ें जिससे क्या पूछा जा रहा है स्पष्ट समझ आ सके. इस अभ्यास का फायदा आपको परीक्षा-भवन में नज़र आएगा और यदि किसी प्रश्न में हिंदी अनुवाद को ले कोई दिक्कत होगी तो आप अंग्रेजी में प्रश्न पढ़ समझ सकेंगे और अपनी समझ के अनुसार सही विकल्प का चयन कर सकेंगे.
4. **आप सामान्य अध्ययन प्रश्न-पत्र को क्वालीफाइंग हो जाने के कारण हल्के में न लें. जरा-सी लापरवाही आपकी मेहनत पर पानी फेर सकती है, इसलिए निरन्तर अभ्यास के साथ अपने आप को आगामी परीक्षा के लिए तैयार करें और सफलता के साथ अगले स्तर मुख्य परीक्षा में शामिल होने की पात्रता पायें.**

**(नोट : लेखक 2009 बैच के छत्तीसगढ़ कैडर के आइएएस हैं और यह लेख उनके एक्स एकाउंट से लिया गया है.)**

# रेलवे को बचाना है, तो मोदी को हटाना होगा : राहुल गांधी

एजेंसी। नयी दिल्ली



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को आरोप लगाया कि भाजपा नीत केंद्र सरकार रेलवे को अयोग्य साबित करना चाहती है ताकि उसे इसे अपने मित्रों को बेचने का बहाना मिल सके. उन्होंने लोगों से आम आदमी की सवारी को बचाने के लिए मोदी सरकार को हटाने का अनुरोध किया. राहुल गांधी ने सरकार पर निशाना साधने के लिए एक्स पर एक वीडियो साझा किया जिसमें लोग ट्रेन के शौचालयों में और फर्श पर बैठकर यात्रा करते हुए दिखाई दे रहे हैं. उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, नरेंद्र मोदी के राज में रेल का सफर सजा बन गया है. आम आदमी की ट्रेनों से जनरल डिब्बे कम कर सिर्फ एलीट ट्रेनों का प्रचार कर रही मोदी सरकार में हर वर्ग का यात्री प्रताड़ित हो रहा है. उन्होंने दावा किया कि लोग कन्फर्म टिकट लेकर भी अपनी सीट पर चैन से बैठ नहीं पा रहे, आम आदमी जमीन पर और शौचालय में छिप कर यात्रा करने को मजबूर हैं. कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया, मोदी सरकार अपनी नीतियों से रेल को कमजोर कर अयोग्य साबित करना चाहती है, ताकि उसे अपने मित्रों को बेचने का बहाना मिल सके. राहुल गांधी ने कहा कि अगर आम आदमी की सवारी को बचाना है, तो रेलवे को बर्बाद करने में जुटे नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार को हटाना होगा.

## युवाओं, किसानों, महिलाओं, आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों और बुद्धिजीवियों से संवाद में जुटे भाजपा के मोर्चा

# भाजपा के सात मोर्चा ने झारखंड में झोंकी ताकत, डोर टू डोर कैंपेन शुरू

■ **लोस और विस स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है**

**सत्य शरण मिश्रा। रांची**

लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा के सभी सात मोर्चों ने अपनी ताकत झोंक दी है. झारखंड की सभी 14 लोकसभा सीटों पर पार्टी प्रत्याशियों को जिताने के लिए विभिन्न मोर्चा के कार्यकर्ता भीषण गर्मी में पसीना बहा रहे हैं. समाज के हर वर्ग को साधने के लिए अलग-अलग कार्यक्रम के जरिये पार्टी के पक्ष में वोट जुटाने की कोशिश में लगे हैं. लोकसभा और विधानसभा स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है. युवाओं, किसानों, महिलाओं, आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों और बुद्धिजीवियों से संवाद के साथ-साथ डोर टू डोर कैंपेन भी शुरू हो चुका है.




### प्रगतिशील किसानों का होगा सम्मेलन

भाजपा किसान मोर्चा ने सभी लोकसभा क्षेत्र में किसानों से संपर्क बढ़ा दिया है. मोर्चा की ग्राम संपर्क यात्रा समाप्त हो चुकी है. इस यात्रा में मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने किसानों को यह बताया कि मोदी सरकार ने किसानों के हित में कई योजनाएं शुरू की हैं. किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाया है. मोर्चा के सभी लोकसभा प्रभारी लगातार बैठकें कर रहे हैं. प्रत्याशियों के नामांकन के बाद मोर्चा प्रगतिशील किसानों का सम्मेलन आयोजित करेगा.

### सम्मेलन के जरिये आदिवासियों को साधेगा मोर्चा

झारखंड की 14 लोकसभा सीटों में से पांच सीटें अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं. 2019 के चुनाव में इनमें से दो सीटों चाईबासा और राजमहल में भाजपा की हार हुई थी. अब 2024 के चुनाव में इन दोनों सीटों समेत सभी लोकसभा क्षेत्रों में भाजपा एसटी मोर्चा ने अपनी गतिविधियां तेज कर दी हैं. आदिवासी समुदाय के लोगों से संपर्क बढ़ाया है. वहीं, 25 अप्रैल से जनजाति सम्मेलन के जरिये सभी लोकसभा क्षेत्रों में आदिवासियों को साधने की कवायद शुरू होगी.

### 80% एससी वोट भाजपा को दिलाने का लक्ष्य

भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा ने सभी लोकसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव अभियान तेज कर दिया है. मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष किशुन कुमार दास खुद सभी लोकसभा क्षेत्रों में तीन-तीन दिन प्रवास कर रहे हैं. हर लोकसभा क्षेत्र में मोर्चा के प्रभारी बना दिये गये हैं. बैठकों का दौर जारी है. हर लोकसभा क्षेत्र से अनुसूचित जाति का 80 फीसदी वोट भाजपा के पक्ष में जाए, इसी लक्ष्य को लेकर काम किया जा रहा है.

### युवा चौपाल से नौजवानों तक पहुंचने की कवायद

भाजपा युवा मोर्चा राज्य की सभी पंचायतों में युवा चौपाल लगा कर युवाओं को भाजपा की ओर खींचने की कोशिश कर रहा है. पिछले एक महीने से यह कार्यक्रम चल रहा है. मोर्चा युवाओं को यह बता रहा है कि झामुमो की सरकार ने युवाओं को नौकरी, बेरोजगारी भत्ता के नाम पर ठगा है. मोर्चा के कार्यकर्ता फर्स्ट टाइम वोटर्स से भी संपर्क कर उन्हें अपने सम्मेलनों में लाने की कोशिश कर रहे हैं. मोर्चा की ओर से हर जिले में बाइक रैली भी निकाली जाएगी.

### छात्रावासों के संपर्क में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा

भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा तीन कार्यक्रमों के जरिये युवाओं और पिछड़ों को साधने की कोशिश में लगा है. सभी लोकसभा क्षेत्र में सामाजिक सम्मेलन के साथ-साथ सभी विधानसभा क्षेत्रों में युवा संवाद और छात्रावास संपर्क अभियान चलाया जा रहा है. 33 विधानसभा क्षेत्रों में सामाजिक सम्मेलन संपन्न हो चुका है. छात्रावास जनसंपर्क के तहत मोर्चा के कार्यकर्ता अपने क्षेत्र में पड़नेवाले सभी छात्रावासों में जाकर युवाओं से मिल रहे हैं और उन्हें कार्यक्रमों की जानकारी दे रहे हैं.

### एसएजी, एनजीओ के बीच पहुंच रहीं हैं महिलाएं

भाजपा महिला मोर्चा महिलाओं के बीच भाजपा की बेहतर नीतियों को लेकर पहुंच रही है. मोर्चा मुख्य रूप से महिला संपर्क अभियान चला रहा है. इसके तहत मोर्चा की सदस्य गांव-गांव और बस्ती-बस्ती पहुंच रही हैं. जिला से बूथ स्तर तक बैठकों का आयोजन किया जा रहा है. स्वयंसेवी समूह की महिलाएं, एनजीओ और केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों से मिल कर उन्हें साधने की कोशिश चल रही है. महिला मोर्चा की ओर से जल्द ही बड़े सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा.

### अल्पसंख्यक मोर्चा का 21 विधानसभा क्षेत्रों में फोकस

प्रदेश के अल्पसंख्यक वोटरों के बीच भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा पार्टी को मजबूत करने की कोशिश कर रहा है. राज्य के 21 विधानसभा क्षेत्रों में मुस्लिम समुदाय की आबादी अधिक है. इसे देखते हुए मोर्चा ने अपनी रणनीति बनाई है. पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता राजमहल, चतरा, गोड्डा समेत सभी 21 विधानसभा क्षेत्रों में प्रवास कर रहे हैं. अल्पसंख्यकों से संवाद, सम्मेलन और डोर टू डोर कैंपेन भी जल्द शुरू होने वाला है.

---

## ब्रीफ खबरें

### उलगुलान रैली से 'इंडी' के बड़े नेताओं ने दूरी बनाई : जदयू

**रांची।** जदयू के प्रदेश प्रवक्ता सागर कुमार ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के उलगुलान न्याय महारैली में राहुल गांधी, ममता बनर्जी, शरद पवार सहित ''इंडी'' के कई बड़े नेता शामिल नहीं हुए. कई दलों ने अपने प्रतिनिधि भेज महज़ शिष्टाचार पूरा किया. उन्होंने कहा कि अपने – अपने राज्यों में भ्रष्टाचार के चाणक्य की उपाधि पाने वाले न्याय माँग रहे हैं. मंच में सभी साथ नज़र आ रहे मगर चुनाव में एक दूसरे को पटखनी देने में लगे है. रैली झारखंड के मतदाताओं पर बेअसर.

### सात ग्राम ब्राउन शुगर के साथ एक गिरफ्तार



**रांची।** ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री कर रहे युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. रविवार को कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सुखदेवनगर थाना क्षेत्र स्थित इरगु टोली से प्रदीप कुमार को गिरफ्तार किया है. उसके पास से सात ग्राम ब्राउन शुगर समेत कई अन्य सामान बरामद किये हैं. गौरतलब है कि कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए के नेतृत्व में पिछले कई दिनों से ब्राउन शुगर कारोबार के खिलाफ पुलिस लगातार अभियान चला रही है. इस क्रम में 20 से अधिक ड्रग पैडलर्स को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है.

### बिरसा कारा में जेल अदालत, दो कैदी रिहा



**रांची।** झालसा के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा रविवार को बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार में जेल अदालत का आयोजन किया गया. मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कृष्णकांत मिश्रा की अध्यक्षता में लगी. जेल अदालत में नौ बंदियों का आवेदन समर्पित किया गया था. इनमें से दो बंदी आनंद कच्छप और धनंजय तिर्की को जेल अदालत का लाभ देते हुए रिहा किया गया.

---

## राज्य स्तर पर चैंबर ऑफ कॉमर्स को सशक्त बनाने का निर्णय

# चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की कस्टोडियन कमेटी की बैठक

**संवाददाता। रांची**

फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की कस्टोडियन कमेटी की बैठक होटल कैपिटल हिल में पूर्व अध्यक्ष आरके सरावगी की अध्यक्षता में हुई. चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री और महासचिव परेश गट्टानी ने चैंबर की गतिविधियों पर चर्चा करते हुए भावी योजनाओं से अवगत कराया. राज्यस्तर पर चैंबर को सशक्त बनाने के साथ ही क्षेत्रीय उपाध्यक्ष की सहभागिता से जिला चैंबर ऑफ कॉमर्स और संबद्ध संस्थाओं को चैंबर के कार्यकलापों में सहभागी बनाने पर भी सदस्यों द्वारा जोर दिया गया. कहा गया कि जिला स्तर पर दौरा करने और फेडरेशन की उपस्थिति से व्यापारियों का मनोबल बढ़ता है. चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी फेडरेशन द्वारा राज्यस्तर पर गतिविधियां चलायी जा रही हैं. इस क्रम में चैंबर की कार्यकारिणी समिति की अगली बैठक 27 अप्रैल को नेतरहाट में करने की घोषणा की गयी है. इसमें रांची के अलावा पलामू, गुमला, लोहरदगा के व्यापारी शामिल होंगे.



### चैंबर भवन के रखरखाव के लिए कमेटी बनी

चैंबर भवन के रखरखाव, अव्यवस्थित जेनरेटर को सुव्यवस्थित बनाने और पूरे पैसेज को साफ सुथरा रखने के लिए पूर्व अध्यक्ष ललित केडिया के नेतृत्व में कमेटी का गठन किया गया. भवन में नया लिफ्ट लगाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया, जिसके लिए पूर्व अध्यक्ष पवन शर्मा को अधिकृत किया गया. इसी तरह चैंबर भवन के ग्राउंड फ्लोर और कार्यालय वाले फ्लोर का सौंदर्यीकरण करने के साथ ही पहले तल्ले पर 12 केबिन बनाने का निर्णय लिया गया. केबिन से संबंधित प्रारूप बनाकर संबद्ध संस्थाओं के बीच प्रचारित-प्रसारित करने का निर्णय लिया गया. जब तय हो जाए, उसके बाद बनाने की सहमति समिति द्वारा दी गयी.

**समिति के सदस्यों ने सराहना की :** चैंबर को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में वर्तमान टीम द्वारा की जा रही पहल की समिति के सदस्यों ने सराहना की. इसे और सशक्त बनाने के साथ बेहतरी के लिए भी सदस्यों ने सुझाव दिये. महासचिव परेश गट्टानी ने चैंबर की बेहतरी के लिए कस्टोडियन कमेटी की बैठक को अहम बताते हुए सभी पूर्व अध्यक्ष का आभार जताया. कहा कि कमेटी के निर्देशानुसार हमारी कार्यकारिणी समिति हरसंभव कार्रवाई के लिए प्रतिबद्ध है. बैठक में पूर्व अध्यक्ष आरके सरावगी, केके साबू, ललित केडिया, महेश पोद्दार, गिरीश मल्होत्रा, मनोज नरेडी, रंजीत टिबड़ेवाल, विकास सिंह, पवन शर्मा, रंजीत गाड़ोदिया, कुणाल अजमानी आदि शामिल थे.

---

## रांची, खूंटी, सिमडेगा के लोगों को मिला हज प्रशिक्षण

# 1700 लोग जाएंगे हज यात्रा पर

**संवाददाता। रांची**

झारखंड में आजमीन- ए -हज 2024 आगामी 10 मई से प्रारंभ होगा. इस वर्ष झारखंड से करीब 1700 लोग हज यात्रा पर जायेंगे. इसे लेकर झारखंड हज कमेटी ने तैयारी शुरू कर दी है. झारखंड राज्य हज कमेटी की ओर से कडरू हज हाऊस में रविवार को हज पर जाने वाले महिला-पुरुष यात्रियों को ट्रेनिंग दी गई. प्रशिक्षण लेनेवालों में रांची, खूंटी व सिमडेगा के लोग शामिल थे. ट्रेनर मुफ्ती मो. अनवर कासमी, मुफ्ती सलमान कासमी, मौलान शफीक अलयावी, मुफ्ती फैजुल्लाह मिसबाही, मौलाना मंजूर कासमी, एजाजुल हसन सिद्दीकी व नयाब जेबा ने हज यात्रियो को ट्रेनिंग दी. हज से जुड़ी हर छोटी बड़ी जानकारी दी गई. बहुत संख्या में महिला-पुरुष हज यात्रियों ने ट्रेनिंग लेकर जानकारी ली. झारखंड राज्य हज कमेटी के सीईओ ने बताया कि 21 अप्रैल से शुरू हो कर 30 अप्रैल तक राज्य के विभिन्न जिलों में हज की ट्रेनिंग दी जायेगी.



बता दें कि झारखंड के लोग कोलकाता, दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद, गया से हज के लिए उड़ान भरेंगे. 10 मई से हज का मुकद्दस सफर शुरू हो जायेगा. संभवतः 22 मई तक झारखंड के हज यात्री उड़ान भरेंगे, किस जिला के लोग किस दिन जायेंगे, इसे लेकर अभी शेड्यूल नहीं आया है. किंतु बहुत जल्द शेड्यूल आ जायेगा. उन्होंने कहा कि ट्रेनिंग बहुत ही जरूरी है, इससे हज यात्रियों को बहुत लाभ मिलता है, हज ट्रेनर मुफ्ती अनवर कासमी, मुफ्ती सलमान कासमी, मौलाना मंजूर आदि ने हज यात्रियों को जाने से लेकर आने तक के सफर की पूरी जानकारी दी. मौके पर मो खुर्शीद, मो नासिर, डॉ. असलम परवेज, शाह उमैर, डीआईजी नौशाद आलम, सुडडू, मो लतीफ आलम, इमाम अहमद, जाहिद इकबाल, अरशद आदि मौजूद थे.

## झालसा का राज्यस्तरीय कार्यक्रम, हाईकोर्ट के कई जज शामिल

# कानूनी सहायता अभियान का शुभारंभ

**रांची।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में रविवार को झालसा सभागार में झारखंड के एलएडीसी का प्रथम राज्य स्तरीय कार्यक्रम हुआ. इसका उद्घाटन न्यायमूर्ति झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश एवं झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष सुजीत नारायण प्रसाद, न्यायमूर्ति आनंद सेन, न्यायमूर्ति डॉ एसएन पाठक, न्यायमूर्ति संजय कुमार द्विवेदी, न्यायमूर्ति दीपक रोशन एवं न्यायमूर्ति प्रदीप कुमार श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया. इस अवसर पर वृद्धाश्रम के कैदियों को कानूनी सहायता प्रदान करने के लिए छह सप्ताह लंबे अभियान और झारखंड की जेलों में बंद गर्भवती महिला कैदियों को कानूनी सहायता प्रदान करने की कार्ययोजना का शुभारंभ किया. कार्यक्रम में झारखंड के सभी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव और झारखंड के सभी प्रमुख एलएडीसी और उप प्रमुख एलएडीसी ने भाग लिया. इस अवसर पर न्यायाधीश आनंद सेन ने कहा कि प्रत्येक जिले के एलएडीसी और डीएलएसए न्याय और वंचितों के बीच के अंतर को पाट सकते हैं.

---

## 18 राज्यों से आये युवा प्रोफेशनल्स से रू-ब-रू हुए सुदेश महतो, कहा-

# पढ़ाई, दवाई व न्याय मूल एजेंडा

**संवाददाता। रांची**

स्कूल ऑफ पॉलिटिक्स संस्थान के इलेक्शन ऑन व्हील्स कार्यक्रम के तहत देश भर के अलग-अलग राज्यों से युवाओं का दल रविवार को रांची पहुंचा. इस क्रम में युवाओं ने हरमू स्थित आजसू पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश महतो से मुलाकात की. इस दौरान सुदेश ने राज्य को विकसित बनाने के रोडमैप और झारखंड के गौरवशाली इतिहास पर चर्चा की. 18 राज्यों से आये विभिन्न प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थाओं से जुड़े युवा प्रोफेशनल्स से बातचीत के सत्र में युवाओं ने राज्य के राजनीतिक परिदृश्य, पार्टी के गठन के साथ-साथ राजनीति और झारखंड आंदोलन से जुड़े विषयों पर सुदेश महतो से सवाल पूछे. सुदेश ने अपने राजनीतिक जीवन पर कहा कि अस्तित्व, भाषा, विचार, कला व संस्कृति की हिफाजत के लिए अलग राज्य की लड़ाई में शामिल हुआ. फिर जनता के विश्वास के साथ चुनाव में जीत हासिल की. उन्होंने कहा कि उनने राजनीतिक सफर और संघर्ष के विभिन्न पहलुओं के केंद्र में जनसेवा रही. आजसू सुप्रीमो ने आगे कहा कि जिज्ञासा से राजनीति के स्तर में अंतर लाना संभव है. विकास के मानकों पर झारखंड को देश में शीर्ष पांच राज्यों में शुमार करने की दिशा में काम करना है. झारखंड में पर्यटन के क्षेत्र में असीमित संभावनाएं है. अपने लोगों के पलायन को रोकना, रोजगार के अन्य विकल्प तैयार करना, साल भर खेती की तैयारी, राज्य को उसकी हैसियत पर खड़ा करना ही हमारा लक्ष्य है. यह भी कहा कि पढ़ाई, दवाई और न्याय हमारा मूल एजेंडा है. सुदेश महतो ने सिल्ली के विकास को देखने के लिए सभी युवाओं को सिल्ली आने का निमंत्रण भी दिया.



**संवाद सत्र**

- इलेक्शन ऑन व्हील्स में युवाओं से किया संवाद
- झारखंड को विकास मानकों पर शीर्ष पर पहुंचाने का लक्ष्य

---

## राज्य व जिला स्तरीय कमेटी के गठन की जिम्मेवारी सौंपी गयी

# आलोक दुबे दोबारा चुने गये प्रदेश पासवा अध्यक्ष

- राज्य स्तर पर प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन होगा

**संवाददाता। रांची**

प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन (पासवा) की प्रदेश कार्यसमिति एवं जिला अध्यक्षों की महत्वपूर्ण बैठक आलोक कुमार दुबे की अध्यक्षता में हिनू के एक होटल में हुई. बैठक में झारखंड के 24 जिलों से जिला अध्यक्ष, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, विशिष्ट आमंत्रित सदस्य बड़ी संख्या में शामिल हुए. सभी ने ध्वनि मत से आलोक कुमार दुबे को एक बार फिर झारखंड पासवा का प्रदेश अध्यक्ष चुन लिया. साथ ही उन्हें राज्य और जिला स्तरीय कमेटी का नये सिरे से गठन करने के लिए अधिकृत किया. दुबे राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद से विचार-विमर्श कर कार्यकारिणी का गठन करेंगे.



### आरटीई 2019 निरस्त करने की बनेगी रणनीति

बैठक में सर्वसम्मति से संशोधित आरटीई कानून 2019 को निरस्त करने के लिए रणनीति बनाने पर सहमति बनी. फिलहाल चुनाव आचार संहिता लागू है, इसलिए चुनाव के बाद पासवा इस मुद्दे पर रणनीति बनाएगी, तब तक प्रत्येक जिला में संगठन का विस्तार किया जाएगा. निर्णय लिया गया है कि सीबीएसई व आईसीएसई बोर्ड के 10वीं एवं 12वीं के रिजल्ट जारी होने के बाद हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पासवा राज्य स्तरीय छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित करेगी. इसके बाद झारखंड के सभी जिलों में जिला स्तरीय छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा. पासवा ने भीषण गर्मी को देखते हुए विद्यालय की समयसारिणी में परिवर्तन के लिए शिक्षा विभाग को धन्यवाद दिया. बैठक का संचालन पासवा के पूर्व प्रदेश महासचिव नीरज सहाय ने किया.

### उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा: दुबे

पासवा का प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित होने बाद मीडिया से बात करते हुए आलोक दुबे ने राज्य के निजी स्कूल प्रबंधन द्वारा उनपर भरोसा जताने के लिए आभार प्रकट किया. कहा कि निजी स्कूलों की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे. उन्होंने यह भी कहा कि 2019 आरटीई संशोधन कानून निरस्त करने की मांग को लेकर चलाये जा रहे अभियान में थोड़ी शिथिलता आ गई थी, लेकिन अब एक बार फिर नए सिरे से इस कानून को निरस्त करने की मांग जोरदार तरीके से उठाई जाएगी. निजी विद्यालय एक तरफ सीमित संसाधनों में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करते हैं, तो वहीं दूसरी ओर देश में सबसे बड़े रोजगार देनेवाले संस्थान हैं. स्कूलों के संचालन के लिए देश में एक कानून बना हुआ है, जिसका पालन झारखंड में भी होना चाहिए.

---

**मौसम**

## अगले दो दिनों में रांची समेत राज्य के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश की संभावना

# भीषण गर्मी में तप रहा झारखंड, कल हो सकती है बारिश

**संवाददाता। रांची**

झारखंड में सूरज आग उगल रहा है. अप्रैल की गर्मी का रिकॉर्ड पहले ही टूट चुका है. सोमवार से गर्मी से थोड़ी राहत मिल सकती है. मौसम विभाग के अनुसार, सोमवार को राज्य के दक्षिणी भागो में कहीं-कहीं हल्की वर्षा होने की संभावना है. वहीं मंगलवार को राजधानी रांची समेत राज्य के दक्षिणी तथा निकटतर्ती मध्य भागों में कहीं-कहीं हल्की वर्षा होने की संभावना है.

इस दौरान कहीं-कहीं गर्जन और वज्रपात भी हो सकता है. बारिश के कारण अगले दो दिनों में तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है. इसके बाद अगले दो दिन में पारा दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है. रविवार को पूर्वी सिंहभूम का बहरागोड़ा सबसे गर्म क्षेत्र रहा. बहरागोड़ा में 46 डिग्री, सरायकेला में 44 डिग्री, पाकुड़ में 43.8 डिग्री, गोड्डा में 43.6 डिग्री और जमशेदपुर में अधिकतम तापमान 44.2 डिग्री सेल्सियस रहा. वहीं रांची में 39.4 डिग्री तापमान रहा. पूरे दिन गर्म हवाओं के थपेड़ों से लोग परेशान रहे. पिछले 24 घंटे में राज्य का मौसम शुष्क रहा है. सबसे अधिक उच्चतम तापमान बहारगोरा में 46.4 डिग्री सेल्सियस और सबसे कम न्यूनतम तापमान गोड्डा में 24.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. राज्य के बहारगोरा (पूर्वी सिंहभूम), जमशेदपुर (पूर्वी सिंहभूम), बोकारो थर्मल (बोकारो), चाईबासा (पश्चिमी सिंहभूम), तथा सरायकेला (सरायकेला खरसावां) में हीट वेब की स्थिति देखी गयी.



### 25 अप्रैल को राज्य के कुछ जिलों में चलेगी लू

मौसम विभाग के अनुसा,र 25 अप्रैल को राज्य के कोल्हान प्रमंडल के पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला खरसावां जिलों में लू चल सकती है. इसके अलावा संताल परगना प्रमंडल के देवघर, जामताड़ा, दुमका, पाकुड़, गोड्डा ओर साहिबगंज जिलों में भी कहीं-कहीं लू चल सकती है. इसको लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया गया है.

---

## एनआईए ने किया बड़ा खुलासा

# गैंगस्टर लॉरेंस ने अमन साहू से हाथ मिलाया

**संवाददाता। रांची**

गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और उसके सहयोगियों ने जेल में बंद झारखंड के अमन साहू के गिरोह के साथ गठजोड़ कर लिया है, ताकि गैंग के बिजनेस मॉडल का विस्तार किया जा सके. इस बात का खुलासा लॉरेंस बिश्नोई और अमन साहू के खिलाफ कई मामलों की जांच कर रही राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने किया है. एनआईए ने पिछले साल कई बार लॉरेंस बिश्नोई को हिरासत में लेकर पूछताछ भी की थी.

**तिहाड़ जेल में बिश्नोई के सहयोगियों से हुई थी मुलाकात :** जांच में पता चला है कि अमन साहू और उसके गिरोह के सदस्य भाकपा माओवादी सहित विभिन्न संगठनों को हथियार और गोला-बारूद की सप्लाई करते हैं. वह जेल से ही अपने गिरोह के सदस्यों के माध्यम से काम कर रहा है, जो विभिन्न खनन क्षेत्रों में जबरन वसूली के लिए गोलीबारी और हत्या जैसी घटनाओं का अंजाम देते हैं. तिहाड़ जेल में अमन साहू के एक सहयोगी ने लॉरेंस बिश्नोई के सहयोगियों से मुलाकात भी की थी.

### रंगदारी मांगने वाले ने बिश्नोई व साहू का लिया था नाम

पिछले दिनों साउथ दिल्ली के एक बिजनेसमैन को रंगदारी के लिए फोन आया था और उसने लॉरेंस बिश्नोई और अमन साहू का नाम लिया था. उस संबंध में मालवीय नगर पुलिस स्टेशन में एक प्राथमिकी दर्ज की गयी थी, जिसकी जांच अभी चल रही है. वहीं रोहतक में सट्टेबाज सचिन मुंजाल की हत्या मामले में दो लोगों की पहचान की गयी थी. इसमें उत्तरी दिल्ली के वजीराबाद का रहनेवाला शाहनवाज और जयपुर के सुल्तानिया गांव निवासी सुनील करोलिया का नाम सामने आया था. दोनों को बिहार के मुजफ्फरपुर से तब गिरफ्तार किया गया था, जब वे नेपाल जाने के लिए सीमा पार करने की कोशिश कर रहे थे.

राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार



www.lagatar.in | सोमवार 22 अप्रैल 2024 चैत्र शुक्ल पक्ष 14, संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ● वर्ष : 2, अंक : 14 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

**पर्यावरण संरक्षण की मुहिम :** एक किलोमीटर के दायरे में फैला है बच्चन का साम्राज्य, पाथरडीह में बना रखा है अवैध ईंट भट्ठा

## धनबाद के बेखौफ भट्ठा संचालकों में शुमार है पाथरडीह का बच्चन पंडित

रणजीत कुमार सिंह। धनबाद

धनबाद में अवैध भट्ठा संचालकों में एक से बढ़ कर एक दबंग लोग शामिल हैं, जो दशकों से इस कारोबार में जुड़े हैं. कई लोगों के लिए तो भट्ठा का संचालन अब पुश्तैनी कारोबार में शामिल हो चुका है. इन कारोबारियों में एक नाम है बच्चन पंडित. पाथरडीह के भाटडीह, लालपुल इलाके में इस बच्चन ने पूरा साम्राज्य खड़ा कर रखा है. एक किलोमीटर के दायरे में इसका भट्ठा फैला हुआ है. यहां तक पहुंचना ही टेढ़ी खीर है. हालांकि, लालपुल स्थित उसका भट्ठा कई थानों व ओपी की सीमा पर है. बावजूद इसके कोई भी पुलिसवाला इस पर निगाह नहीं डाल पाता है. ऐसे हाल में उसने पूरी तरह से बेखौफ होकर यहां पर अपना अवैध कारोबार फैला रखा है.

**खास बातें**

- कई थाना-ओपी की सीमा पर बेखौफ चला रहा भट्ठा
- कोई भी पुलिसवाला इसके भट्ठे पर नहीं डाल पाता निगाह



### आदिवासी व सरकारी जमीन पर है ईंट भट्ठा

ये भट्ठा आदिवासी और सरकारी जमीन पर कब्जा कर बनाया गया है. भट्ठे के पास से ही पाथरडीह रेलवे लाइन गुजरी है. साथ ही पूरा इलाका आदिवासी बहुल जमीन वाला है. बच्चन का कहना है कि उसने जमीन को आदिवासी से लीज पर ले रखा है. हालांकि, इलाके के लोग बच्चन की बात से इत्तेफाक नहीं रखते हैं. लोगों का साफ कहना है कि पूरा साम्राज्य रंगदारी पर खड़ा किया गया है.



### जोरिया के पानी का दबंगई से करता है दोहन

बच्चन पंडित का भट्ठा इलाके में बहने वाली एक जोरिया के पानी पर टिका हुआ है. जोरिया के पानी में मोटर पंप लगाकर वह पानी को भट्ठे तक ले जाता है, इस भीषण गर्मी में जो लोग भी जोरिया के पानी का प्रयोग करते हैं, खौफ के मारे बच्चन को कुछ भी नहीं कह पाते हैं. नतीजा ये है कि जोरिया के पानी का दोहन जारी है. गर्मी में भी आम लोगों के लिए जोरिया का पानी मिलना मुश्किल है.

### प्रदूषण व एनओसी की जरूरत नहीं: बच्चन



**बच्चन पंडित** से जब इस भट्ठा संचालन को लेकर पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि जमीन आदिवासी खाते की है और लीज पर ली गई है. लेकिन प्रदूषण व अन्य जरूरी दस्तावेजों के बारे में पूछने पर कहता है कि उसे किसी एनओसी की जरूरत नहीं है. यहां कोई प्रदूषण नहीं होता है.

गडकरी व पीए के खाते से लाखों की ठगी मामला

## धनबाद के महुदा व निरसा से जुड़ रहे तार

महुदा में तफ्तीश कर रही दिल्ली पुलिस की साइबर टीम






संवाददाता। महुदा

नितिन गडकरी व उनके पीए के अकाउंट से लाखों रुपये की साइबर ठगी मामले में शनिवार शाम दिल्ली पुलिस की साइबर सेल टीम महुदा थाना क्षेत्र के कुलटांड पहुंची. ठगी मामले में अप्रत्यक्ष रूप से शामिल दो युवकों से देर शाम तक पूछताछ की गयी. पूछताछ में दोनों युवकों ने टीम को ठग मामले में निरसा क्षेत्र निवासी अजय दास व उनके अन्य सहयोगियों का नाम बताया है.

हालांकि टीम ने नितिन गडकरी व उनके पीए एक आईपीएस अधिकारी के अकाउंट से साइबर क्राइम होने की बात की पुष्टि नहीं की है. लेकिन, टीम के पहुंचने के बाद से ही इस बात की खूब चर्चा हो रही थी. इधर इस मामले में क्राइम में अप्रत्यक्ष रूप से शामिल युवकों ने टीम को जानकारी दी कि अजय दास सहित अन्य से जान पहचान थी, जिसका फायदा उठा कर उनलोगों ने हमलोगों के नाम से बैंक में खाता खुलवाया. कहा कि इन खातों में रुपये आएंगे और इसके एवज में तुम लोगों को कुछ रुपये दिये जायेंगे. इसके बाद वे लोग झांसे में आ गये और बाद में उनके खाते में रुपया भी आया. फिर उनलोगों के साथ में जाकर रुपये निकाले और इसके एवज में उन्हें एक-एक हजार रुपये दिये गये. युवकों ने बताया कि ऐसा तीन-चार बार हुआ, लेकिन हमलोगों का ठगी से कोई लेना देना नहीं है.

**निरसा स्थित आरोपी के आवास पर खोजने पहुंची थी टीम**

पूछताछ के बाद दोनों युवकों को गवाह बना कर इसमें शामिल मुख्य आरोपी अजय दास व अन्य की तलाश में दिल्ली पुलिस की साइबर सेल टीम निरसा स्थित उनके आवास ढूंढ़ने पहुंची थी. हालांकि, टीम के आने की भनक लगते ही अजय दास फरार हो गया. फरार आरोपी के परिजनों को टीम ने कल तक उन्हें उनके हवाले करने की सख्त आदेश दिया. वहीं टीम इसमें शामिल अन्य अभियुक्तों की तलाशी कर रही है. इस सबंध में दिल्ली से आयी टीम ने कुछ भी बताने से परहेज किया. टीम ने सिर्फ इतना ही कहा कि साइबर ठगी से संबंधित मामला था, इसी को लेकर पूछताछ की गई है.

## कांग्रेस ने गोड्डा में प्रत्याशी बदला

- दीपिका की जगह अब प्रदीप यादव उम्मीदवार
- रांची से सुबोधकांत की बेटी यशस्विनी को टिकट

संवाददता। रांची

कांग्रेस ने गोड्डा से अपना उम्मीदवार बदल दिया है. दरअसल, पार्टी में दीपिका पांडेय सिंह को उम्मीदवार बनाये जाने से खासी नाराजगी थी. लगातार प्रत्याशी बदले की मांग हो रही थी. इसी बीच कांग्रेस आलाकमान ने दीपिका पांडेय सिंह का टिकट काट कर प्रदीप यादव को नया उम्मीदवार बनाया है. वहीं पार्टी ने रांची लोकसभा सीट से पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय की बेटी यशस्विनी सहाय को टिकट दिया है. कई दिनों से इसके कयास लगाये जा रहे थे.


यशस्विनी सहाय


प्रदीप यादव

सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट मामले में ढुल्लू की सियासी एंट्री

## भाई ने थाने में दर्ज कराया केस

संवाददाता। धनबाद

लोकसभा चुनाव में धनबाद के भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के बड़े भाई शत्रुघ्न महतो ने सोशल मीडिया पर जाति विशेष के लिए आपत्तिजनक और भड़काऊ टिप्पणी करने वाले एक शख्स रवि कुमार महतो के खिलाफ बरोरा थाना में शिकायत दर्ज करवाया है. शिकायत दर्ज करवा कर आरोपी के खिलाफ सख्त कारवाई की मांग की गई है. शत्रुघ्न महतो के अनुसार बाघमारा विधायक सह भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो की छवि को धूमिल करने और सामाजिक द्वेष को भड़काने के लिए साजिश के तहत उक्त युवक के द्वारा ये पोस्ट किया गया है. शिकायत में आरोपी युवक का मोबाइल नंबर भी बताया गया है.

पुलिस मामले की जांच कर रही है. उधर, सियासी गलियारे में भाई के जरिये ढुल्लू महतो के कूदने को लेकर चर्चा खूब हो रही है. कहा जा रहा है कि इसी बहाने ढुल्लू महतो अपनी राजनीतिक छवि सुधारने में लगे हैं. साथ ही जाति विशेष को अपने पक्ष में साधने की भी एक कोशिश कर रहे हैं.

**खास बातें**

- जाति विशेष के लिए आपत्तिजनक पोस्ट करने का मामला
- ढुल्लू महतो की छवि को धूमिल करने का आरोप

अवैध नशा कारोबार के खिलाफ चाईबासा, चतरा व कतरास में बड़ी कार्रवाई, भारी मात्रा में डोडा, अफीम व गांजा जब्त

## चाईबासा में 3.24 करोड़ का 92 बोरा डोडा बरामद



संवाददाता। किरीबुरु

चाईबासा पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बंदगांव थाना अंतर्गत बरजो गांव में छापेमारी कर भारी मात्रा में डोडा बरामद किया है. पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया कि 20 अप्रैल की रात्रि में गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि बंदगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत अवैध डोडा तस्करी करने के उद्देश्य से इकट्ठा किया गया है. इसके बाद आवश्यक कार्रवाई हेतु उनके द्वारा एएसपी सह चक्रधरपुर एसडीपीओ के नेतृत्व में टीम गठित किया गया. गठित टीम ने रात्रि में सशस्त्र बलों के साथ बंदगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरजो गांव में छापेमारी की.

इस क्रम में कुल 92 बोरा अवैध डोडा बरामद किया गया. इसका कुल वजन 2162 किलो बताया गया है, जिसका बाजार मूल्य लगभग तीन करोड़ 24 लाख 30 हजार रुपये है. इस सदर्भ में बंदगांव थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी है. वहीं, इसमें शामिल तस्करों को चिह्नित करने की अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है.

### डेढ़ करोड़ की अफीम के साथ पिता-पुत्र गिरफ्तार



**चतरा।** अफीम तस्करों के खिलाफ पुलिस ने एक बार फिर बड़ी कार्रवाई की है. जिले के गिद्धौर थाना क्षेत्र अफीम की बड़ी खेप के साथ पिता-पुत्र को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. दरअसल, चतरा एसपी विकास पांडेय को मिली गुप्त सूचना के आधार पर सिमरिया एसडीपीओ के नेतृत्व में एक टीम गठित की गयी. इसके बाद गिद्धौर थाना पुलिस की स्पेशल टीम ने कार्रवाई की. इस क्रम में इलाके के बरली टोला में छापेमारी कर मवेशी शेड में स्टॉक कर रखा 28 किलो अफीम बरामद किया. जब्त अफीम की बाजार में कीमत करीब डेढ़ करोड़ की बतायी जा रही है. पुलिस ने मौके से महेंद्र दांगी और उसके पुत्र दीपेंद्र दांगी को गिरफ्तार किया है. इसके अलावा दो मोबाइल फोन भी जब्त किये गये. बताया जा रहा कि पिता-पुत्र दें अफीम की खेप को तस्करी के लिये बाहर भेजने में जुटे थे.

### महुदा पुलिस ने आठ किलो गांजा के साथ तस्कर को दबोचा



**कतरास/महुदा।** नशे के सौदागरों के खिलाफ शनिवार की रात महुदा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आठ किलो गांजा के साथ एक तस्कर को दबोचा है. बाघमारा डीएसपी आनंद ज्योति मिंज ने रविवार को सिजुआ स्थित कार्यालय में पत्रकार वार्ता कर दी. डीएसपी ने कहा कि पकड़े गए आरोपी के पास से चार प्लास्टिक पैकेट में करीब 8.481 किलो गांजा, एक लाल रंग का टीवीएस अपाची बाइक और एक मोबाइल बरामद किया गया है. उन्होंने कहा कि गुप्त सूचना पर महुदा पुलिस ने कपुरिया की तरफ से आ रही एक बाइक को रोक कर एक तस्कर को पकड़, जबकि दूसरा व्यक्ति अंधेरे व जंगल-झाड़ी का लाभ उठा कर भागने में सफल रहा. पकड़े गये आरोपी की तालाशी में उसके पास से एक बैग में चार पीले प्लास्टिक में अवैध गांजा मिला. उसकी पहचान निरसा थाना क्षेत्र के गुंडुवा निवासी जगन्नाथ रवानी के पुत्र आरोपी गोरंगो रवानी के रूप में की गयी है.

## एक्स पर भाजपा का भ्रष्टाचारी जुटान हैशटैग अभियान शुरू

प्रमुख संवाददाता। रांची

रांची के प्रभात तारा मैदान में इंडी गठबंधन ने उलगुलान रैली निकाली उधर भाजपा ने इस रैली के विरोध में ट्विटर (एक्स) पर भ्रष्टाचारी जुटान हैशटैग अभियान चलाया. भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि इंडी एलायंस की आपसी सिर फुटौव्वल सतह पर आ गयी है. रांची में आयोजित भ्रष्टाचारियों के जुटान ने इंडी एलायंस के बीच कलह की पोल खोलकर रख दी है. आदिवासी समाज की जमीनों और उनके संसाधनों को लूटने और तबाह करने वालों को उलगुलान जैसे पवित्र शब्द के प्रयोग से बचना चाहिए तथा इतिहास में झांककर इंडी गठबंधन के साथियों को एक बार उलगुलान विद्रोह को फिर से पढ़ा जाना चाहिए.

## बीओआई के 2500 सीएचपी संचालक आज से हड़ताल पर

संवाददाता। पुटकी

बैंक ऑफ इंडिया के 2500 से ज्यादा सीएसपी संचालक आधार कार्ड के माध्यम से जमा-निकासी के शुल्क में वृद्धि के खिलाफ 22 से 24 अप्रैल तक तीन दिवसीय राज्यव्यापी हड़ताल पर रहेंगे. ऑल झारखंड बीसी यूनियन के धनबाद जिला कोषाध्यक्ष त्रिभुवन दास ने कहा कि बीओआई ने सीएसपी से आधार कार्ड के माध्यम से जनधन खाते को छोड़ किसी भी अन्य तरह की निकासी शुल्क में अप्रत्याशित वृद्धि कर दी है.

एक अप्रैल से जमा या निकासी राशि पर 25 रुपये के साथ 18 प्रतिशत जीएसटी लिया जा रहा है. ऐसा नियम अन्य बैंकों में नही हैं. रिजर्व बैंक का भी कोई स्पष्ट निर्देश नहीं है. ऐसे में यह साफ तौर पर बीओआई की मनमानी है. उन्होंने मांग की कि जमा-निकासी शुल्क वृद्धि को बैंक अविलंब वापस ले और एक माह में छह निःशुल्क ट्रांजेक्शन को लागू करे. ऐसे नियम से सीएसपी के ग्राहकों में कमी होगी. वृद्ध, पेंशनधारी, आर्थिक रूप से कमजोर और महिला ग्राहकों को ज्यादा नुकसान होगा. ऐसे में सभी सीएसपी को छोड़ ये लोग बैंक का रूख करेंगे. इससे सीएसपी संचालको को भी आर्थिक नुकसान होगा.

ऐसे में धनबाद के करीब 250 व पूरे राज्य के 2500 सीएसपी संचालक तीन दिनों तक सीएसपी बंद रखेंगे. इस संदर्भ में धनबाद के बैंक ऑफ इंडिया के अधिकारियों से वार्ता भी हुई, जो विफल रही.

**खास बातें**

- जमा निकासी शुल्क में वृद्धि के खिलाफ पनपा आक्रोश
- तीन दिनों तक सीएसपी बंद रखेंगे, मनमानी का आरोप

## नक्सलियों ने वोट बहिष्कार का पोस्टर चस्पा किया

संवाददाता। चाईबासा

पश्चिमी सिंहभूम जिला के मनोहरपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत जराइकेला थाना क्षेत्र के पंचपाहिया-डोमलोई के बीच भाकपा माओवादियों ने वोट बहिष्कार का पोस्टर चिपकाया है. ये पोस्टर पेड़ों व स्थानीय दुकानों की दीवार पर चस्पा किये गये हैं. पोस्टर में लिखा है, "वोट के जरिये केवल सरकार का रंग बदलता है, शोषण-शासन" बंद नहीं होता है. मालूम हो की चाईबासा पुलिस द्वारा लगातार क्षेत्र में नक्सलियों पर नकेल कसने के लिए सर्च अभियान चलाया जा रहा है.



**उपलब्धि** 34वीं राष्ट्रीय सीआईआई कौशल प्रतियोगिता में बजा टाटा स्टील का डंका

## सर्वश्रेष्ठ प्रतिष्ठान बना टाटा स्टील, 38 प्रतिभागी पुरस्कृत

संवाददाता। आदित्यपुर

टाटा स्टील लिमिटेड को 34वीं राष्ट्रीय सीआईआई कौशल प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रतिष्ठान का पुरस्कार मिला है. यह आयोजन 18 अप्रैल से 20 अप्रैल तक दिल्ली में आयोजित हुआ था. इसमें टाटा स्टील से 52 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था, जिनमें से कुल 38 को पुरस्कार मिले हैं. प्रतियोगिता में भाग लेने वाली अन्य कंपनियों में सेल, गोदरेज, टाटा मोटर्स लिमिटेड, टाटा स्टील लिमिटेड, कैटरपिलर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, अंजलि फाउंडेशन, ब्लू स्टार, अमरा राजा मोबिलिटी एंड एनर्जी, क्यूमी, डेमेलर इंडिया कमर्शियल व्हीकल प्राइवेट लिमिटेड, गोदरेज एंड बॉयस मैन्युफैक्चरिंग, डेंसो हरियाणा प्राइवेट लिमिटेड, एल्गी इक्विपमेंट प्राइवेट लिमिटेड, इसुजु मोटर इंडिया, महिंद्रा एंड महिंद्रा, नेस्ले इंडिया, सुब्रोस लिमिटेड, रॉकमैन इंडस्ट्रीज लिमिटेड, टाटा मेटालिक लिमिटेड, टाटा फाउंडेशन लिमिटेड, सेंट गोबेन इंडिया, श्विंग स्टील इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,टाटा हिताची कंस्ट्रक्शन मशीनरी, टाटा यूटिलिटीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड शामिल थे.




### टाटा स्टील की अप्रेंटिस अनुष्का कश्यप को स्वर्ण पदक



**आदित्यपुर।** टाटा स्टील की अप्रेंटिस प्रशिक्षु से हाल ही में स्थायी हुई अनुष्का कश्यप ने 34वीं राष्ट्रीय सीआईआई कौशल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया है. अनुष्का ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता और टाटा स्टील एसएनटीआई के शिक्षक मिथुन अधिकारी को दिया है. फरवरी 2023 में कोलकाता में संपन्न सीआईआई ईस्टर्न रीजन वर्क स्किल प्रतियोगिता में भी अनुष्का ने टाटा स्टील के लिए स्वर्ण पदक हासिल किया था. अनुष्का बचपन से ही विलक्षण प्रतिभा की रही हैं. इनकी प्रारंभिक शिक्षा डीएवी एनआईटी से हुई है. 10वीं बोर्ड में 95.6% अंक लाकर अनुष्का ने अपने स्कूल का नाम रोशन किया था. आदित्यपुर एलाईट टावर की रहने वाली अनुष्का के पिता बृजेश कुमार राय मध्य विद्यालय करनडीह के शिक्षक और माता बबीता राय गृहणी हैं.

गोलीबारी मामले में हर पहलु पर जांच कर रही पुलिस, मामला संदिग्ध

## आपसी विवाद में गोलीबारी, दो घायल

संवाददाता। जमशेदपुर

कदमा थाना क्षेत्र अंतर्गत रामनगर में बीती शनिवार देर रात करीब ढाई बजे आपसी विवाद के बाद गोली चल गयी. इस घटना में स्थानीय निवासी जितेन प्रमाणिक और सूरज कर्मकार घायल हो गए. इधर, पुलिस ने रविवार सुबह दोनों को इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल पहुंचाया. जितेन के कंधे से गोली आर-पार हो गई, जबकि सूरज के पैर में गोली लगी है. पुलिस मामले की जांच में जुट गई है.

दरअसल, दोनों सुबह घायल अवस्था में कदमा थाना पहुंचे थे और पुलिस को गोली चलने की जानकारी दी. दोनों ने पुलिस को दो खोखा और एक कारतूस भी सौंपा. घायलों ने पुलिस को बताया कि वे लोग अपने परिवार के साथ पार्टी से वापस घर लौट रहे थे. रास्ते में स्कूटी सवार दो युवक पहुंचे और अचानक से फायरिंग कर दी, गोलीबारी फायरिंग की सूचना मिली है, जिसके बाद दोनों से पूछताछ की जा रही है. हालांकि, दोनों बार-बार बयान बदल रहे हैं, जिससे मामला संदिग्ध लग रहा है.



**खास बातें**

- दोनों घायलों ने थाना पहुंच कर पुलिस को दी सूचना
- दो खोखा और एक कारतूस भी सौंपा, जांच जारी

## ब्रीफ खबरें

### शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी का आयोजन

**गोविंदपुर।** डेमियन सोशल वेलफेयर सेंटर द्वारा संचालित सीबीएसई से मान्यता प्राप्त निर्मला विद्यालय परिसर में रविवार को शिक्षक- अभिभावक संगोष्ठी हुई. इसमें संस्थान के निदेशक फादर अजय तिरु ने कहा कि छात्रों की सफलता के लिए अभिभावकों का सजग होना जरूरी है. विद्यालय में बच्चे सीमित समय के लिए रहते हैं और यदि घर में अभिभावक ध्यान देंगे तो बच्चे और बेहतर करेंगे. प्राचार्य फादर अल्फ्रेड बालमुचू ने कहा कि विद्यालय में न्यूनतम शुल्क पर बेहतर शिक्षा दी जा रही है. शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक दोनों गतिविधियों में विद्यार्थियों को पारंगत किया जा रहा है. बच्चों के बीच परीक्षा फल वितरित किया गया. मौके पर उप प्राचार्य सिस्टर वंदना, कोऑर्डिनेटर रॉबर्ट तथा कई शिक्षकों और अभिभावकों ने अपने सुझाव दिये.

### लाभार्थी परिवारों से संपर्क करेगी भाजपा

**गोविंदपुर।** सिंदरी विधानसभा भाजपा चुनाव प्रबंध समिति के लाभार्थी संपर्क अभियान की सदस्य व भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष अधिवक्ता जया कुमार एवं दिनेश मंडल ने बताया कि पूरे सिंदरी विधानसभा क्षेत्र में 10000 लाभार्थी परिवारों से संपर्क करने का कार्यक्रम 25 तारीख से चलाया जाएगा. प्रत्येक गांव में जाकर लाभार्थी परिवार से संपर्क कर उन्हें भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की जाएगी. गोविंदपुर प्रखंड के सभी 39 पंचायतों में इस निमित्त कार्यकर्ताओं की टोली बनाई गई है, जो लाभार्थियों के बीच जाकर मोदी जी की योजनाओं का प्रचार प्रसार करेंगे. दो दिनों के अंदर बलियापुर प्रखंड और सिंदरी में भी कार्यकर्ताओं की टोली तैयार कर ली जाएगी. टोली के सदस्य घर-घर जाकर संपर्क करेंगे.

### खंभे से टकराई कार बचा जूस विक्रेता

**धनबाद।** कोर्ट रोड में एक कार असंतुलित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई. घटना दोपहर करीब 3 बजे की है. इसमें गन्ना जूस विक्रेता बाल - बाल बचा. कार मुख्य डाकघर के सामने डाकघर की रेलिंग और बोर्ड के खंभे से जा टकराई. कार के आगे का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया. साथ ही बोर्ड भी क्षतिग्रस्त हुआ. जूस विक्रेता ने बताया कि वह अपनी दुकान में ग्राहकों के लिए गन्ने से जूस निकाल रहा था. तभी अचानक से धनबाद स्टेशन की तरफ से कार आयी और सीधे खंभे से जा टकराई. कार में तीन लोग सवार थे. चालक सम्भवतः शराब के नशे में था. घटना के बाद दो लोग फरार हो गए जबकि चालक को पुलिस ने पकड़ लिया है.

### 8 लाख की ठगी में दो सगे भाई गए जेल

**धनबाद।** धनबाद के कारोबारी से 18 लख रुपये की ठगी के मामले में बैंकमोर पुलिस ने कोलकाता के पकड़े गए दो आरोपियों को जेल भेज दिया है. बता दें कि कोलकाता के शुभमय और तन्मय मुखर्जी दोनों सगे भाई हैं और एक साथ मिलकर कारोबार करते हैं. धनबाद के कारोबारी नीरज जैन ने इस बार इन दोनों भाइयों की कंपनी को रॉड लेने की आवाज में 18 लाख रुपया दिया था लेकिन बाद में दोनों भाइयों ने ना ही रॉड दिया और ना ही रकम लौटाय. इस मामले को लेकर नीरज ने मार्च 2024 में बैंक मोड़ थाने में प्राथमिक दर्ज कराई थी. इन दोनों भाइयों के खिलाफ झारखंड में आधा दर्जन और ठगी के मुकदमे पूर्व से दर्ज हैं.

---

शनिवार रात खेले गये रोमांचक फाइनल मुकाबले में एवेंजर ने ड्रैगंस को छह रन से दी मात

# ड्रैगंस को हरा एवेंजर ने जीती जेसीआई प्रीमियर लीग

संवाददाता। मैथन




- अमन शर्मा मैन ऑफ द मैच व सीरीज चुने गये, बेस्ट बैट्समैन पकंज बंसल, बेस्ट बालर सन्नी सिंह, बेस्ट फिल्डर मनीष अग्रवाल
- बेस्ट कैचर मुकेश अग्रवाल, फेयर प्ले का पुरस्कार हार्टलैंड ड्रैगंस को मिला, आउटस्टेंडिंग सपोर्ट का पुरस्कार राकेश अग्रवाल ने जीता

कुमारधुबी क्लब में आयोजित 7वीं जेसीआई प्रीमियर क्रिकेट लीग का खिताब एवेंजर ने अपने नाम कर लिया है. शनिवार की रात खेले गये रोमांचक फाइनल मैच में एवेंजर ने हार्टलैंड ड्रैगंस को छह रन से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया. पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित 10 ओवर में एवेंजर्स की टीम ने 5 विकेट खोकर 101 रन बनाए. जवाबी में हार्टलैंड ड्रैगंस की टीम 7 विकेट खोकर 95 रन ही बना सकी. ड्रैगंस ने चार में तीन मैच जीतकर सीधे फाइनल में जगह बनायी. वहीं एवेंजर्स ने सेमीफाइनल में फेलकोंस को सात विकेट से हराकर फाइनल में जगह पक्की की. अमन शर्मा को मैन ऑफ द मैच व सीरीज चुना गया. बेस्ट बैट्समैन पकंज बंसल, बेस्ट बालर सन्नी सिंह, बेस्ट फिल्डर मनीष अग्रवाल, बेस्ट कैचर मुकेश अग्रवाल को चुना गया. फेयर प्ले का खिताब हार्टलैंड ड्रैगंस को दिया गया. आउटस्टेंडिंग सपोर्ट का खिताब राकेश अग्रवाल को दिया गया. तीन दिवसीय इस टूर्नामेंट में पांच टीमों ने भाग लिया था. टूर्नामेंट को सफल बनाने में शाखा अध्यक्ष अभिषेक गोयल, सचिव प्रतीक चौधरी, राहुल खरकिया, पंकज बंसल, राकेश अग्रवाल सहित चिरकुंडा-बराकर अध्याय के सभी सदस्यों ने भूमिका निभाई.

# ईदगाह मस्जिद में हज पर जाने वालों को दिया गया प्रशिक्षण

संवाददाता। धनबाद



हज 2024 की तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं. जिन लोगों का हज पर जाने का नंबर आया है, वह तैयारी कर रहे हैं. इसी के मद्देनजर रविवार को सुबह 9:00 बजे से ईदगाह मस्जिद नया बाजार में हज ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया. इसमें बड़ी तादाद में हज पर जाने वाले मर्द और औरत शामिल हुए. कार्यक्रम की शुरुआत हाफिज मजहर उल हक ने कुरान पाक की तिलावत से की. इसके बाद मौलाना अमीरुद्दीन कासमी ने हज की अहमियत पर बयान दिया. मुफ्ती अब्दुल हई ने हज से जुड़े सभी चीजों एवं हज के सही तरीके को विस्तार से बताया. हज के अरकान को किस तरह अदा करना है, इबादत कैसे करनी है, हज के दौरान कितना सामान ले जा सकते हैं, किन चीजों पर पाबंदी है, आदि बातें बताई गई. अंत में दुआ के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ. आयोजक जावेद इकबाल खान और रियाज अहमद खान ने तमाम मेहमानों का स्वागत किया और प्रोग्राम में शामिल होने पर सभी का शुक्रिया अदा किया. हाफिज अशरफ, नाइब इमाम ईदगाह मस्जिद ने तमाम मेहमानों की सुविधाओं के खास इंतजाम किये थे.

---

2025 तक टीबी मुक्त का संकल्प, अभियान कैसे होगा सफल

# कैसे हारेगा टीबी, मरीजों को तीन माह से दवा नहीं

राजा गुप्ता। धनबाद



2025 तक धनबाद ही नहीं, बल्कि पूरे भारत को टीबी से मुक्त करने का संकल्प लिया गया है. टीबी की बीमारी इतनी खतरनाक है कि एक से दो सप्ताह तक मरीज को जरूरी दवाइयां नहीं मिलीं तो वह छह माह पीछे चला जाता है और गंभीर लक्षण दिखने लगते हैं. लगातार खांसी होना, बुखार आना, छाती में दर्द, वजन घटना, भूख में कमीं, बलगम के साथ फिर से खून निकलना, किसी किसी को खून की उल्टी होने लगता है. यही वजह है कि चिकित्सक भी मरीज को सलाह देते हैं कि दवाइयां छूटनी नहीं चाहिएं, जबकि सरकारी व्यवस्था इतनी लचर है कि पिछले तीन महीने से डॉट्स प्लस सेंटर और टीबी सेंटर पर मरीजों को दवा नहीं मिल रही है.

पुराने मरीज धनबाद में 3300 के आसपास हैं और नए मरीजों की संख्या हर साल 300 बढ़ रही है. सूत्रों के अनुसार वर्ष 2017 में टीबी हारेगा-देश जीतेगा का संकल्प लिया गया. इसके तहत 2025 तक भारत से पूरी तरह टीबी मुक्त करने का अभियान चलाया गया. मरीजों का कहना है कि शहरी हो या फिर ग्रामीण क्षेत्र, कहीं भी स्वास्थ्य विभाग की ओर से टीबी मुक्त अभियान नहीं देखा गया. न तो पुराने मरीज के वर्तमान स्थिति की जानकारी ली गई और न ही नए मरीज की तलाश की गई. ऐसे में टीबी मुक्त का संकल्प पूरा नहीं होगा.

### हर साल बढ़ रहे 300 मरीज, जागरूकता नहीं

टीबी हारेगा, देश जीतेगा का नारा और अभियान कागजों व पोस्टर तक ही सीमित है. हर साल लगभग 300 लोग मरीज जागरूकता के अभाव में परिवार के सदस्य व संक्रमित मरीज के संपर्क में रहने वाले इलाके के लोग संक्रमण के शिकार हो रहे हैं. जिला यक्ष्मा पदाधिकारी और यक्ष्मा विभाग के चिकित्सक व कर्मी को अभियान व मरीजों से कोई लेना देना नहीं रह गया है. धनबाद जिला के धनबाद, झरिया, तोपचांची, निरसा, टुंडी, बाघमारा व बलियापुर आदि अन्य प्रखंडों के दर्जनों इलाकों व गांवों के लोग टीबी के शिकार हैं और दवाइयां ले रहे हैं. आर्थिक रूप से कमजोर लोग, जो सरकारी दवा पर ही निर्भर हैं, उन्हें काफी परेशानी हो रही है. हर दो-चार के बाद डॉट्स प्लस सेंटर पर आकर बगैर दवा लिए घर लौट जा रहे हैं. वहीं कई लोग कर्ज लेकर भी दवा खरीद रहे हैं. गरीब व मजदूर तबके के लोगों के घरों में जो लोग टीबी के मरीज उन्हें काफी परेशानी हो रही है.

### खास बातें

- दो साल में एक भी नए संक्रमित मरीज की तलाश नहीं
- दो हजार मरीजों को दवा नहीं मिलने से बढ़ने लगी परेशानी

### यही हाल रहा तो नहीं होगा टीबी मुक्त धनबाद

जानकारों का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग इसी तरह उदासीन रहा तो 2025 तो क्या कभी भी धनबाद टीबी मुक्त नहीं होगा. कई मरीज स्वास्थ्य मंत्री व जिला यक्ष्मा पदाधिकारी को पत्र लिखकर थक चुके हैं. कई लोग ऑनलाइन एक्स पर भी ट्वीट कर चुके हैं. उसके बावजूद टीबी की दवाइयां धनबाद नहीं पहुंच रही हैं. जिला डॉट्स प्लस सेंटर के कर्मचारी कहते हैं कि मुख्यालय से दवाइयां आएगी तो मिल जाएंगी. जब मरीज दवा लेने जाते हैं तो कर्मी कहते हैं कि अभी दवा नहीं है, एक-दो दिन में आ जाएगी. चिकित्सक कहते हैं कि एचआईवी संक्रमित मरीजों को टीबी होने और समय पर दवा नहीं मिलने से सबसे अधिक परेशानी होती है.

# बाघमारा के टाइगर की मांद में घुस आज सरयू देंगे चुनौती

भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू की कथित कब्जे वाली जमीन का करेंगे मुयायना

संवाददाता। कतरास



जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय भाजपा धनबाद लोकसभा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के खिलाफ पूरी आक्रामक मूड दिख रहे है. राय ने अब ढुल्लू को उनकी मांद में घुसकर खुली चुनौती देने का मन बना लिया है. भारतीय जन मोर्चा धनबाद जिला अध्यक्ष उदय सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि विधायक सरयू राय का सोमवार को बाघमारा आना तय हुआ है.

पहले वे मुराइडीह बस्ती पहुंचेंगे और विधायक ढुल्लू महतो की कथित कब्जे वाली जमीन का मुआयना करेंगे. साथ ही मुराइडीह बस्ती निवासी अमित महतो के नेतृत्व में रैयतों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं से रूबरू होंगे. सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सरयू राय विधायक ढुल्लू महतो के पैतृक गांव चिटाही भी जाएंगे, जहां ढुल्लू की कथित यातनाओं से परेशान अशोक महतो सहित अन्य परिवार से मुलाकात करेंगे। मालूम हो कि भाजपा धनबाद लोकसभा प्रत्याशी ढुल्लू महतो पर सरयू राय लगातार हमलावर हैं. पहले राय ने ढुल्लू महतो के 18 वर्षीय पुत्र के नाम से धनबाद में लाखों करोड़ों की जमीन खरीदी का मामला सार्वजनिक कर चुके हैं. इसके साथ ही बाघमारा में ढुल्लू महतो की कथित कब्जे वाली जमीन की सूची भी उन्होंने जारी की थी.

# 'समग्र विकास एमपीएल का उद्देश्य'

संवाददाता। मैथन

- एमपीएल में 300 प्रशिक्षणार्थियों के बीच प्रमाणपत्रों का वितरण

एमपीएल में शुक्रवार को सीएसआर द्वारा प्रमाणपत्र वितरण समारोह आयोजित किया गया. समारोह में 3 सौ प्रशिक्षणार्थियों के बीच प्रशिक्षणोंपरांत प्रमाणपत्रों का वितरण किया गया. प्रमाणपत्रों का वितरण करते हुए एमपीएल के चीफ ओएण्डएम सुधाकर टंडन ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की सराहना करते हुए छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी. उन्होंने कहा यह प्रशिक्षण युवाओं को अपना भविष्य संवारने में मददगार साबित होगा. एमपीएल के सीईओ विजयंत रंजन ने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य समग्र विकास करना है, ताकि युवा जीवन के हर क्षेत्र में अपनी पैठ बना अपना भविष्य संवार सकें. उन्होंने छात्र, युवाओं को कड़ी मेहनत, लगन एवं ईमानदारी से आगे बढ़ने का मंत्र दिया. सीईओ रंजन ने कहा कि एमपीएल सदैव समाज के समेकित विकास के प्रति कृतसंकल्पित है. यही वजह है सभी वर्गों के विकास को ध्यान में रखते हुए अनेक योजनाओं पर काम चल रहा है और समाज के लोग लाभान्वित हो रहे हैं. उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की. सीएसआर हेड मृत्युंजय रे ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला. उल्लेखनीय है कि छात्र-छात्राओं को स्वरोजगार से जुड़ने एवं आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से पलंबिंग, इलेक्ट्रीशियन, मैशन, सोलर पीसी, एफएण्डबी एवं होम आप्यांसेज का प्रशिक्षण दिया गया था. इन सभी को एनएसडीसी एवं स्कील इंडिया द्वारा सर्टिफायड सर्टिकेट प्रदान किया गया.

# पांच किलो वाट तक के कनेक्शन पर अब सिक्योरिटी मनी नहीं

एक किलोवाट कनेक्शन पर सिर्फ 956 रुपये भुगतान करना होगा

संवाददाता। धनबाद

एक किलो वाट से पांच किलो वाट तक के बिजली कनेक्शन लेने पर सिक्योरिटी मनी अब नहीं लगेगी. विद्युत विभाग की ओर से नई स्कीम लागू हो चुकी है. एक किलोवाट कनेक्शन लेने पर विभाग को चार्ज के रूप में सिर्फ 956 रुपये भुगतान करना होगा, जबकि पूर्व में एक किलोवाट कनेक्शन लेने पर 4066 रुपये भुगतान करना पड़ता था. वहीं पांच किलोवाट तक कनेक्शन लेने पर अब 2956 रुपये लगेंगे, जबकि पूर्व में 20,330 रुपये लिए जा रहे थे. राशि कम होने से उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी.

अधिकारियों का कहना है कि नए नियम में स्मार्ट मीटर लगाने का चार्ज प्रति किलोवाट 500 रुपये, 100 मीटर टेस्टिंग फीस, एस्टीमेट चार्ज 256 व कनेक्शन के आवेदन करने पर 100 रुपये भुगतान करना होगा. दो किलो वाट लेने पर 1456 रुपये भुगतान करना होगा.

**बिजली बिल में एडजस्ट की जाएगी राशिः** कार्यपालक अभियंता शिवेंद्र कुमार का कहना है कि हाल के दिनों में जिन लोगों ने सिक्योरिटी मनी जमा कर कनेक्शन लिया है, वैसे लोगों की राशि को बिल में एडजस्ट किया जाएगा। पुराने कनेक्शनधारी की सिक्योरिटी मनी जो विभाग में जमा है, वह पूरी तरह से एडजस्ट करने के बाद भी स्मार्ट मीटर को प्रीपेड में बदला जाएगा, जिससे उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी। साथ ही चोरी से बिजली जलाने की भी समस्या खत्म हो जाएगी।

### जिले में स्मार्ट मीटर लगाने का काम जारी

बता दें कि एक से पांच किलोवाट तक सिंगल फेज कनेक्शन होता है. छह किलोवाट से थ्री फेज कनेक्शन होता है, जिसमें पूरी सिक्योरिटी मनी ली जाएगी. जिले में स्मार्ट मीटर लगाने का काम जारी है. सभी घरों में यह मीटर लगने के बाद उसे प्रीपेड में तब्दील कर दिया जाएगा. इसको देखते हुए विभाग ने सिक्योरिटी मनी नहीं लेने का आदेश जारी किया है. बता दें कि प्रीपेड मीटर लागू होने के बाद रिचार्ज करने पर घरों में बिजली का इस्तेमाल कर पाएंगे. रिचार्ज का प्लान खत्म होते ही घर में अंधेरा छा जाएगा. जिले में डेढ़ लाख उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट मीटर लगाने का काम जारी है.

उलगुलान रैली में शामिल हुए धनबाद के हजारों कांग्रेस व झामुमो नेता, कांग्रेस जिलाध्यक्ष बोले

# लोकसभा चुनाव में भाजपा का सफाया तय

संवाददाता। धनबाद



रांची में रविवार को आयोजित उलगुलान रैली में धनबाद के कांग्रेस व झामुमो नेता हजारों की संख्या में शामिल हुए. कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष सिंह की अगुवाई में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का हुजूम सुबह पुटकी मोड़ पर जुटा, जहां से सभी एक साथ रांची के लिए रवाना हुए.

मौके पर जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने कहा कि धनबाद लोकसभा से हजारों हजार की संख्या में सहित पूरे झारखंड से लाखों लाख लोग चलकर रांची में आयोजित उलगुलान न्याय महारैली में शामिल हुए हैं. निश्चित रूप से 2024 के लोकसभा चुनाव में झारखंड से भाजपा का सफाया होना तय हैं. रैली में जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी सचिव शमशेर आलम, झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष अभिजीत राज आलम, राम गोपाल भूवानीया, राजेश्वर यादव, योगेंद्र सिंह योगी, मंटु दास, वकील बाउरी, लक्ष्मण तिवारी, कयूम खान, कुमार गौरव, गुड्डु खान, राजू दास, गोपाल कृष्ण चौधरी, सिता राना, हरेंद्र शाही, असद कलिम, जीतेश सिंह, संतोष राय, दिलीप मिश्रा, दिपक सिंह, अजय सिंह, तबरेज खान आदि शामिल हुये.

**रैली में हजारों की संख्या में शामिल हुए झामुमो नेता व कार्यकर्ता :** इंडिया गठबंधन की उलगुलान न्याय महारैली में झामुमो धनबाद जिला अध्यक्ष लक्खी सोरेन एवं जिला सचिव के नेतृत्व में हजारों की संख्या में पार्टी के पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्ता शामिल हुए.लखी सोरेन ने कहा कि उलगुलान महारैली राज्य ही नहीं, देश स्तर पर इंडिया गठबंधन की अब तक की सबसे बड़ी रैली है. उक्त रैली में लगभग पांच लाख लोग पूरे राज्य से शामिल हुए. कार्यक्रम में में केंद्रीय सदस्य सुखलाल मरांडी, डॉ. निलम मिश्रा, अलाउद्दीन अंसारी, जिला उपाध्यक्ष लखन प्रमाणिक, मुकेश सिंह, अजय रवानी, जिला प्रवक्ता समीर रवानी, सह सचिव एजाज अहमद, कोषाध्यक्ष किशोर मुर्मू, महानगर अध्यक्ष मंटू चौहान, सचिव अबू तारिक, प्रवक्ता आकाश रवानी, उपाध्यक्ष बंटी सिंह, रामू मंडल, मनोज रवानी, रंजीत महतो, अताउल्ला अंसारी, पारस हांसदा, मोकिम अंसारी, सुरज कांत सोरेन, रामनाथ सोरेन, लखींदर हांसदा सहित हजारों कार्यकर्ता शामिल हुए.

---

**राजनीति**

तोपचांची में जदयू कार्यकर्ताओं की हुई बैठक, लोकसभा चुनाव को लेकर बनायी गयी रणनीति

# जदयू के बिना लोस चुनाव की नैया पार नहीं लग सकती : खीरू

- प्रदेश अध्यक्ष बोले-जदयू गिरिडीह में एनडीए प्रत्याशी को देगा समर्थन, मगर पहले कोई समर्थन तो मांगे

संवाददाता। तोपचांची



जदयू कार्यकर्ताओं की रविवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी. इस दौरान आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं में जोश भरने का कार्य किया गया. वक्ताओं ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होते हैं. उन्होंने कार्यकर्ताओं को चार "क" कार्यकर्ता, कार्यालय, कार्यक्रम और कोश की बात बतायी. कहा कि संगठन चलाने के लिए इसका होना बहुत जरूरी है. बैठक में उपस्थित राज्यसभा सांसद सह जदयू प्रदेश अध्यक्ष खीरु महतो ने कहा कि एनडीए गठबंधन के तहत जदयू लोकसभा चुनाव में गिरिडीह में राजग का समर्थन करेगा, लेकिन समर्थन मांगने वाला भी कोई होना चाहिए. उन्होंने कहा कि जदयू कार्यकर्ताओं के बिना नैया पार नहीं लग सकती. गठबंधन के तहत झारखंड में लोकसभा चुनाव में जदयू को सीट नहीं मिली. इससे जदयू सुप्रीमो नीतीश कुमार को अवगत करा दिया गया है. आगामी विधानसभा चुनाव में जदयू को झारखंड में हर हाल में सीट मिलेगी, जिसकी सूचना दो-तीन दिन में प्राप्त हो जाएगी. प्रदेश महासचिव दीपनारायण सिंह ने कहा कि जदयू कार्यकर्ताओं में चुनाव को लेकर काफी उत्साह है. कार्यकर्ताओं के अथक प्रयास से जदयू का झंडा सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में मजबूती से रखने का काम किया गया. एनडीए प्रत्याशी को जदयू कार्यकर्ताओं का साथ मिलेगा. केंद्र में पुनः नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनेगी.

### बैठक में ये रहे उपस्थित

मौके पर धनबाद जिला अध्यक्ष पिंटू कुमार सिंह, जदयू बोकारो जिला अध्यक्ष प्रदीप महतो, पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रामस्वरुप यादव, जदयू नेता सह पूर्व जिला परिषद सदस्य सहदेव प्रसाद सिंह, जदयू महिला प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव बिन्दू देवी, जदयू अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिला महासचिव अशोक कुमार दास, जदयू टुंडी प्रखंड युवा अध्यक्ष गौतम पांडेय, जदयू बाघमारा प्रखंड अध्यक्ष गोपाल चन्द्र गोप, प्रदेश सचिव राजू सिंह, जदयू धनबाद जिला अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ अध्यक्ष इम्तियाज खान, जदयू धनबाद जिला सचिव दीपक कुमार महतो, जितेन्द्र कुमार पांडेय, कमलेश मंडल, फुलचंद दास, अहमद अंसारी, मिट्टू रजवार, तारा बाबू, गुड्डु सिंह, गौतम पांडेय, तिलक सिंह, गणेश हांसदा, हीरालाल तुरी, अहमद रजा, प्रकाश मंडल, सुकदेव दास, सीता देवी, बिनती देवी, बिनोद सिंह, दिनेश राय, इम्तियाज अंसारी, मनौवर आलम, संजय दे सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे.

सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट पर

# भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के भाई ने दर्ज कराया मुकदमा

संवाददाता। धनबाद

### खास बातें

- पुलिस से मामले में कड़ी कार्रवाई करने की मांग
- पुलिस ने शिकायत दर्ज कर मामले की जांच की शुरू

लोकसभा चुनाव में धनबाद के भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के बड़े भाई शत्रुघ्न महतो ने सोशल मीडिया पर जाति विशेष के लिए आपत्तिजनक और भड़काऊ टिप्पणी करने वाले एक शख्स रवि कुमार महतो के खिलाफ बरोरा थाने में शिकायत दर्ज करवायी है.

शिकायत दर्ज करवा कर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई है. शत्रुघ्न महतो के अनुसार बाघमारा विधायक सह भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो की छवि को धूमिल करने और सामाजिक द्वेष को भड़काने के लिए साजिश के तहत उक्त युवक के द्वारा यह पोस्ट किया गया है. शिकायत में आरोपी युवक का मोबाइल नंबर भी बताया गया है. पुलिस मामले की जांच कर रही है.

### ब्रीफ खबरें

### शिक्षाविद सत्यरंजन मुखर्जी का निधन



**बोकारो ।** बोकारो जिले के कसमार प्रखंड के सुरजुडीह निवासी चर्चित शिक्षाविद एवं वेद शास्त्रों के ज्ञाता पंडित सत्यरंजन मुखर्जी (85 वर्षीय) का निधन रविवार को हो गया. उनके निधन की खबर मिलते कसमार समेत आसपास के दर्जनों गांव के लोग उनके अंतिम दर्शन के लिए सुरजुडीह पहुंचे. उनका अंतिम संस्कार बनारस के मणिकर्णिका घाट पर किया जाएगा. मुखर्जी 2002 में शिक्षक से सेवानिवृत्त हुए थे. इसके अलावा वे कसमार चौबे परिवार के प्रसिद्ध प्राचीन दुर्गा मंदिर में पुरोहित के रूप में धार्मिक अनुष्ठान भी करवाते थे. सनातन धर्म से जुड़े वेद शास्त्रों के ज्ञाता के रूप में चर्चित सत्यरंजन मुखर्जी अपने तीन पुत्र, एक पुत्री समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं.

### महिला और दो बच्चे लापता, केस दर्ज

**गोड्डा ।** गोड्डा शहर के वार्ड नंबर तीन रौतरा मोहल्ला स्थित मायके से अपने ससुराल जाने को निकली महिला ब्यूटी कुमारी (28) दस घंटा बीत जाने के बाद भी नही पहुंच पाई है. परिजनों ने नगर थाना में लिखित आवेदन दिया गया है. सुमित कुमार ने बताया कि उनकी दीदी अपने दो बच्चों नौ वर्षीये बेटी और पांच वर्षीय बेटा के साथ दुर्गा पूजा पर आई हुई थी. रविवार की सुबह करीब छह बजे भटौंडा पौडेयाहाट स्थित ससुराल जाने के लिए घर से निकली थी. सुबह बस स्टैंड पहुंच कर बस में बैठने के बाद दीदी ने फोन पर बताया कि वह बस पर बैठ गई है और घर पहुंच कर फोन कर देगी. नगर थाना प्रभारी ने इस मामले में आश्वस्त करते हुए कहा है कि जल्दी ही बरामद कर लिया जाएगा.

### गोदाम में लगी आग, लाखों का नुकसान

**गिरिडीह ।** जिले के पचंबा थाने के शांतिनगर में रविवार की दोपहर संकट मोचन टायर गोदाम में असामाजिक तत्वों ने आग लगा दी. आग लगने से इलाके में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया. पूरा इलाका धुआं-धुआं हो गया. सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने काफी मेहनत के बाद आग बुझाया. बताया गया कि टायर का यह गोदाम कृषि बाजार समिति के समीप स्थित एक खाली पड़े मैदान में बनाया गया है, जहां काफी संख्या में टायर जमा कर रखा गया था. स्थानीय लोगों का मानना है कि किसी शरारती तत्वों ने आग लगाया है. आग धीरे-धीरे पूरे गोदाम में फैल गई. आसपास के निवासी घरों से बाहर निकल गये. इस घटना में दो से तीन लाख के नुकसान का अनुमान है.

### बाल-बाल बची धनबाद-लुधियाना एक्सप्रेस

**गिरिडीह ।** धनबाद-लुधियाना एक्सप्रेस 13308 (डाउन) में रविवार सुबह लगभग 7.15 बजे ब्रेक बाइंडिंग हो गई. गाड़ी के परसाबाद रेलवे स्टेशन पार करने के बाद किसी रेलवे स्टाफ की नजर फ्रंट एलआर( इंजन से सटे बोगी) के नीचे पहिया के पास से धुआं और आग की निकलती लपटों पर पड़ी. सूचना चौबे रेलवे स्टेशन को दी गई. वहां ड्यूटी पर तैनात स्टेशन मास्टर ने गाड़ी को चौबे स्टेशन पर आपातकालीन स्थिति में सुबह 7.21 बजे रुकवाया. इसके बाद रेलवे कर्मियों की मदद व अग्निशमन यंत्र के माध्यम से धधकती आग पर काबू पाई गई. उस बोगी को तुरंत दुरुस्त किया गया, जिसका पहिए से ब्रेक सटा था. इसी वजह से घटना हुई.

# हनुमत महायज्ञ को लेकर श्रद्धालुओं ने निकाली कलश यात्रा

- 21 अप्रैल से 28 अप्रैल तक आठ दिवसीय वार्षिकोत्सव मनाया जा रहा है

**संवाददाता । बोकारो**



श्री रामदूत भगवान हनुमान मंदिर की द्वितीय वार्षिकोत्सव चास बोकारो में धूमधाम से प्रारंभ की गई. इस दौरान रविवार सुबह चास चेकपोस्ट से लेकर चिन्मय मिशन भोजपुर कॉलोनी तक श्री राम के जयकारे से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया. चिन्मय मिशन चास के आवासीय आचार्य स्वामी राघवानंद जी के मार्गदर्शन में 1001 कलशों के साथ चास गरगा मंदिर से चिन्मय मिशन भोजपुर कॉलोनी चास तक कलश यात्रा निकाली गई. जिसमें चास बोकारो की 1001 माताओं, बहनों ने पूरे भक्ति भाव से भाग लिया.

मालूम हो कि 21 अप्रैल से 28 अप्रैल तक आठ दिवसीय वार्षिकोत्सव मनाया जा रहा है. इसके तहत 22 अप्रैल से 27 अप्रैल तक संध्या 6 बजे से 8 बजे तक ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जाएगा. इस ज्ञान यज्ञ को पूज्य ब्रह्मचारी दिवाकर चैतन्य, चिन्मय मिशन कोलकाता, संगीतमय स्वरूप में भक्तों को मधुर वाणी से प्रवचन देंगे. साथ ही 22 से 24 अप्रैल तक प्रातः 9 बजे से हवन पूजन, 27 को रामलला की शोभायात्रा एवं 28 को भंडारा का आयोजन किया जाएगा.

इस दौरान स्वामी राघवानंद जी ने बताया कि इस धार्मिक अनुष्ठान में अधिक से अधिक संख्या में आकर भक्ति सागर में डुबकी लगाकर अपने जीवन को सार्थकता की और अनुशासन के साथ आगे बढ़ाएं. इस यात्रा को स्वामी राघवानंद जी, सुनील कुमार तिवारी, ब्रज भूषण त्रिपाठी, सुरेंद्र मिश्रा, संदीप तिवारी, रामनाथ मिश्रा, ईश्वर दत्त त्रिवेदी, विनय कुमार मिश्रा, विष्णु कुमार मिश्रा, पंकज कुमार मिश्रा, देवेश त्रिपाठी, संजीव सिंह, मंतोष कुमार, पंकज कुमार सिंह, ध्रुव सिंह, रणविजय ओझा, मिथलेश सिंह सहित चिन्मय युवा केंद्र के सैकड़ों सदस्य कलश यात्रा में शामिल थे.

**1001 कलशों के साथ निकाली रैली, 27 को शोभायात्रा, 28 को होगा भंडारा**

चैती दुर्गा पूजा का समापन

# भक्तों ने नम आंखों से मां दुर्गा को दी विदाई



**गावां (गिरिडीह) ।** चैती दुर्गा पूजा के मद्देनजर गावां काली मंडा में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा का रविवार की सुबह शांतिपूर्ण तरीके से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच चिन्हित स्थलों पर विसर्जन कर दिया गया. इससे पूर्व श्रद्धालुओं ने नम आंखों से मां देवी को अंतिम विदाई दी. भक्तों ने अंतिम विदाई के दौरान माता दुर्गा से सुख-समृद्धि और निरोग रहने की कामना की. सुहागिनों ने एक-दूसरे को सिंदूर लगाया, जबकि युवतियों ने मां दुर्गा के सिंदूर का टीका लगाया और सुख-शांति की प्रार्थना मां दुर्गा से की. इस दौरान मां दुर्गे के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा. विसर्जन के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी. मौके पर किशोर सिंह, ललित पांडेय, जिप सदस्य पवन कुमार चौधरी, मुखिया कन्हाई राम, जित्तू सिंह, आकाश कुमार, शुभम कुमार, रामदुलार कुमार, सोनू बरनवाल, संतोष कुमार, राजीव रंजन, मनोज पांडेय, भवानी सिंह, जित्तू राम, अमित बरनवाल समेत कई श्रद्धालु उपस्थित थे.

गिरिडीह : गावां प्रखंड के भेलवा में मनचलों ने की दबंगई

# छेड़खानी का विरोध करने पर ईंट पत्थर से किया हमला, तीन घायल

- शादी समारोह से लौट रहे थे सभी, पुलिस ने दो बाइक को किया जब्त

**संवाददाता । गावां (गिरिडीह)**



गावां प्रखंड के भेलवा में कुछ मनचलों की दबंगई सामने आई है. यहां एक शादी समारोह से लौट रहे परिवार को बीच सड़क पर मारपीट कर गंभीर कर दिया है. मनचलों ने ऑटो पर सवार महिलाओं और बच्चियों के ऊपर जमकर पत्थर और ईंट बरसाया है. इस घटना में 3 महिला गंभीर रूप से जख्मी है. जिसमें 1 महिला की स्थिति गंभीर बनी हुई है. जिसे बेहतर इलाज के लिए परिजन नवादा ले गए हैं. घटना के समय एक आर्मी के जवान ने मानवता का परिचय देते हुए सभी घायलों की जान बचाई व अस्पताल पहुंचाया.

घटना के संबंध में बताया जाता है कि नवादा जिला स्थित अकबरपुर प्रखंड के एक गांव से एक परिवार के लोग विवाह समारोह में भाग लेने बिरनी थाना क्षेत्र के बरमसिया गये थे. शनिवार को विवाह कार्य सम्पन्न होने के बाद पटना बल्हारा पथ के द्वारा टेम्पु से लौट रहे थे. बादीडीह गांव के पास दो बाइक पर सवार तीन युवक टेंपो पर बैठे महिलाओं व युवतियों के साथ अश्लील हरकत करने लगा. बार बार वे टेंपो को ओवरटेक करके वाहन पर सवार युवतियों व महिलाओं पर कंकड़ आदि फेंकने लगे.

वाहन पर बैठी महिलाएं व एक युवक ने जब युवकों का विरोध किया तो तीनों युवक अपने अन्य तीन चार साथियों को बुला लिए व भेलवा गांव के पास वाहन में सवार महिलाओं व युवतियों पर ईंट पत्थर से हमला बोल दिया. हमले में तीन महिलाएं घायल हो गई है. एक महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रेफर कर दिया गया. परिजन महिला को लेकर नवादा अस्पताल गये हैं. वाहन पर सवार महिलाओं ने कहा कि युवकों के हाथ में रड, बीयर का बोतल आदि भी था. वे आगे बढ़ने ही नहीं दे रहे थे. बाद में वहां एक महिला व एक युवक ने उनकी जान बचाई.

घटना की सूचना पर गावां थाना पुलिस घटना स्थल पर पहुंची. पुलिस को देखते ही सभी युवक बाइक छोड़कर फरार हो गये. पुलिस ने घटना स्थल से दो बाइक को जब्त किया है. ग्रामीणों ने कहा कि उक्त पथ में बादीडीह के आगे जंगलों की आड़ में कुछ युवकों के द्वारा लगातार इस प्रकार से हरकत किये जाने की शिकायत मिलती रहती है. यात्रा करनेवाले लोग बाहरी होते हैं फलतः वे चुपचाप अपने गंतव्य में चले जाते हैं. पुलिस को पथ में पेट्रोलिंग करनी चाहिए. मामले में थाना प्रभारी महेश चंद्र ने कहा कि घटनास्थल से दो बाइक बरामद किया गया है. बाइक का डिटेल्स निकाला जा रहा है.

### पेड़ से बांधकर पीटने एवं बेटियों के साथ छेड़खानी का आरोप

**बोकारो ।** बोकारो जिले के कसमार थानाक्षेत्र की जामकुदर निवासी प्रेमलता देवी ने कसमार थाना प्रभारी को आवेदन देकर उन्हें पेड़ से बांधकर पीटने एवं उनकी बेटियों के साथ छेड़खानी का प्रयास करने का आरोप लगाया है . उसने थाना प्रभारी को लिखित शिकायत में बताया है कि उनके विवाह को करीब 19 वर्ष बीत गए हैं, लेकिन परिवार को पुत्र नहीं दे पायी . जिस कारण उसे हमेशा प्रताड़ित किया जाता है . उन्होंने बताया है कि 17 अप्रैल की सुबह 8 बजे उनके घर में जबरन घुसकर कन्हाई चंद्र पाल, नकुल चंद्रपाल, अर्जुन चंद्र पाल, मधुसूदन, कामदेव ने उनकी बेटियों के साथ छेड़खानी करने का प्रयास किया . जब प्रेमलता ने इसका विरोध किया तो उक्त सभी आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट कर कमर में रस्सी बांधकर घसीटा और अशोक के पेड़ में बांध दिया .इस संबंध में कसमार थाना में मामला दर्ज हो गया है .

### बबलू पाठक की तीसरी पुण्यतिथि मनायी गयी

**गांडेय (गिरिडीह) ।** रविवार को गांडेय प्रखंड के दासडीह पंचायत के जोराआम में स्थित समाजसेवी स्वर्गीय चंद्रशेखर पाठक उर्फ बबलू पाठक की तीसरी पुण्यतिथि उनके प्रतिमा स्थल में मनाई गई. इस क्रम में स्वर्गीय पाठक के परिजनों ने सबसे पहले उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण किया. पुनः गांडेय प्रमुख राजकुमार पाठक, यदुनंदन पाठक सहित अन्य लोगों ने भी उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण करके उन्हें श्रद्धांजलि दिया. इस दौरान यदुनंदन पाठक ने कहा कि वे इस क्षेत्र में किसी भी प्रकार के सामाजिक कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे, वे हर समुदाय को साथ लेकर चला करते थे. गांडेय के लोगों को सुख-दुख में हमेशा साथ रहते थे.

# चास प्रखंड के नगेन मोड़ में डिग्री कॉलेज का हुआ भूमिपूजन

**संवाददाता । बोकारो**



बोकारो जिले के चास प्रखंड के सरदाहा स्थित नगेन मोड़ में रविवार को एचआर मेमोरियल एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से डॉ सीसी महतो डिग्री कॉलेज का भूमि पूजन किया गया. मौके पर विधिपूर्वक पूजन हवन कर प्रसाद वितरण किया गया. इस दौरान ट्रस्ट के अध्यक्ष अलका कुमारी महतो ने कहा कि इस सुदूर क्षेत्र में उच्च शिक्षा का अभाव है. यहां के छात्र-छात्राओं को पढ़ने के लिए बोकारो, रांची समेत अन्य शहरों में जाना पड़ता है, जो हर किसी के लिए संभव नहीं है. इसे ध्यान में रखते हुए संस्था ने यहां एक डिग्री कॉलेज की स्थापना का निर्णय लिया है. कहा कि इसके पूर्व डॉ सीसी महतो बीएड कॉलेज का स्थापना किया गया था, जिसे 2019 में मान्यता मिला. जो स्थानीय लोगों के सहयोग से सफलता पूर्वक संचालन हो रहा है. मौके पर प्रबंधन समिति के कुंदन किशोर समेत अन्य लोग मौजूद थे.

रांची में उलगुलान रैली

# रैली में शामिल हुए आप कार्यकर्ता

**संवाददाता । बोकारो**



आम आदमी पार्टी बोकारो जिला कमेटी के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने रविवार को इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्कलुसिव अलायंस की रांची की उलगुलान न्याय महारैली में शिरकत की. इसमें प्रदेश और जिला स्तरीय पदाधिकारी और सक्रिय कार्यकर्ता शामिल हुए. कार्यक्रम में आप के प्रदेश मीडिया सह प्रभारी कुमार राकेश, बोकारो जिला संयोजक विधान चंद्र राय, बोकारो जिला संगठन प्रभारी मो मेहबूब आलम, जिला उपाध्यक्ष गुलाम रसूल, महिला प्रकोष्ठ संयोजक मंजुला देवी, जिला प्रवक्ता अरविंद विकास, किसान प्रकोष्ठ संयोजक आनंद कुमार मंडल, युवा प्रकोष्ठ संयोजक प्रदीप झा, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ संयोजक मनौवर अंसारी, उपाध्यक्ष मनौवर अली, झुग्गी-झोंपडी प्रकोष्ठ संयोजक भगवान सिंह कुशवाहा, केपी वर्मा, राहुल शर्मा, सुमन सिंह, सुमन सिंह मिट्ठू, श्रीपति रजवार, विनय कुमार श्रीवास्तव समेत अन्य कार्यकर्ता शामिल थे.

### गोड्डा की कांग्रेस प्रत्याशी दीपिका पांडे के विरोध में प्रदर्शन

**देवघर ।** गोड्डा लोकसभा क्षेत्र के महागठबंधन प्रत्याशी दीपिका पांडे सिंह के विरोध में बलिडीह मोड पर कार्यकर्ताओं ने आक्रोश पूर्ण प्रदर्शन किया. कांग्रेस के केंद्र और राज्य के नेतृत्व से आग्रह किया गया है कि प्रत्याशी पर फिर से विचार किया जाय. नहीं तो एक सप्ताह के अंदर हम सभी कार्यकर्ता अलग निर्णय लेने के लिए बाध्य होंगे. लेकिन आला कमान पर पूर्ण विश्वास है कि प्रत्याशी बदलेंगे. मौके पर डहुआ पंचायत के मुखिया दिवाकर पासवान, भंडारो पंचायत के मुखिया विमल यादव झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला सचिव विनोद वर्मा, समाजसेवी रंजीत यादव, शाहबाज हुसैन, लालू यादव, देवकांत राउत, समीद अंसारी, मुर्तजा अंसारी, नियाजुद्दीन अंसारी, अफजल अंसारी, उप मुखिया -डहुआ रंजीत यादव, पिंकू यादव, बबलू यादव, दयानंद यादव, सुनील यादव, हरेंद्र यादव, संजय यादव, बहादुर यादव, चंदन यादव, कार्तिक यादव, रंजीत यादव, महावीर यादव, श्रीकांत यादव, बाबूराम दास, दिवाकर दास, ईन्दो मिर्धा, तारणी मिर्धा, गरीब यादव समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे.

# स्टोन लदा ट्रक का टायर हुआ ब्लास्ट, चालक की हुई मौत

- मृतक की पहचान रिंकू शेख के रूप में की गयी है

**संवाददाता । साहिबगंज**



उधवा प्रखंड में राधानगर थाना क्षेत्र के आलम पेट्रोल पंप के पास शनिवार की रात एक ट्रक का टायर ब्लास्ट होने से एक ट्रक ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई है. मिली जानकारी के अनुसार पश्चिम बंगाल के मालदा जिला के मानिकचक थाना क्षेत्र के जलालपुर भाल्लू टोला के मोहम्मद मुस्ताक अली के पुत्र रिंकू शेख (30) वर्ष ट्रक ड्राइवर है.

रोजाना की तरह गाड़ी लेकर शनिवार की रात बरहरवा की ओर से स्टोन चिप्स लोड कर राजमहल फेरी घाट आ रहा था. इस दौरान आलम पेट्रोल पंप के पास अचानक गाड़ी में तकनीकी खराबी आ गई. जिसके बाद सह चालक ताजामुल शेख गाड़ी में जैक लगाने लगा व चालक रिंकू शेख अंदर झांक कर मोबाइल का फ्लैशलाइट जलाकर उसे दिखा रहा था. उसी समय अचानक जोरदार आवाज के साथ गाड़ी का टायर ब्लास्ट कर गया. जिसमें चालक रिंकू बुरी तरह घायल हो गया व सह चालक को हल्की-फुल्की चोटें लगी. रिंकू को रात में ही इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल राजमहल लाया गया है. जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया. घटना की सूचना मिलते ही राधानगर थाना पर भारी अमित कुमार सोनी व राजमल थाना प्रभारी गुलाम सरवर मौके पर पहुंचकर छानबीन किया. रविवार को शव का पोस्टमार्टम करने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया. मृतक शादीशुदा था और अपने पीछे पत्नी सहित एक दो साल का बेटा छोड़ कर गया है. परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है.

### जरीडीह के रोरिया में भोक्ता पर्व पर छऊ नृत्य का आयोजन

**बोकारो ।** जरीडीह प्रखंड के रोरिया स्थित शिवालय में भोक्ता पर्व धूमधाम से मनाया गया. शनिवार को दिनभर पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा. दूरदराज से भी काफी संख्या में लोग पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे. इस अवसर पर शनिवार की रात को छऊ नृत्य का आयोजन भी हुआ. इसमें पश्चिम बंगाल के डुमरडीह (कोटशिला) के गुनाधर महतो एवं घाटकठिया के मिथुन सिंह घटवार की टीम ने आकर्षक छऊ नृत्य प्रस्तुत किया. स्थानीय समाजसेवी व आयोजन समिति के रथुराम महतो, काशीनाथ महतो, नागेश्वर महतो आदि में बताया कि यहां 1987 से भोक्ता पर्व एवं मेला का आयोजन हो रहा है और यह आस्था का केंद्र बना हुआ है. मौके पर आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव काशीनाथ सिंह, संतोष कुमार महतो, सुनील मंडल, मंटुराम मरांडी के अलावा मेला कमेटी के अध्यक्ष अर्जुन महतो, राकेश कुमार महतो, सुनील कुमार महतो, नंदलाल महतो, रथुराम महतो, मुरली महतो, काशीनाथ महतो, राजेंद्र महतो, नागेश्वर महतो, हरिपद महतो, प्रदीप महतो, बहादुर महतो आदि मौजूद थे.

# मैट्रिक परीक्षा में संतोष शर्मा बने गोड्डा के सेकंड टॉपर



**संवाददाता । महगामा**

मैट्रिक की परीक्षा का परिणाम जारी होने के बाद संतोष कुमार शर्मा जो जिला के सेकंड टॉपर है इनकी सफलता भी अद्भुत है. पढ़ाई के अलावा पिता के साथ बढ़ई का काम करके मिली यह सफलता अपने आप में बहुत महत्वपूर्ण है. आधे अधूरे संसाधन के भरोसे सफलता को प्राप्त करना बड़ी उपलब्धि है.

महगामा अनुमंडल अंतर्गत ग्राम समरी के रहनेवाले संतोष चर्चा में बने हुए है. इन्होंने मैट्रिक की परीक्षा में 96.60 प्रतिशत 483 अंक लाकर पूरे गोड्डा जिला में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है. छात्र संतोष बताते हैं कि उनके पिता का लकड़ी का कारोबार करते हैं, फर्नीचर बनाकर बिक्री करते हैं, बहुत सीमित आमदनी है. स्कूल से छुट्टी के बाद तीन से चार घंटे तक पिता के साथ ही काम करता हूं, फिर देर रात्रि अपनी पढ़ाई किया करते थे. सफलता की बात कहते हैं कि मैं हमेशा से स्कूल में टॉप करता रहा हूं. इसलिए फर्स्ट डिवीजन मिलेगा इसके लिए आश्वस्त था. मगर जिला में सेकंड पोजीशन आयेगा इसकी उम्मीद नहीं थी. संतोष आगे साइंस की पढ़ाई कर यूपीएससी परीक्षा में सफलता पाना चाहते हैं.

### मेगा ब्लाक के कारण कई ट्रेनों का परिचालन रद्द कर दिया गया

**मधुपुर (देवघर)।** आसनसोल-झाझा रेलखंड के बीच रविवार को मेगा ब्लॉक रहेगा. इस वजह से 10 घंटे तक रेल सेवा बाधित रहेगी. दरअसल, इस रेल खंड पर स्थित पुल ब्रिज संख्या 623 में नई गार्डर चढ़ाने का काम किया जाना. इसके लिए (नवापतरो व मथुरापुर स्टेशन के बीच) अप मेन लाइन सुबह छह बजे से शाम चार बजे तक ब्लॉक रहेगा. इस मेगा ब्लाक के कारण कई ट्रेनों का परिचालन रद्द कर दिया गया है, तो कई ट्रेनों के मार्ग में परिवर्तन किया गया है. यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए रेलवे ने हावड़ा-लाल कुआं और रांची-भागलपुर के बीच दो ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है. 05060 लालकुआं-हावड़ा समर स्पेशल लालकुआं से 25 अप्रैल से 27 जून के बीच प्रत्येक गुरुवार को दोपहर बाद दो बजे प्रस्थान करेगी. यह अगले दिन रात 9:30 बजे हावड़ा पहुंचेगी. 05059 हावड़ा-लाल कुआं समर स्पेशल हावड़ा से 26 अप्रैल से 28 जून के बीच प्रत्येक शुक्रवार को रात 11:30 बजे प्रस्थान करेगी. तीसरे दिन 1:55 बजे लाल कुआं पहुंचेगी.

दुमका | डॉक्टर और कंपाउंडर पर इलाज में लापरवाही का लगाया आरोप

# गलत इंजेक्शन से पर्शियन बिल्ली की मौत, शिकायत दर्ज

**संवाददाता । दुमका**



रेफरल पशु अस्पताल में रविवार को सुई लगाने के बाद पर्शियन बिल्ली की मौत हो गई. स्वजन ने डॉक्टर और कंपाउंडर पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई के लिए नगर थाना में आवेदन दिया है. पुलिस मामले की जांच कर रही है.

दुधानी निवासी अब्दुल फिरोज के बेटे नदीम ने लगभग चार माह पूर्व कोलकाता से एक पर्शियन बिल्ली खरीदी. दो माह की इस बिल्ली को बड़े ही अरमान से घर लाकर पालपोश कर बड़ा किया. पालतू होने के कारण परिवार के एक सदस्य के रूप में उसकी परवरिश हुई. रविवार की सुबह बुखार होने की वजह से बिल्ली की तबीयत बिगड़ गई. अब्दुल नदीम उसे इलाज के लिए रेफरल पशु अस्पताल ले गया. ड्यूटी पर तैनात डॉ. विद्या भूषण ने जांच करने के बाद चार सुई लिख दी. नदीम बाहर से सुई खरीदकर लाया. कंपाउंडर सुरेंद्र ने सभी सुई बिल्ली को लगा दी.

इंजेक्शन लगते ही बिल्ली की तबीयत और बिगड़ गई. बिल्ली के स्वामी का कहना है कि दस मिनट के अंदर बिल्ली के मुंह से झाग आने लगा. इसके बाद मुंह से खून आया और तड़पकर मर गई. आरोप लगाया कि डॉक्टर की लापरवाही और कंपाउंडर के गलत तरीके से इंजेक्शन लगाने के कारण बिल्ली की मौत हो गयी. इसके बाद स्वजन बिल्ली को लेकर नगर थाना पहुंचे और अब्दुल नदीम ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए डॉक्टर और कंपाउंडर पर उचित कानूनी कार्रवाई करने के लिए आवेदन दिया. पुलिस का कहना है कि आवेदन मिला है. मामले की जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी.

**डॉ. विद्या भूषण ने जांच करने के बाद चार सुई लिख दी. नदीम बाहर से सुई खरीदकर लाया. कंपाउंडर सुरेंद्र ने सभी सुई बिल्ली को लगा दी.**

# आग लगने से आठ घर जलकर राख

मंडरो प्रखंड अंतर्गत सिमड़ा पंचायत के बंगलिया गांव की घटना

**संवाददाता । साहिबगंज**



रविवार को मंडरो प्रखंड अंतर्गत सिमड़ा पंचायत के बंगलिया गांव में लगी भीषण आग की चपेट में आठ घर जलकर राख हो गया. वही अगलगी की सूचना अग्निशमन विभाग को दी गई. लेकिन काफी देर तक अग्निशमन की गाड़ी नहीं पहुंची. अगलगी के बाद अफरा-तफरी का माहौल हो गया. घटना की सूचना मिलने के बाद मंडरो सीओ पंकज कुमार भगत घटनास्थल पर पहुंचे और वन विभाग से पानी का टैंकर मंगाई और कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया. लेकिन तब तक आठ घर पूरी तरह जलकर खाक हो गया. इस अगलगी की घटना में लाखों रुपए का नुकसान होने का अंदेशा जताई जा रही है. इस घटना के बाद आठ परिवार बेघर हो गए हैं. पीड़ित परिवारों ने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है. मंडरो सीओ पंकज कुमार भगत व मंडरो प्रखंड विकास पदाधिकारी मेघनाथ उरांव द्वारा पीड़ित परिवारों को राहत सामग्री वितरण किया गया और कहा की आगे भी हरसंभव मदद किया जाएगा.

**ब्रीफ खबरें**

### बच्छेडीह के बिरहोर टोले में पेयजल संकट

**डोमचांच(कोडरमा)।** प्रखंड की बच्छेडीह पंचायत के विंडोमोह में लगभग आधा दर्जन चापानल खराब होने के कारण लोगों के समक्ष भयंकर पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई है. बिरहोर टोला में चापानल के साथ लगा जल मीनार भी खराब हो गया है, जिससे खास कर बिरहोर परिवार परेशान हैं. गौरतलब है कि प्रचंड गर्मी होने के कारण लोग बहुत परेशान हैं. लोग लंबी दूरी तय कर पानी लाते हैं या तो मजबूर होकर बाजार से जार का पानी खरीदने को मजबूर हैं. लोगों ने पानी की समस्या से निजात पाने के लिए विभाग से बंद पड़े चापानल की मरम्मत करने की मांग की है. मांग करने वालों सोमर बिरहोर, परशादी बिरहोर, राजू बिरहोर, संजय बिरहोर, विनोद बिरहोर आदि परिवार शामिल हैं.

### थाना प्रभारी ने बाल विवाह को रोका

**कटकमसांडी।** पेलावल ओपी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पबरा के हरिणा में एक लड़की के हो रहे बाल विवाह की सूचना मिलने पर कटकमसांडी बीडीओ सबिता सिंह और जन सेवा परिषद टीम के सदस्य हरिणा पहुंच कर प्रस्तावित बाल विवाह को रोक दिया. संतोष रजक की पुत्री मुस्कान की शादी प्रस्तावित थी. उसकी अठारह वर्ष से कम थी. इस उम्र में विवाह की जानकारी स्थानीय लोगों से मिलने के पश्चात बीडीओ सबिता सिंह तुरंत दल बल के साथ उस लड़की के घर पहुंची और मां बाप को कम उम्र में विवाह होने के नुकसान के बारे में समझाया और नियमानुसार विवाह के लिए निर्धारित उम्र 18 साल होने के बाद ही विवाह कराने का निर्देश दिया.

### रामनरेश की पुण्यतिथि पर शरबत का वितरण

**हजारीबाग।** अपने दादाजी रामनरेश यादव की तीसरी पुण्यतिथि पर गौतम बुद्ध शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय मुकुंदगंज हजारीबाग के प्राचार्य डॉ.अरविंद कुमार यादव ने शरबत वितरण सेवा का आयोजन किया. झील परिसर स्थित प्रेस क्लब हजारीबाग के सहयोग से मुख्यद्वार के निकट रविवार को नेशनल जर्नल "इडुनिक बुलेटिन" का विमोचन भी किया गया. यह आयोजन पितामह रामनरेश यादव स्मृति कोष, जौनपुर उत्तर प्रदेश से किया गया. मौके पर मुख्य अतिथि प्रो. गजेन्द्र सिंह, प्रो. मृत्यंजय सिंह, शिक्षक शिक्षाविद् सह झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष और गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष मनोज कुमार, विशिष्ट अतिथि निशांत यदूवेन्द्र आदि मौजूद थे.

### महायज्ञ को लेकर निकली शोभायात्रा

**केरेडारी।** प्रखंड के जोरदाग गांव में रविवार को श्री श्री 1008 नौ दिवसीय रुद्र महायज्ञ का शुभारंभ भूमि पूजन व झंडारोहण कार्यक्रम कर भव्य शोभायात्रा निकाली गयी. भक्तों ने भूमि पूजन स्थल से पूरे गांव भ्रमण करते हुए पुनः भूमि पूजन स्थल में पहुंच कर शोभायात्रा की समाप्ति की. महायज्ञ के लिए यज्ञाचार्य सत्येंद्र पांडेय शास्त्री, अमित पांडेय यज्ञाधीश महाराज प्रयाग राज ने ध्वजारोहण का कार्य किया. महायज्ञ 28 अप्रैल से शुरू होगा जो 6 मई तक चलेगा. मौके पर केरेडारी प्रमुख सुनीता देवी, यज्ञ अध्यक्ष श्यामदेव साव, सचिव अमित कुमार माली, कोषाध्यक्ष कुलदीप साव, मीडिया प्रभारी ज्ञान पासवान, उपाध्यक्ष अनिल मुंडा, बालदेव साव, उदय लाल गुप्ता आदि उपस्थित थे.

**श्री दिगंबर जैन मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गयी, लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहीं झाकियां**

# धूमधाम से मना महावीर का जन्म कल्याणक महोत्सव

**संवाददाता। रामगढ़**



श्री दिगंबर जैन मंदिर में जैन समाज ने धूमधाम से भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव मनाया. इस अवसर पर सर्वप्रथम श्रीजी का अभिषेक एवं शांति धारा किया गया. भगवान महावीर की मूलनायक प्रतिमा, प्राचीन प्रतिमा, पांडुशीला पर विराजवान अष्ट धातु की प्रतिमा पर स्वर्ण कलश से जलाभिषेक इंद्रमणि देवी चूड़ीवाल, ललीत चूड़िवाल, विद्याप्रकाश पदमचंद छाबड़ा, राजेंद्र राजेश चूड़ीवाल ने किया. वहीं भगवान आदिनाथ स्वामी पर जलाभिषेक करने का सौभाग्य हीरामणि देवी चूड़ीवाल, सुशील चूड़ीवाल परिवार को मिला. भगवान पारसनाथ स्वामी पर जालभिषेक करने का सौभाग्य मांगीलाल अशोक चूड़ीवाल को मिला. शांतिधारा करने का सौभाग्य इंद्रमणि देवी चूड़ीवाल, ललित चूड़ीवाल, राजेंद्र कुमार राजेश कुमार चूड़ीवाल को मिला.

इससे पहले रविवार सुबह श्री दिगंबर जैन मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गयी, जो थाना चौक, गोला रोड, चट्टी बाजार, लोहा टोला, शिवाजी रोड, सुभाष चौक होते हुए दिगंबर जैन मंदिर पहुंची. शोभायात्रा में आकर्षक का केंद्र झांकियां थी, जिसमें मानो श्रीजी साक्षात विराजमान थे. शोभायात्रा का विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों ने स्वागत किया. भगवान महावीर का दिव्य संदेश दिया गया. अहिंसा सबसे बड़ा धर्म है. अतः हमें 'जियो और जीने दो' के संदेश पर कायम रहना चाहिए.

**महावीर स्वामी का पंचशील सिद्धांत :** महावीर स्वामी का पंचशील सिद्धांत है, जिसमे अहिंसा, अस्तेय, ब्रह्मचर्य, सत्य और अपरिग्रह शामिल है. भगवान महावीर का आत्म धर्म जगत की प्रत्येक आत्मा के लिए समान था. उनका कहना था कि हम दूसरों के प्रति भी वही व्यवहार व विचार रखें जो हमें स्वयं को पसंद हों. यही उनका 'जीयो और जीने दो ' का सिद्धांत है. उन्होंने न केवल इस जगत को मुक्ति का संदेश दिया, अपितु मुक्ति की सरल और सच्ची राह भी बताई.

**राहगीरों के लिए की थी शीतल जल की व्यवस्था**

पूरे आयोजन के दौरान समाज द्वारा राहगीरों के लिए शीतल जल की व्यवस्था की गयी थी. मौके पर समाज के अध्यक्ष मानिक चंद जैन पाटनी, सचिव सचिव नागर मल जी गंगवाल, कोषध्यक्ष जंबू जैन, नरेंद्र छाबरा, जीवन मल जैन, राजू सेठी, ललित चुरीवाल, देवेंद्र गंगवाल, नीरज सेठी, राजु पाटनी, राजेंद्र चूड़ीवाल, अरुणा जैन, मीना पाटनी, खुशबू चूड़ीवाल, ऊषा अजमेरा पुष्पा अजमेरा, उषा पाटनी अनीता चूड़ीवाल, डोली पाटनी, ममता गंगवाल, सुनीता पाटनी, कुसुम पाटनी, गिनिया सेठी, सरिता छाबरा, नीता सेठी, सुधा जैन, शीतल सेठी, सुनीता चूड़ीवाल, चंदा रपरिया, उषा अजमेरा, स्वेता अजमेरा आदि मौजूद थे.

**हजारीबाग यूथ विंग के पदाधिकारियों और सदस्यों ने किया स्वागत**

## महावीर जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा

**संवाददाता। हजारीबाग**



हजारीबाग की पावन धरती पर जैन समुदाय की ओर से महावीर जयंती के पावन पर्व पर भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी. हजारीबाग यूथ विंग के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने बड़ा बाजार चौक के समीप जैन समुदाय के महामंत्री पवन जैन अजमेरा, सयुक्त महामंत्री, कोषाध्यक्ष, कार्यकारिणी सदस्य टोनी जैन, एवं स्वरूप चंद्र सहित कई बड़े पदाधिकारियों को अंग वस्त्र देकर उनका स्वागत किया.

तत्पश्चात जुलूस में शामिल तमाम महिलाओं, पुरुषों एवं बच्चों के बीच जूस एवं पानी की बोतल का वितरण किया गया. इसके पश्चात सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने शोभायात्रा में शामिल महावीर स्वामी की तस्वीर का दर्शन कर उनसे आशीर्वाद लिया. तत्पश्चात जैन समाज के बड़े पदाधिकारियों ने हजारीबाग यूथ विंग के समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों का अभिनंदन किया. शोभा यात्रा के दौरान जैन समुदाय के सभी सदस्य महावीर स्वामी के जयकारे लगा रहे थे. वहीं महिलाएं लाल, पीली, साड़ी एवं पुरुष कुर्ता पजामा में शोभायात्रा का भरपूर आनंद ले रहे थे. बच्चे भी शोभायात्रा में आनंदित होकर घूम रहे थे और ईश्वर की आराधना कर रहे थे.

**भगवान महावीर स्वामी का जीवन ही उनका संदेश**

हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्रप्रकाश जैन ने महावीर जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का जीवन ही उनका संदेश है. उनके सत्य, अहिंसा, अपरिग्रह, ब्रह्मचर्य और अस्तेय आदि उपदेश एक खुली किताब की तरह है. हजारीबाग यूथ विंग के सचिव संजय कुमार एवं उपाध्यक्ष विकास केसरी ने कहा कि जैन समाज द्वारा महावीर जयंती के उपलक्ष्य पर निकाली गयी भव्य शोभायात्रा का स्वागत व अभिनंदन करने का हम सभी को सौभाग्य प्राप्त हुआ. कार्यक्रम को सफल बनाने में हजारीबाग यूथ विंग के अभिभावक स्वरूप सुरेंद्र खंडेलवाल, संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन, सचिव संजय कुमार, उपाध्यक्ष विकास केशरी, कोषाध्यक्ष रितेश खंडेलवाल, कार्यकारिणी सदस्य वीरेंद्र गर्ग उर्फ बिट्टू बिहारी, अभिषेक पांडे,प्रणीत जैन, हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक की सुपुत्री वर्षा जैन, अजय यादव सहित कई लोगों ने योगदान दिया.

**इंजीनियर बनकर देश की सेवा करना चाहता है अनिकेत कुमार**

## प्रखंड टॉपर अनिकेत को मनीष जायसवाल और मनोज यादव ने किया सम्मानित

**संवाददाता। चौपारण**



जैक बोर्ड की ओर से 19 अप्रैल को जारी मैट्रिक बोर्ड परीक्षा के रिजल्ट में प्रखंड के लगभग सभी उच्च विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उम्दा प्रदर्शन किया. वहीं प्रखंड के सिंहपुर में कस्तूरबा जनजागरण समिति की ओर संचालित डॉ. ललन बाबू कस्तूरबा गांधी उच्च विद्यालय व मॉडर्न पब्लिक स्कूल दादपुर के मानव कुमार सिन्हा व अनिकेत कुमार सिन्हा ने 473 ( 94.60 प्रतिशत ) अंक लाकर संयुक्त रूप से प्रखंड टॉपर बने. सदर विधायक मनीष जायसवाल व बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने अनिकेत कुमार सिन्हा को मैट्रिक में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित कर उसके हौसले को बढ़ाया. इस मौके पर विद्यालय के शिक्षकों को भी सम्मानित कर उनके मनोबल को बढ़ाया. उन्होंने कहा कि गांव के बच्चों में प्रतिभा कूट कूट कर भरी है बशर्ते उन्हें तराशने वाला सही कारीगर होने चाहिए. यहां के शिक्षक बखूबी अपनी जिम्मेवारियों को निभा रहे हैं. वहीं प्रखंड टॉपर अनिकेत ने कहा कि वह इंजीनियर बनकर देश की सेवा करना चाहता है. मौके पर भाजपा जिला महामंत्री सुनील साहू, राजेश सहाय, जिप सदस्य राकेश रंजन, मुखिया गंदौरी दांगी, राजदेव यादव एवं विद्यालय अध्यक्ष अरबिंद सिन्हा, प्रभारी धीरेंद्र सिन्हा, शिक्षक सुजीत सिन्हा, अभिनाश सिन्हा, अमित सिन्हा, अनिकेत के पिता अनुज सिन्हा आदि उपस्थित थे.

**खास बातें**

- अनिकेत व मानव ने संयुक्त रूप से लाये 473 अंक
- विद्यालय के शिक्षकों को भी किया गया सम्मानित

**ट्रांसफार्मर में शॉर्ट सर्किट हो रही थी, बिना मरम्मत किये चालू कर दी गयी बिजली**

## शादी घर समेत 20 दुकानें जलकर राख हुई

**संवाददाता। हजारीबाग**





मुफस्सिल थाना क्षेत्र के हरनगंज रोड स्थित शगुन वाटिका शादी घर में रविवार को शॉर्ट सर्किट से आग लग गई और देखते ही देखते शादी घर से सटी लगभग 20 दुकानें जलकर खाक हो गयीं. इस घटना में लगभग एक करोड़ रुपये का नुकसान होने की बात कही जा रही है. आग लगते ही दो दमकल की गाड़ी ने घटना स्थल पर पहुंचकर आग पर काबू पाया.

इस संबंध में दुकान संचालकों ने बताया कि ट्रांसफार्मर में शॉर्ट सर्किट हो रही थी. इसकी सूचना रविवार को लगभग 10:00 बजे बिजली विभाग को दी गई, लेकिन उसके द्वारा बिजली तो काटी गई पर बिना रिपेयरिंग किए हुए 2:00 बजे फिर से बिजली चालू कर दी गई. इसके बाद शॉर्ट सर्किट से शादी घर में आग लगी और देखते ही देखते शादी घर से सटी लगभग 20 दुकानों में आग लग गई, जिसमें पेंट और इलेक्ट्रॉनिक दुकानें शामिल हैं. इस संबंध में शगुन वाटिका के संचालक इशांत कुमार सिंह ने बताया कि इस घटना में लाखों रुपये का नुकसान हुआ है. होटल में लगभग 50 लाख, जबकि पेंट दुकान और इलेक्ट्रॉनिक दुकान में 20 लाख का सामान जलने की बताई जा रही है.

**समाजसेवी भैया अभिमन्यु प्रसाद ने भी बिजली विभाग पर निशाना साधा :** इधर समाजसेवी भैया अभिमन्यु प्रसाद ने भी बिजली विभाग पर निशाना साधा है. उन्होंने कहा कि कल प्रेस वार्ता के माध्यम से लोगों को जानकारी दी गई थी और आज इसकी पुष्टि भी हो चुकी है. बिजली विभाग पूरे शहर की बिजली काट कर रिपेयरिंग करने की बात कह रहा था. अब ऐसे में खुद आप समझ सकते हैं कि अगर रिपेयरिंग हुआ होता तो फिर आज रामनवमी बीते तीन दिन भी नहीं हुये और बिजली के शॉर्ट सर्किट से 20 दुकानों में आग लग गई है. उन्होंने यह भी कहा कि पदमा में हाईटेंशन तार के टूटकर गिरने से चार मवेशी की जान चली गई.

**नुकसान की भरपाई करने की कोशिश की जाएगी**

आग लगने की घटना के संबंध में बिजली विभाग के शहरी क्षेत्र के सहायक अभियंता प्रताप कुमार सिंह ने बताया कि बिजली में टेक्निकल खराबी होने की बात कही गई थी, जिसके बाद विभाग ने ट्रांसफार्मर से लाइन काट दी थी. रिपेयरिंग करने के बाद उसे पुनः बहाल कर दी गई. अब शॉर्ट सर्किट से आग लगी है तो जली हुई दुकानों की भरपाई करने की कोशिश की जाएगी. उन्होंने यह भी कहा कि पदमा क्षेत्र हमारा नहीं है इसलिए मुझे इसकी कोई जानकारी नहीं है. उन्होंने यह भी कहा कि शहर में रामनवमी के दिन बिजली जिला प्रशासन के आदेश पर काटी गयी थी.

**चौपारण के लिये अशुभ रहा रविवार, शादी समारोह से लौटने के दौरान हुये सड़क हादसे**

## दो युवकों की सड़क दुर्घटना में मौत, दो गंभीर

**संवाददाता। चौपारण**



चौपारण के लिए रविवार का दिन अशुभ रहा. अहले सुबह शादी समारोह से लौट रहे प्रखंड के दो युवकों की अलग-अलग जगह पर हुयी सड़क दुर्घटना में मौत हो गई. वहीं दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए. एक घायल को हज़ारीबाग तो दूसरे घायल को बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर किया गया.

पहली घटना इटखोरी में सुबह 5 बजे के करीब की बताई जाती है, जहां चौपारण की दैहर पंचायत के ग्राम हथिंदर के तीन युवक एक बाइक से एक शादी समारोह से वापस अपने घर लौट रहे थे. इसी बीच इटखोरी के समीप उनकी बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गयी, जिसमें बाइक सवार एक युवक कुंदन भुइयां, पिता बद्री भुइयां की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी. वहीं बाइक सवार दूसरे युवक रामचंद्र भुइयां के पुत्र को बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर किया गया. वहीं तीसरे युवक को हज़ारीबाग सदर अस्पताल रेफर किया गया. इस बात की जानकारी समाजसेवी नागेंद्र कुमार कुशवाहा ने दी. वहीं घटना की खबर सुनकर बरही विधायक सह निवेदन समिति सभापति उमा शंकर अकेला मृतक के घर दैहर पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाया. मौके पर दैहर मुखिया ब्रह्मदेव भुइयां, कोठारी सिंह एवं अन्य उपस्थित थे.

**एक साल पहले शादी हुयी थी सागर की, अज्ञात वाहन ने कुचल डाला :** वहीं दूसरी घटना चौपारण-चतरा रोड के सवैया पुल के समीप घटी, जहां प्रखंड की बसरिया पंचायत के युवक सागर कुमार चंद्रवंशी (40), पिता हरदेव चंद्रवंशी अपनी स्कूटी से इटखोरी की तरफ से एक शादी समारोह से वापस घर लौट रहा था. इसी बीच, चतरा रोड के सवैया मोड़ के समीप किसी अज्ञात गाड़ी ने स्कूटी को अपनी चपेट में ले लिया और युवक को कुचलते हुए इटखोरी की तरफ फरार हो गया. इसके बाद आसपास के लोग दौड़े लेकिन तब तक युवक की जान जा चुकी थी. घटना की खबर सुनकर जिप सदस्य राकेश रंजन घटना स्थल पर पहुंचे और युवक के आईडी कार्ड को निकाल कर मृतक के परिजनों व प्रशासन को विभिन्न माध्यमों से सूचित किया. इसके बाद मृतक के पार्थिव शरीर को आपदा मित्र की एंबुलेंस की मदद से चौपारण ले जाया गया, जहां से पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया. बता दें कि मृतक का पिछले वर्ष ही मयूरहंड प्रखंड के धनगंवा में विवाह हुआ था. इधर घटना की खबर मिलते ही मृतक के माता और उनकी पत्नी व परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था.

**खास बातें**

- निवेदन समिति सभापति उमा शंकर अकेला मृतक के घर पहुंचे
- एक घायल को हज़ारीबाग तो दूसरे को रांची किया रेफर

### होटल में घुसे कंटेनर ने तीन लोगों को चपेट में लिया, एक घायल गंभीर

**चरही।** थाना क्षेत्र के 15 माइल एनएच-33 के किनारे एक दूध से भरा कंटेनर दीवार को तोड़ता हआ होटल में घुस गया और उसमें सोए हुए तीन लोगों को अपनी चपेट में ले लिया. इनमें एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया. जानकारी के अनुसार दूध से भरा कंटेनर रांची से पटना की ओर जा रहा था. रात होने पर 15 माइल रॉयल होटल के पास चालक वाहन को खड़ा कर सो गया. रविवार की अहले सुबह करीब 4 बजे उसकी नींद खुली तो वह गंतव्य स्थान की ओर जाने के लिए वाहन को बाइक करने लगा. इसी क्रम में उक्त घटना घटी. घटना के बाद चालक दूध से भरे कंटेनर को छोड़कर भाग निकला. घायलों में आरिश रजा, रोहित कुमार और फैजन शामिल हैं. इनमें दो लोग स्थानीय अस्पताल में इलाज कराकर घर लौट गए, जबकि आरिश रजा को बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया. गया. पुलिस ने कंटेनर को अपने कब्जे में ले लिया है.

## निर्वस्त्र अवस्था में मिली युवती के बयान पर मामला हुआ दर्ज

**संवाददाता। हजारीबाग**

मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कन्हरी जगदीशपुर जंगल से असामान्य हालत में मिली युवती के मामले में पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है. पुलिस आरोपी रितिक कुमार की तलाश कर रही है, जो अभी फरार है. युवती सोनी कुमारी ने अपने स्वीकृत बयान में बताया कि उसकी शादी 2018 में सरायकेला निवासी रवि कुमार से हुई थी. 2023 में रवि कुमार और सोनी कुमारी का तलाक हो गया था. इसके बाद सोनी कुमारी अपने पुत्र के साथ बूटी मोड़ में किराए के मकान पर रहती थी. इस दौरान उसे कोर्रा थाना क्षेत्र निवासी ॠतिक कुमार से प्यार हो गया और दोनों ने रजरप्पा मंदिर में शादी कर ली. रितिक अपनी पत्नी के साथ रांची के सैनिक कॉलोनी डूमरदगा में रह रहा था. 2 दिन पूर्व ॠतिक ने सोनी को हजारीबाग अपनी मां से मिलने की बात कह कर बुलाया. हजारीबाग आने के बाद सोनी को आरोपी ने स्टिंग नमक पे पदार्थ में बेहोशी की दवा मिलाकर पिला दिया. कोल्ड ड्रिंक पीने के बाद युवती को नींद आने लगी. इसके बाद आरोपी उसे जंगल ले गया और उसके साथ जबरदस्ती करने का प्रयास भी किया. आरोपी ने सोनी के ऊपर पेट्रोल छिड़का, जिससे ठंड लगने पर वह चिल्लाई तो आसपास के लोग जमा होने लगे. इसके बाद आरोपी फरार हो गया. बता दें कि कनहरी-जगदीशपुर रोड स्थित भेलवाटांड़ जंगल से शनिवार रात युवती बेहोशी व निर्वस्त्र अवस्था में मिली थी.

**अपराधी न बख्शे जाएंगे न उनकी पहचान छिपेगी**

एसपी अरविंद कुमार ने बताया कि रेप का मामला नहीं लग रहा. जल्द मामले का खुलासा करेंगे. कहा कि अपराधी न बख्शे जायेंगे और न उनकी पहचान छिपेगी.

**चिंतनीय** **आमजन को जागरूक करेगी ग्राहक पंचायत, जिलाधिकारी को सौंपा जाएगा ज्ञापन**

# दूध में 'जहर' बन रहा कैंसर का सबसे बड़ा कारक

**संवाददाता। हजारीबाग**




राज्य में हीं नहीं, देश में भी उत्पादन से अधिक दूध की खपत है. मांग के अनुसार उत्पादन नहीं होने के कारण मुनाफाखोरी के लिये दूध में पॉम आयल, सर्फ, केमिकल यूरिया आदि का मिश्रण किया जा रहा है, जो जहर का काम करता है. इसके कारण देश में ही नहीं, पूरी दुनिया में कैंसर के मामले लगातार बढ़ रहे हैं. अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत इस दिशा में जन जागरूकता अभियान विभिन्न माध्यमों से चलाएगी। यह निर्णय केंद्र स्तर पर लिया गया है और झारखंड में भी इसको लेकर व्यापक अभियान चलाया जाएगा. बाकायदा जिला अधिकारी को 22 -24 अप्रैल से पूर्व एक ज्ञापन भी सौंपा जाएंगा. यह जानकारी अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के प्रांत सह सचिव अरविंद राणा ने दी.

राणा ने बताया कि इस बाबत एक राज्यस्तरीय बैठक 16 अप्रैल को हुई. बैठक में शिवाजी ने बताया कि पूर्व में दूध में पानी मिलाया जाता था, पानी से किसी को हानि नहीं थी, परंतु वर्तमान समय में दूध में धीमा जहर मिलाया जा रहा है, जो नवजात से लेकर वृद्ध को कैंसर का मरीज बना रहा है. बैठक में हजारीबाग से अधिवक्ता बब्लु कुमार, चतरा से महेश रविदास, अरविंद साह, नवीन वर्मा, श्रीकांत श्रीवास्तव, एपी सिंह, अंकित कुमार, सन्नी कुमार, अमुल पाल, डॉ. अनिता शर्मा, सरिता सिंह, रूबी लाल, आरती श्रीवास्तव, सूरज प्रकाश, उमेश आदि उपस्थित थे.

**उपभोक्ता न्यायालयों के क्रियाकलापों की मांगी है जानकारी :** संगठन मंत्री शिवाजी ने बताया कि देश भर में ग्राहक पंचायत ने उपभोक्ता न्यायालयों के कामकाज की भी निगरानी करने का निर्णय लिया है. इस बाबत आरटीआई के तहत देश भर में विभिन्न उपभोक्ता न्यायालयों से जानकारी मांगी गई है. राज्य में भी इस पर काम हुआ है. 31 मार्च तक राज्य तथा जिला स्तर पर ग्राहक पंचायत ने यह कार्य किया है.

**मीटिंग को सफल बनाने के लिए आयोजन समिति का किया गठन**

# प्रेस क्लब की एजीएम 28 मई को

**संवाददाता। रामगढ़**



प्रेस क्लब रामगढ़ की कार्यकारिणी की बैठक रविवार को संपन्न हुई. प्रेस क्लब के सभागार में हुयी बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने की, जबकि इसका संचालन सचिव योगेंद्र सिंन्हा ने किया. बैठक में आय-व्यय, सदस्यता शुल्क सहित कई एजेंडों पर चर्चा की गयी. वहीं पीसीआर का आगामी 28 मई को एजीएम आयोजित करने का निर्णय लिया गया. एजीएम को सफल बनाने के लिए एक आयोजन समिति का गठन किया गया. इसमें कार्यकारिणी के पदाधिकारी और सदस्यों के साथ रामगढ़ से संजय शुक्ला, प्रदीप राज बबलू, सौरभ सिंह, दिलीप सिंह, अंकित जायसवाल, अनिल विश्वकर्मा, पंकज सोनी, आशीष सिंह, शंकर देवधरिया, कुजू से अमरजीत, राकेश रोशन विक्की, सुरेंद्र सिंह भाटिया, मांडू से संजय मंडल, घाटों से स्वामी नंदन, गिद्दी से रंजीत सिंह, श्याम ठाकुर, भुरकुंडा से राजकुमार सिंह, पतरातू से राजीव रंजन, बरकाकाना से जाकिर हुसैन, गोपाल गिरी, विक्रांत कुशवाहा, दुल्मी से श्रीकांत महतो, अंजनी जायसवाल, रजरप्पा से सुरेंद्र कुमार, राजेश पांडे, गोला से मनोज मिश्रा, जितेंद्र कुमार, सिरका से पंकज सिंह, कृष्ण कुमार को अपने-अपने क्षेत्र के सभी सदस्यों से संपर्क कर उन्हें एजीएम में शामिल कराने की जिम्मेदारी दी गई. साथ ही हर 2 दिन में शाम 7:00 बजे उपरोक्त सभी के अलावा पीसीआर से जुड़े अन्य सभी साथियों से कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान देने की अपील की गई. बैठक में संयुक्त सचिव दीपक प्रसाद, कोषाध्यक्ष तरुण बागी, कार्यकारिणी सदस्य देवांशु शेखर मिश्रा, दुर्वेज आलम, मोहम्मद वालीउल्लाह आदि उपस्थित थे.







## फारूक, गुलाम, तेजस्वी, सुनीता केजरीवाल, मान, अखिलेश, दीपांकर समेत कई नेता अलग-अलग पहुंचे

# उलगुलान महारैली में शामिल हुए सभी बड़े नेता

संवाददाता। रांची

राजधानी में प्रभात तारा मैदान में इंडिया गठबंधन की उलगुलान न्याय महारैली का आयोजन किया गया थे. इस महारैली में शामिल होने के लिए झारखंड कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर, राजद नेता तेजस्वी यादव, जम्मू कश्मीर के क्षेत्रीय पार्टी नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष डॉ. फारूक अब्दुल्ला, पंजाब के सीएम और आप नेता भगवंत सिंह मान, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल, अखिलेश यादव सहित कई नेता अलग-अलग रांची पहुंचे. सूत्रों के अनुसार, राहुल गांधी तबीयत ठीक नहीं होने के कारण इस महारैली में शामिल नहीं हुए. मध्यप्रदेश के सतना में भी राहुल गांधी की सभा स्थगित कर दी गयी. कांग्रेस के अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे भी महारैली में शामिल होने काफी देर से पहुंचे. तब तक भीड़ जा चुकी थी. रैली में सभी नेताओं ने एकस्वर में देश की जनता से भाजपा को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया. और अपनी एकजुटता का प्रदर्शन किया.

### भाजपा को भगाओ और देश के लोकतंत्र को बचाओ : तेजस्वी

रांची एयरपोर्ट पर तेजस्वी यादव ने कहा कि भाजपा को भगाओ और देश के लोकतंत्र को बचाओ. उन्होंने कहा कि कल्पना सोरेन जी का फोन आया था. इसलिए इंडिया अलायंस एकजुट होकर इस महारैली में शामिल होने आये हैं. कहा कि हेमंत सोरेन जी के साथ नाइंसाफी हुई है. उनको तंग किया जा रहा है. झारखंड की जनता भाजपा से बदला लेगी. गुलाम अहमद मीर ने कहा कि झारखंड और हेमंत सोरेन के साथ जो अन्याय हुआ है, उसका जवाब आज झारखंड की जनता केंद्र सरकार को देगी. बीजेपी के भष्टाचारियों की जमात मंच पर इक्ट्ठा होने वाले बयान पर मीर ने कहा कि देश के सारे भष्टाचारी भाजपा की ही पार्टी में हैं.

- पारंपरिक वेशभूषा में पहुंचे टाना भगत और बिरसा के अनुयाई
- पश्चिम सिंहभूम के बिरसा अनुयायी भी बड़ी संख्या में हुए रैली में शामिल
- खराब तबीयत के कारण कांग्रेस नेता राहुल गांधी रैली में शामिल नहीं हो सके











### इंडिया की रैली में केजरीवाल और हेमंत के लिए मंच पर कुर्सियां खाली रखी गईं थीं

**रांची।** इंडिया गठबंधन की रैली के दौरान मंच पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लिए दो कुर्सियां खाली रखी गईं. केजरीवाल और सोरेन अलग-अलग मामलों में जेल में बंद हैं. उलगुलान न्याय महारैली का आयोजन मुख्य रूप से झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने किया था. बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता सोरेन का मास्क लगाए नजर आए. सोरेन को कथित भूमि धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 31 जनवरी की रात को गिरफ्तार किया था. ईडी ने 21 मार्च को केजरीवाल को दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े मामले में गिरफ्तार किया था. मंच पर झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष सोरेन और आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख केजरीवाल के लिए कुर्सियां खाली रखी गईं. रैली के दौरान हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन और अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल मंच पर बैठी थीं. रैली में उपस्थित लोगों ने जेल के ताले टूटेंगे, हेमंत सोरेन छूटेंगे'' जैसे नारे लगाये. झारखंड की राजधानी रांची का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास होने के बावजूद भीषण गर्मी का सामना करते हुए कार्यकर्ता उलगुलान न्याय महारैली के लिए एकत्र हुए. कल्पना और सुनीता के अलावा, झामुमो के सुप्रीमो शिबू सोरेन, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारुक अब्दुल्ला, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव और अन्य नेता रैली में शामिल हुए. प्रभात तारा मैदान में आयोजित रैली में कुल 28 राजनीतिक दलों ने हिस्सा लिया. रैली के मद्देनजर राजधानी में अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती के साथ सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई थी.

## उलगुलान न्याय महारैली में कार्यकर्ताओं का महाजुटान

रेहान/बसंत। रांची

राजधानी रांची के प्रभात तारा मैदान में आयोजित इंडिया गठबंधन की उलगुलान न्याय महारैली में विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं का महाजुटान सुबह से ही शुरू हो गया था. कार्यकर्ता हाथ में कांग्रेस, झामुमो, माकपा, आप समेत अन्य राजनीतिक पार्टियों का झंडा और तख्तियां लेकर रैली में पहुंचे थे. वहीं कुछ कार्यकर्ता हेमंत सोरेन का मुखौटा पहन कर भी रैली में देखे गये. कुछ लोग खुले बदन में दिखे,

### बिरसा मुंडा के अनुयायी भी पहुंचे न्याय महारैली में

पशिचम सिंहभूम के बिरसा अनुयायी भी महारैली में शामिल होने पहुंचे थे. उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा जल, जंगल और जमीन बचाने के लिए अंग्रेजों से लड़े थे. उसी प्रकार राज्य की खनिज संपदा बचाने व सुरक्षित रखने के लिए हम महारैली में आये हैं.

**टाना भगत** भी काफी संख्या में सफेद कपड़ा पहनकर और हाथ में घंटी और भेर बजाते हुए इंडिया गंठबंधन की महारैली में हिस्सा लेने पहुंचे थे.

### प्रवेश के लिए थे छह एंट्री गेट

मैदान में छह इंट्री गेट बनाये गये थे. हर गेट में 5 प्रवेश द्वार थे. महिलाओं-पुरुषों के लिए अलग-अलग प्रवेश द्वार थे. महिला प्रवेश द्वार में महिला और पुरुष प्रवेश द्वार में पुरुष जवान की तैनाती थी. कार्यक्रम में शामिल होने वाले लोगों की प्रवेश द्वार पर तलाशी हो थी. इसके बाद प्रवेश करने दिया जा रहा है. कार्यक्रम स्थल पर 24 एलईडी स्क्रीन भी लगाये गये थे. उलगुलान महारैली में कार्यकर्ताओं के बैठने के लिए 36 यूनिट बनाये गये थे. एक यूनिट में करीब एक हजार से अधिक लोगों के लिए बैठने की व्यवस्था की गयी थी.





**बोले विधायक** बैद्यनाथ राम के नेतृत्व में लातेहार के हजारों कार्यकर्ता उलगुलान रैली में हुए शामिल

# टारगेट पर विपक्षी नेता, नरेंद्र मोदी सरकार तानाशाह

संवाददाता। रांची/लातेहार

रांची में झामुमो एवं इंडी गठबंधन ने उलगुलान न्याय रैली का आयोजन किया. इसमें लातेहार विधानसभा क्षेत्र से झामुमो व इंडी गठबंधन के हजारों कार्यकर्ता शामिल हुए. स्थानीय विधायक सह आयोजन समिति के सदस्य बैद्यनाथ राम के नेतृत्व में कार्यकर्ता रांची गये. शुभम संदेश से बातचीत करते हुए विधायक बैद्यनाथ राम ने कहा कि यह उलगुलान केंद्र सरकार की तानाशाही के विरोध में है. जिस प्रकार केंद्र की सरकार पूर्वाग्रह से ग्रसित हो कर विपक्षी दलों के नेताओं का भयादोहन कर रही है, उससे देश में अराजकता का माहौल बन गया है. जो



भी भाजपा व केंद्र सरकार की आलोचना करता है, उसे झूठा मुकदमा में फंसा दिया जाता है. केंद्र सरकार के इशारे पर ईडी व सीबीआई जैसी जांच एजेंसियां विपक्षी दलों के नेताओं को चुन चुन कर टारगेट कर रही है.

### हेमंत को साजिश के तहत फंसाया गया

बैद्यनाथ राम ने कहा कि हेमंत सोरेन एवं अरविंद केजरीवाल को साजिश से तहत चुनावों से पहले गिरफ्तार कर जेल भेजा गया. रैली में भाग लेने वालों में झामुमो जिलाध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव, अरुण दुबे, विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार, रविंद्र प्रजापति, समशुल होदा, अशोक पांडेय, सुरेश प्रसाद, मो इमरान, अंकित पांडेय, विशाल, एश्वर्य, दीपू सिन्हा, आनंद समेत पंकज तिवारी व इंडी गठबंधन के कई नेता शामिल थे.

## नागपुर के संविधान को मानती है भाजपाः संजय सिंह

संवाददाता। रांची

आप के सांसद संजय सिंह ने कहा कि भाजपा नागपुर के संविधान को



मानती है. नागपुर का संविधान दलित आदिवासी और पिछड़ों का आरक्षण खत्म करने वाला है. ये संविधान बदल कर आरक्षण को खत्म करने वाले हैं. मोहन भागवत ने भी कहा था कि आरक्षण खत्म होना चाहिए. हम संविधान और आरक्षण के अधिकार को खत्म नहीं होने देंगे. हेमंत सोरेन को झूठे आरोप में जेल में डाल दिया गया. पूरा देश झारखंड के साथ है. 2014 में मोदी वाशिंग पाउडर निकला. अजित पवार, नारायण राणे, हेमंत विश्वशर्मा, अशोक च्वहान जो जितना बड़ा पदाधिकारी वह उतना बड़ा बीजेपी में पदाधिकारी बन गया. 400 पार का नारा फर्जी है, इस बार तड़ीपार करना है.

बीजेपी की गारंटी पूरब पश्चिम, उतर दक्षिण से भ्रष्टाचारियों को शामिल करना गारंटी है. पीएम मोदी झूठ बोलने की फैक्ट्री हैं. सेल, रेल, बिजली कोयला गैस सभी अडाणी को दे दिया. चार जून के बाद हेमंत सोरेन और केजरीवाल बाहर होंगे.

### पुरानी है झारखंड को झुकाने की कोशिशः दीपांकर

माले के महासचिव दीपांगकर भट्टाचार्चय ने कहा कि झारखंड को



झुकाने की कोशिश काफी पुरानी है. आरएसएस बीजेपी के लोगों का वश चलता को इसका नाम वनांचल कर देते। काम बिगाड़ने की कोशिश शुरू से ही की है. स्टेन स्वामी को उठा कर पुणे जेल में डाल दिया गया. वे वहीं शहीद हो गए. चुनाव के मौसम में हेमंत सोरेन को जेल में डाल दिया. इन तानाशाही ताकतों के खिलाफ एकजुट होना है. इस बार का चुनाव संविधान बचाने के लिए है. तानशाही रवैये पर चोट करना है.

# सेहत से खिलवाड़

यह विडंबना ही है कि उपनिवेशवाद के चलते पूरी दुनिया का शोषण करने वाले यूरोपीय व पश्चिमी देश लोकतांत्रिक स्वरूप वाले विश्व में भी व्यापारिक हथकंडों के जरिये विकासशील देशों का दोहन कर रहे हैं. दरअसल, खाद्य पदार्थों व शीतल पेयों में अधिक चीनी व नमक के जरिये युवाओं को भी इन उत्पादों की लत लगाई जाती है, जिससे कालांतर में गैर संक्रमणीय रोगों का खतरा बढ़ जाता है. हाल के दिनों में देश में आई जागरूकता के चलते कई ऐसे खुलासे हुए हैं, जिसमें बहुराष्ट्रीय खाद्य उत्पादों के हथकंडों का पता चला है. जिन खाद्य उत्पादों को दशकों से बच्चों की सेहत का राज बताया जा रहा था, परीक्षणों में पाया गया कि तेज मीठे की लत डालकर बच्चों को स्थायी ग्राहक बनाया जा रहा था. जांच के बाद सरकार ने बॉर्नविटा को सेहतवर्धक बताने वाले प्रचार को रोकने के लिए कहा था. अब इस कड़ी में बहुराष्ट्रीय कंपनी नेस्ले से सफाई दी है कि उसके शिशु आहार उत्पादों में चीनी की मात्रा घटाई गयी है. यानी इससे पहले बच्चों को इस उत्पाद की आदत डालने के लिए भारत में इसमें अधिक चीनी की मात्रा मिलायी जा रही है. दरअसल, हाल ही में एक स्विस स्वयं सेवी संगठन 'पब्लिक आई' और इंटरनेशनल बेबी फूड एक्शन नेटवर्क के निष्कर्षों से खुलासा हुआ कि नेस्ले कंपनी ने यूरोप के अपने बाजारों की तुलना में भारत तथा अन्य विकासशील देशों, अफ्रीका व लैटिन अमेरिकी देशों में अधिक चीनी वाले शिशु उत्पाद बेचे. यह कंपनी नेस्कैफे, सेरेलैक व मैगी जैसे चर्चित उत्पादों का कारोबार करती है. इस बहुराष्ट्रीय कंपनी का रवैया कितना भेदभावपूर्ण व दुराग्रह से भरा हुआ है कि छह महीने के बच्चों को दिया जाने वाला नेस्ले का गेहूं पर आधारित उत्पाद सेरेलैक ब्रिटेन तथा जर्मनी में बिना किसी अतिरिक्त चीनी के बेचा जाता है. लेकिन भारत में सेरेलैक के 15 उत्पादों के अध्ययन के बाद खुलासा हुआ है कि एक बार के खाने में औसतन 2.7 ग्राम चीनी थी. अन्य विकासशील देश फिलीपींस में चीनी की मात्रा 7.3 ग्राम पाई गई. ऐसा शिशुओं को इसकी लत लगाने और लागत घटाने के मकसद से किया गया. जो निश्चित रूप से शिशुओं के जीवन से खिलवाड़ ही है, जिससे कई तरह के रोगों का भी जन्म होता है. इस अस्वस्थ खाना-पान से कई रोग उत्पन्न होते हैं. इन स्वास्थ्य समस्याओं में वजन बढ़ना, मोटापा और कालांतर मधुमेह जैसे रोग हो सकते हैं. इसी तरह शीतल पेय, डिब्बा बंद जूस तथाकथित एनर्जी ड्रिंक्स तथा बिस्कुट में चीनी की मात्रा काफी अधिक होती है. इन उत्पादों की गिनती अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड के रूप में होती है. हाल के दिनों में एक ब्रिटिश जनरल में खुलासा हुआ कि ऐसे खाद्य पदार्थों से उम्र पर भी नकारात्मक असर पड़ता है. भारतीय चिकित्सक खुलासा कर रहे हैं कि यदि आपकी डाइट में अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड की मात्रा दस प्रतिशत से ज्यादा होती है तो व्यक्ति के शरीर में कैंसर, मधुमेह, हृदय रोग व अवसाद जैसे रोग उत्पन्न हो सकते हैं.

**दरअसल, हाल ही में एक स्विस स्वयं सेवी संगठन 'पब्लिक आई' और इंटरनेशनल बेबी फूड एक्शन नेटवर्क के निष्कर्षों से खुलासा हुआ कि नेस्ले कंपनी ने यूरोप के अपने बाजारों की तुलना में भारत तथा अन्य विकासशील देशों, अफ्रीका व लैटिन अमेरिकी देशों में अधिक चीनी वाले शिशु उत्पाद बेचे.**

## सुभाषित

**काव्यशास्त्रविनोदेन कालो गच्छति धीमताम्।**
**व्यसनेन च मूर्खाणां निद्रया कलहेन वा॥**

बुद्धिमान व्यक्ति काव्य, शास्त्र आदि का पठन और अध्ययन करते हुए अपना मनोविनोद करते हैं और वैसा ही करते हुए उनका समय व्यतीत होता है. इसके ठीक विपरीत मूर्खों का समय या तो निद्रा में 'डूबकर बीतता है या किसी से झगड़ा-झंझट करते हुए.

# कई चरणों में चुनाव किसके फायदे के लिए?

**देश में 18वीं लोकसभा के गठन के लिए चुनाव प्रक्रिया शुरू हो चुकी है. 543 लोकसभा सीट के लिए चुनाव सात चरणों में होंगे. 19 अप्रैल को पहले चरण की वोटिंग हो चुकी है. इसका आखिरी चरण एक जून को खत्म होगा. चुनाव नतीजे 4 जून को आएंगे. चुनावी प्रक्रिया को पूरा होने में 46 दिन लगेंगे. कुछ राज्यों में तो मतदान एक ही चरण में पूरा हो जाएगा, लेकिन कुछ राज्यों में यह सात चरणों तक चलेंगे.**



इस बार चुनावी प्रक्रिया पूरी होने में 46 दिन लगेंगे. यह दूसरी बार होगा, जब चुनावी प्रक्रिया में इतना लंबा वक्त लग रहा है. इससे पहले पहले साल 1951-52 में पहला संसदीय चुनाव चार महीने तक हुआ, जो 25 अक्टूबर 1951 से लेकर 21 फरवरी 1952 तक चुनाव प्रक्रिया चली थी. उस दौरान चुनाव 68 चरणों में हुए थे, जिसे भारतीय इतिहास में सबसे लंबी चुनावी प्रक्रिया कहा जा सकता है. 2019 के लोकसभा चुनाव की बात करें, तो उस दौरान 11 अप्रैल से 19 मई के बीच सात चरणों में चुनाव प्रक्रिया चली थी और वोटों की गिनती 23 मई को हुई थी. कुल मिला कर 38 दिनों में पूरी चुनाव प्रक्रिया खत्म हुई. वहीं, सबसे कम समय के लिए वोटिंग साल 1980 में हुई थी, जो महज चार दिन तक चली थी. वहीं 1957 में दूसरे आम चुनाव में, यह प्रक्रिया 19 दिनों तक चली थी, जो 1962 में घट कर सात दिन और 1967 में घट कर पांच दिन रह गई. 1971 में यह अंतराल बढ़ कर 10 दिन हो गया, लेकिन 1977 में फिर से घट कर पांच दिन और फिर चार दिन हो गया. 1980, 1984 और 1989 के चुनावों में भी मतदान की अवधि पांच-पांच दिन थी. 1991 के चुनावों में, मतदान का पहला चरण 20 मई को शुरू हुआ, तीसरा और अंतिम चरण 15 जून को समाप्त हुआ, जिसके परिणामस्वरूप 27 दिनों का अंतराल हुआ. इसके बाद, 1996 में यह अंतर बढ़ कर 34 दिन हो गया, जो 1998 में घट कर केवल आठ दिन रह गया. 1999 में पहले और आखिरी चरण के मतदान के बीच का अंतर 32 दिन था, जबकि 2004 में यह 22 दिन, 2009 में 28 दिन और 2014 में 36 दिन था. पूर्व चुनाव आयुक्त एसवाई कुरैशी चुनाव प्रक्रिया लंबी होने से सहमत नहीं हैं. उनका कहना है कि हम पहाड़ी इलाकों में होने वाली दिक्कतों को तो समझ सकते हैं, लेकिन महाराष्ट्र, यूपी समेत दूसरे मैदानी इलाकों में तो एक ही चरण में चुनाव कराए जा सकते थे. उन्हें इतना लंबा ले जाने की जरूरत नहीं थी. वह कहते हैं कि आज से 20-25 साल पहले बिहार, यूपी में चुनावों के दौरान हिंसा होती थी, तो तत्कालीन चुनाव आयुक्त टीएन शेषन ने पैरामिलिट्री फोर्सेज भेजना शुरू कर दिया और ब्लड फ्री इलेक्शन होने लगे. बाद में बाकी राज्यों के राजनीतिक दल भी पैरामिलिट्री की मांग करने लगे, जिससे चुनाव लंबे खिंचने लगे. एसवाई कुरैशी कहते हैं कि सरकार खुद कहती है कि जम्मू-कश्मीर में तो अब आतंकवाद का दौर खत्म हो गया है. वहां से तो अब हमारे सुरक्षा बलों को वापस बुलाया जाने लगा है. वहीं झारखंड और छत्तीसगढ़ में भी अब पहले जैसी नक्सली हिंसा नहीं है, तो ऐसे में वहां इतनी फोर्सेज तैनात करने की जरूरत क्या है. वह कहते हैं कि चुनाव आयोग को चाहिए कि बिना किसी दबाव के वह अपनी रणनीति में बदलाव करे.

पूर्व मुख्य आयुक्त एसवाई कुरैशी कहते हैं कि चुनाव आयोग जिस तरह से सात चरणों में वोटिंग करा रहा है, उससे निश्चित तौर पर तमाम चुनौतियों से निपटने में आयोग को मदद मिलती है, लेकिन लंबा चुनाव होने का सियासी फायदा सत्ता पक्ष को मिल सकता है. उसे ज्यादा रैलियां, सभाएं करने का समय मिलता है. वह कहते हैं कि चुनावी प्रक्रिया को छोटा किया जाना चाहिए. प्रक्रिया जितनी लंबी होगी, सत्तारूढ़ दल के लिए प्रचार के लिए सरकारी बुनियादी ढांचे का उपयोग करने का उतना ही अधिक मौका होगा. एसवाई कुरैशी कहते हैं कि चुनाव आयोग ये दावे भी करता है कि लंबे चरण का चुनाव देश के लिए फायदेमंद है, लेकिन इसके बड़े नुकसान भी हैं. अब सड़कों से ज्यादा चुनावी जंग सोशल मीडिया पर लड़ी जा रही है. सोशल मीडिया अफवाहें फैलाने में अव्वल है और फेक न्यूज का बोलबाला है, जो चुनाव के लिए नुकसानदायक है. वह कहते हैं कि लंबे चरण में चुनाव होने से सोशल मीडिया पर चल रहीं अफवाहों का असर अगले चरण पर पड़ता है. इससे दंगे भड़क सकते हैं. एक राज्य में अगर एक बार में ही चुनाव हो जाए, तो कम चुनावी चरण होंगे. इससे अफवाहें भी कम फैलेंगी और चुनाव भी शांतिपूर्ण संपन्न होंगे.

• देश-काल



बृजेंद्र दुबे

इस मामले में चुनाव आयोग का अपना ही तर्क है. उसका कहना है कि इस बार देश में मतदान केंद्रों की संख्या 10.48 लाख हो गई है, जो 2019 में 10.35 लाख थी. मतदान में 1.5 करोड़ मतदान कर्मी और सुरक्षा अधिकारी, 55 लाख ईवीएम और चार लाख वाहन शामिल होंगे. इतना सब मैनेज करने के लिए बड़ी संख्या में सुरक्षा बलों की जरूरत पड़ती है, जिन्हें लाना-ले जाना आसान नहीं होता. सुरक्षा बलों को दो चुनाव चरणों के बीच आने-जाने और पुनः तैनाती के लिए कम से कम छह दिनों की जरूरत होती है. लोकसभा चुनाव और चार राज्यों के विधानसभा चुनावों में राज्य पुलिस फोर्स के साथ-साथ 3.4 लाख केंद्रीय सुरक्षा बल के जवानों की भी तैनाती की जाएगी. पश्चिम बंगाल में 92,000 सीएपीएफ कर्मियों की तैनाती की जा सकती है, जबकि जम्मू-कश्मीर में यह संख्या 63,500 कर्मियों की होगी. नक्सल प्रभावित छत्तीसगढ़ में 36,000 जवानों की तैनाती होगी, यहां तीन चरणों में वोटिंग होगी. वहीं विपक्षी दल भी इस तर्क से सहमत नहीं हैं. उनका कहना है कि चुनाव प्रक्रिया शुरू होते ही मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट लागू हो जाता है और ज्यादा लंबे चरण होने से सरकारों का सामान्य कामकाज रुक जाता है. इतने लंबे समय तक सरकार के कामकाज को रोके रखना गलत है. सरकारी मशीनरी पूरी तरह से चुनावों में लग जाती है, इससे प्रोजेक्ट ठप पड़ जाते हैं और आम आदमी के हित के काम नहीं हो पाते हैं. विपक्षी दल आरोप लगाते हैं कि सत्ता पक्ष को अपने खिलाफ सत्ता विरोधी लहर को खत्म करने का पूरा वक्त मिल जाता है. कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आरोप लगाया कि चुनाव को तीन या चार चरणों में पूरा किया जा सकता था. उन्होंने चिंता जताते हुए कहा था कि अधिकांश सरकारी काम कम से कम 4 जून तक रुक जाएंगे. करीब 70-80 दिनों तक सारे काम रोकने से देश कैसे आगे बढ़ेगा? चुनाव आचार संहिता के कारण सामग्री की आपूर्ति नहीं होगी और बजटीय खर्च भी नहीं होगा. इसलिए मेरे हिसाब से यह फायदेमंद नहीं है.

• बोधि-वृक्ष | सुज्ञ



## आत्मरक्षा में हिंसा

'हिंसा' चाहे कितने ही उचित कारणों से की जाय कहलाती 'हिंसा' ही है. उसका किसी भी काल, कारण, स्थिति के कारण 'अहिंसा' में परिवर्तन नहीं हो जाता. वैसे तो प्रतिकार या आत्मरक्षा में हिंसा का हो जाना सम्भव है, तब भी वह विवशता में की गई 'हिंसा' ही कहलाएगी. ऐसी हिंसा के लाख अवश्यंभावी कारण जता कर भी उसे 'अहिंसा' रूप में स्थापित नहीं जा सकता. प्रतिरक्षात्मक हिंसा को भी सर्वसामान्य सहज बनाया भी नहीं जाना चाहिए, अन्यथा अनियंत्रित अराजकता ही फैल जाएगी. इस तरह तो प्रतिरक्षा या प्रतिशोध को आगे कर प्रत्येक व्यक्ति हिंसा में रत रहने लगेगा और उसे अभिमान पूर्वक 'अहिंसा' कहने लगेगा. विधि-नियमानुसार भी अभियोग में, आत्मरक्षार्थ हिंसा हो जाने पर मात्र अपराध की तीव्रता कम होती है, समूचा अपराध ही सुकृत्य में नहीं बदल जाता न ही उस कृत्य को अहिंसा स्वरूप स्वीकार किया जाता है. कानून किसी को भी दंडित कर देने की जनसामान्य को अनुमति नहीं देता, चाहे दंड देना कितना भी न्यायसंगत हो. अदालती भाषा में इसे 'कानून हाथ में लेना' कहते हैं. अन्यथा लोग स्वयं न्यायाधीश बन, प्रतिरक्षार्थ एक दूसरे को दंडित करते ही रहेंगे. और बाकी जो बच जाय उन्हें प्रतिशोध में दंडित करेंगे. इस तरह तो हिंसा का ही राज स्थापित हो जाएगा. इसीलिए अत्याचार और अन्याय के बाद भी प्रतिशोध में दंडित करने का अधिकार अत्याचार भोगी को भी नहीं दिया गया है. हिंसक विचारधारा और हिंसा की यह व्यवस्था सभ्य समाज में स्वीकृत नहीं होती. इसका भी कारण है सभी तरह के कारणों कारकों पर समुचित विचार करने के बाद ही अपराध निश्चित किया जाता है. प्रतिरक्षा में हिंसा अपवाद स्वरूप है प्रतिरक्षात्मक हिंसा से पहले भी अन्य सभी विकल्पों पर विचार किया जाता है. यह सुनिश्चित करने के लिए ही न्यायालय व्यवस्था होती है. अन्यथा सामान्य जन द्वारा तो जल्दबाजी आवेश क्रोध आदि वश निरपराधी की हिंसा हो सकती है. धैर्य, सहनशीलता या समता हमेशा विवेक को सक्रिय करने के उद्देश्य से ही होती है. पालतू नेवले और माँ की वह बोध-कथा है, जिसमें सोए बच्चे को बचाने के लिए नेवला सांप से लडता है और उसको मार देता है, घड़ा भरकर घर आते ही द्वार पर मां नेवले के मुंह में रक्त देखकर निर्णय कर लेती है कि इसने बच्चे को काट खाया है. आवेश में नेवले पर घड़ा गिराकर मार देती है, किन्तु जब भीतर जाकर देखती है कि बच्चा तो सुख की नींद सो रहा है और पास ही सांप मरा पड़ा है. उसे होश आता है, नेवला अपराधी नहीं रक्षक था. अब पश्चाताप ही शेष था. हिंसा तो हो चुकी. नेवला जान से जा चुका.

# विफलता की निशानी है पानी का न बचना

• सामयिकी

एस. नारायण

स्वच्छ जल के बिना एक स्वस्थ और सुखद जीवन की कल्पना करना असंभव है. चाहे केंद्र हो या राज्य, ग्रामीण समुदायों तक पानी पहुंचाना हर नई सरकार की प्राथमिकता रही है. हालांकि अनुभव से पता चलता है कि भले ही पानी की सुविधा कई गांवों में "उपलब्ध" हो गई है, लेकिन ऐसे गांवों की संख्या भी बढ़ी है, जहां पानी फिर से "अनुपलब्ध" हो चुका है. दरअसल जलापूर्ति का मतलब केवल पाइपें बिछाना नहीं है, बल्कि आपूर्ति प्रणाली के स्रोत को सुनिश्चित करना भी है. मतलब यह कि भले ही पानी की आपूर्ति गांव तक पहुंच गई हो, लेकिन स्रोत के सूख जाने या दूषित होने से पाइप बिछाने का कोई फायदा नहीं होता.ऐसे में जल आपूर्ति प्रणाली, विशेषकर जल आपूर्ति के स्रोत की स्थिरता सुनिश्चित करना मुख्य चुनौती बन जाती है. भारत सरकार का महत्वाकांक्षी और बेहद जरूरी जल जीवन मिशन (जेजेएम) इस मूलभूत दोष को समझता है और स्थिरता पर जोर देता है, ताकि नलों में लगातार पानी आता रहे. इस प्रकार, जेजेएम का सबसे महत्वपूर्ण उद्देश्य हर घर में एक नल की व्यवस्था न होकर "चालू" हालत में एक नल होना है. इसके लिए जल सम्पत्तियों अथवा वाटर ऐसेट्स के स्थायित्व में सुधार पर ध्यान देने की जरूरत है. यह सुनिश्चित किया जाए कि तालाब या झील या टैंक पर अतिक्रमण नहीं किया गया है और जल निकासी की सुरक्षा की दृष्टि से अति महत्वपूर्ण जल क्षेत्र नष्ट नहीं होंगे. इसके लिए स्रोत स्थिरता की भी आवश्यकता है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि जल स्रोत चाहे वह नदी, झील या कुआं हो, अच्छी तरह से रिचार्ज हो. साथ ही भूमि पर फेंका गया मलमूत्र या वैसे घर जिनमें अब नल और शौचालय हैं, उनसे निकलने वाला अपशिष्ट पानी को प्रदूषित न करे. यह सोचनेवाली बात है कि घरों में आपूर्ति किया जाने वाला 80 प्रतिशत पानी अपशिष्ट जल के रूप में बहा दिया जाता है. ग्रामीण इलाकों में, स्वच्छता कार्यक्रम ऐसे शौचालयों के निर्माण पर जोर देते हैं, जिनमें न्यूनतम पानी का उपयोग होता है. अधिकांश अपशिष्ट जल खुले में छोड़ दिए गए ग्रे वाटर के रूप में होता है. शौचालय को छोड़कर अन्य काम, जैसे स्नान, कपड़े धोने और बर्तन धोने जैसे सभी मानव उपयोगों से पैदा होने वाले अपशिष्ट जल को ग्रे वाटर कहते हैं. यह ग्रे वाटर छोटे तालाबों की शक्ल में इकट्ठा होकर वेक्टर्स (सदिश) और अन्य बीमारियों के लिए प्रजनन स्थल बनने के अलावा भूजल और सतही पानी के लिए प्रदूषण का एक और स्रोत बन जाता है. अतः ग्रे वाटर प्रबंधन खेती के लिए या भूजल को रिचार्ज करने के लिए अपशिष्ट जल का पुनः उपयोग करना, स्रोत स्थिरता की कुंजी है. यह पानी हमारे काम का है, बर्बादी के लिए नहीं. इसके साथ ही हमें जल आपूर्ति की समस्या को स्वच्छता और अपशिष्ट जल उत्पादन की प्रणाली से जोड़कर देखना होगा. हमें यह समझने की जरूरत है कि जब हम पानी को प्रदूषित करते हैं तो उसे बर्बाद भी करते हैं. असल मुद्दा यह है कि, शौचालय निर्माण कार्यक्रम तब तक अधूरा रहेगा, जब तक कि अपशिष्ट जल (एकल या दोहरे गड्ढे या बिना लाइन वाले या हनीकॉम्ब वाले व्यक्तिगत शौचालय में मौजूद फीकल स्लज) का सुरक्षित रूप से निपटान नहीं किया जाता है. इसका अर्थ यह है कि फीकल स्लज को या तो शौचालय के भीतर ही उपचारित किया जाए (इन सीटू अथवा यथास्थान उपचार) ताकि जब इसे खाली किया जाए, तो पानी या भूमि को प्रदूषित किए बिना स्लज को खाद के रूप में पुनः उपयोग हो सके. या फिर ऐसी व्यवस्था हो, जिसमें अपशिष्ट मल को जमा कर उपचार संयंत्रों तक ले जाया जाए और उपचार के बाद ही खेतों में प्रयोग में लाया जाए. हम जानते हैं कि मल पदार्थ (भोजन के पाचन के बाद हम जो उत्सर्जित करते हैं उसमें मिट्टी से लिया हुआ नाइट्रोजन और फास्फोरस होता है) पोषक तत्वों से भरपूर होता है. इस अपशिष्ट को जलाशयों में बहा देने की बजाय वापस भूमि में डाला जाना चाहिए. लेकिन ऐसा उपचार के बाद ही किया जाना चाहिए, ताकि अपशिष्ट हमारे स्वास्थ्य पर खतरा न बन जाएं. लेकिन सबसे महत्वपूर्ण सीख यह है कि जब तक समुदायों को सीधे तौर शामिल नहीं किया जाएगा, तब तक जल आपूर्ति कार्यक्रम निष्क्रिय रहेंगे. असली समस्या यह है कि भूमि और जल नौकरशाही में कोई तालमेल नहीं है, तालाब का मालिक कोई है, कोई अन्य एजेंसी नालियों को देखती है और जलग्रहण क्षेत्र को कोई और. जल सुरक्षा के लिए इसमें बदलाव की आवश्यकता है.

**हम जानते हैं कि मल पदार्थ (भोजन के पाचन के बाद हम जो उत्सर्जित करते हैं उसमें मिट्टी से लिया हुआ नाइट्रोजन और फास्फोरस होता है) पोषक तत्वों से भरपूर होता है. इस अपशिष्ट को जलाशयों में बहा देने की बजाय वापस भूमि में डाला जाना चाहिए. लेकिन ऐसा उपचार के बाद ही किया जाना चाहिए, ताकि अपशिष्ट हमारे स्वास्थ्य पर खतरा न बन जाएं.**

# मतदाताओं के हाथ देश की सत्ता की कुंजी

• सियासत

विश्वनाथ सचदेव

अ सत्तारूढ़ दल समेत कोई भी दल प्रचार की वादों की मुहिम में पीछे नहीं रहना चाहता. सच तो यह है कि एक होड़-सी मची हुई है राजनीतिक दलों में. हर दल अपनी कमीज को दूसरे की कमीज से उजला बता रहा है. ऐसा नहीं है कि मतदाता राजनेताओं के इस दांव को समझ नहीं रहा. बरसों-बरस का अनुभव है उसके पास इस प्रचार-तंत्र की करतूतों का. राजनीतिक दल भी मतदाता की इस जानकारी से अनभिज्ञ नहीं हैं. इसके बावजूद वे बरगलाने की अपनी कोशिशों से बाज नहीं आते. इसका कारण शायद यही है कि मतदाताओं की एक बड़ी संख्या आखिरी समय पर निर्णय लेती है. वे मुंडेर पर बैठे हैं. आखिरी समय पर बाएं भी उतर सकते हैं, दाएं भी. प्रचार-कार्य में लगे राजनेताओं की नज़र मुख्यतः इन्हीं मतदाताओं पर होती है. इसी से जुड़ी एक बात यह भी है कि कभी-कभी मतदाता मिथ्या दावों और झूठे वादों की चपेट में आ भी जाता है. जनतंत्र की सफलता और सार्थकता का एक मापदंड यह भी है कि कितने मतदाता ऐसे हैं, जो प्रचार की इस आंधी में स्वयं को उड़ने से बचाये रख पाते हैं. इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि इस देश के मतदाता ने अक्सर अपने विवेक का परिचय दिया है, राजनेताओं के प्रचार का शिकार बनने से इनकार किया है. आपातकाल के बाद इंदिरा गांधी की सरकार का तख्ता जिस तरह से पलटा या फिर अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार का 'इंडिया शाइनिंग' वाला नारा जिस तरह मतदाता पर कोई प्रभाव नहीं छोड़ पाया, वह इस बात का प्रमाण है कि मतदाता को हमेशा नहीं बरगलाया जा सकता. चुनाव के समय राजनीतिक दल अपने-अपने घोषणापत्र जारी करते हैं. भाजपा और कांग्रेस, दोनों बड़े दलों के वादों-दावों वाले घोषणापत्र जारी किये जा चुके हैं. कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र को 'न्याय-पत्र' कहा है और भाजपा ने अपने घोषणा पत्र को 'संकल्प-पत्र' कहते हुए 'मोदी की गारंटियों' की बात कही है. होना तो यह चाहिए कि इस तरह के घोषणा पत्र आखिरी समय में नहीं, चुनाव से काफी पहले जारी होते, ताकि मतदाता उन पर विचार करके राजनेताओं से हिसाब मांग सके. सत्तारूढ़ दल से पूछ सके कि पिछले घोषणापत्रों की कितनी बातों को पूरा किया गया और सत्ता के आकांक्षी दल से उसके वादों के पूरा होने के आधार के बारे में जवाब-तलब कर सके. पर, दुर्भाग्य से, ऐसा कुछ होता नहीं. घोषणा पत्र जारी ज़रूर होते हैं, पर उपेक्षित पड़े रहते हैं. चुनाव-प्रचार का सारा ज़ोर अपने विरोधी पर आरोप लगाने पर ही होता है. आरोपों के इस शोर में वे बुनियादी बातें कहीं खो-सी जाती हैं, जो मतदाता के निर्णय का आधार होनी चाहिए. उदाहरण के लिए सत्तारूढ़ दल के घोषणा पत्र में आने वाले 25 सालों के बाद के 'विकसित भारत' की बात तो कही गई है, पर गरीबी, बेरोज़गारी, महंगाई जैसे हमारे आज को प्रभावित करने वाले मुद्दे कुल मिलाकर कहीं गायब ही हैं. प्रधानमंत्री मोदी यह 'गारंटी' तो देते हैं कि 2047 का भारत विकासशील नहीं विकसित देश होगा, पर यह नहीं बताते कि आज के युवा की बेरोज़गारी की समस्या कैसे हल होगी. मतदाता महंगाई की मार से कैसे उबरे? भाजपा के घोषणा पत्र में आने वाले पांच साल तक 80 करोड़ भारतीयों को मुफ्त अनाज देने का वादा तो किया गया है, पर यह नहीं बताया गया कि उन कारणों से कैसे निपटा जायेगा जो 80 करोड़ भारतीयों को मुफ्त अनाज मांगने की स्थिति में लाने के लिए उत्तरदायी हैं. यह बात यहीं खत्म नहीं होती. राजनीतिक दलों द्वारा चुनाव के अवसर पर जारी किये गये घोषणा पत्र उनकी विचारधारा और वचनबद्धता का वचन पत्र होते हैं. यदि किसी घोषणा पत्र में कहा गया था कि किसानों की आय दुगनी की जायेगी, हर साल दो करोड़ नौकरियां दी जायेंगी तो मतदाता को यह पूछना होगा कि इस वादे का क्या हुआ? अथवा काला धन स्विस बैंकों से लौटा क्यों नहीं? जब कोई राजनेता इन दावों और वादों को 'चुनावी जुमला' कहकर बच निकलना चाहता है तो मतदाता के मन में यह सवाल उठना ही चाहिए कि शब्द की पवित्रता कहां गयी? यह विडंबना ही है कि ऐसा कहने के बावजूद संबंधित राजनेता से यह क्यों नहीं पूछा जाता कि मतदाता के साथ ऐसा मजाक क्यों? अपने हालिया इंटरव्यू में प्रधानमंत्री ने शब्दों के सम्मान की बात कही है. सही कहा है उन्होंने. शब्द पवित्र होते हैं, हमारी नीयत को उजागर करते हैं. राजनेता यदि शब्दों का अपमान करते हैं तो उन्हें कठघरे में खड़ा करना होगा.

**मतदाता महंगाई की मार से कैसे उबरे? भाजपा के घोषणा पत्र में आने वाले पांच साल तक 80 करोड़ भारतीयों को मुफ्त अनाज देने का वादा तो किया गया है, पर यह नहीं बताया गया कि उन कारणों से कैसे निपटा जायेगा जो 80 करोड़ भारतीयों को मुफ्त अनाज मांगने की स्थिति में लाने के लिए उत्तरदायी हैं. यह बात यहीं खत्म नहीं होती.**

## मीडिया में अन्यत्र

# मजबूत मानसून का ध्यान रखना चाहिए

**भारत मौसम विज्ञान विभाग** (आईएमडी) ने भरपूर मानसून की भविष्यवाणी की है. जून-सितंबर तक वर्षा 87 सेंटीमीटर, जो इन महीनों के दौरान देश में होने वाली औसत वर्षा मानी जाती है, से छह फीसदी ज्यादा होने की उम्मीद है. यह एजेंसी का काफी साहसिक पूर्वानुमान है, जो आम तौर पर अपने अप्रैल के पूर्वानुमान में, अधिशेष या कम बारिश के बारे में कुछ कहने से बचती है. कई दक्षिणी राज्यों में बढ़ते तापमान और लू चलने के मद्देनजर, भरपूर बारिश का पूर्वानुमान एक स्वागत योग्य खबर लग सकती है. हालांकि उम्मीद की इस किरण पर काले बादल छाए हुए हैं. आईएमडी के जलवायु मॉडल "अत्यधिक" बारिश की 30 फीसदी संभावना का सुझाव देते हैं - जिसे सामान्य से 10 फीसदी से ज्यादा के रूप में परिभाषित किया गया है. तुलनात्मक रूप से, "सामान्य से अधिक" बारिश की उम्मीद 31 फीसदी है, जिसे सामान्य के 5 फीसदी -10 फीसदी के बीच परिभाषित किया गया है. इस मामूली अंतर से पता चलता है कि अत्यधिक बारिश की संभावना सिर्फ 'सामान्य से अधिक' बारिश के बराबर है. इनमें से अधिकांश बारिश मानसून के दूसरे भाग यानी अगस्त और सितंबर में होने की उम्मीद है. इस बाबत आईएमडी के पूर्वानुमान के मॉडल 'ला नीना' के विकास या 'एल नीनो' की उलट प्रक्रिया (जिसके चलते अक्सर मानसून की वर्षा में कमी होती है) पर आधारित हैं. 'ला नीना' को हिंद महासागर में एक सकारात्मक द्विध्रुव (डाइपोल) की स्थिति से भी मदद मिलने की उम्मीद है, जिसकी खासियत हिंद महासागर का पश्चिम के बनिस्बत पूर्व में ठंडा होना है, जो दक्षिणी भारत के कई राज्यों में बारिश लाने में मदद करती है. आईएमडी जून और जुलाई में बारिश की मात्रा को लेकर मौन है, लेकिन उम्मीद है कि उस समय "तटस्थ स्थिति" (न तो अल नीनो, न ही ला नीना) व्याप्त होगी. दो शुष्क मानसून महीने और आखिरी दो महीनों में मूसलाधार बारिश कृषि के लिए मुफीद हो सकती है, लेकिन इसके परिणामस्वरूप अत्यधिक बाढ़ आने और - जैसा कि अतीत में देखा गया है - जिंदगी, आजीविका और बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान पहुंचने की संभावना है. केरल में 2018 में आई बाढ़ इस बात की याद दिलाती है कि भारत प्राकृतिक आपदाओं के मामले में किस कदर असुरक्षित है. अब जबकि इन पूर्वानुमानों की अद्यतन स्थिति के मई के अंत के आसपास आने की उम्मीद है, आईएमडी के वर्तमान संकेत पर तत्काल ध्यान दिया जाना चाहिए. **(द हिंदू)**



## शब्द चर्चा — डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### मजाज/मिजाज

**मशहूर** शायर इस्माइल मेरठी ने कहा है-खोला है मुझ पे सिर-ए-हक़ीक़त मजाज़ ने, ये पुख़्तगी सिला है ख़यालात-ए-ख़ाम का. वहीं दाग देहलवी ने कहा है-दिल दे तो इस मिज़ाज का परवरदिगार दे, जो रंज की घड़ी भी ख़ुशी से गुज़ार दे. इन दोनों शेरों में एक जैसे लगनेवाले दो शब्दों का खूबसूरत इस्तेमाल हुआ है. पहला शब्द मजाज और दूसरा है मिजाज. अगर मिजाज के पहले अक्षर से ह्रस्व इकार हटा दिया जाये तो वह मजाज बन जायेगा. यह तो भौतिक अंतर हुआ. अर्थ के हिसाब से तो दोनों के बीच कोई संबंध नहीं है. दोनों शब्द अरबी मूल के संज्ञा पुल्लिंग हैं, जिनका उर्दू और हिंदी दोनों भाषाओं में जमकर प्रयोग होता है. वर्धा हिंदी शब्दकोश के अनुसार मजाज का मतलब संज्ञा पुल्लिंग के रूप में नियमानुसार मिला हुआ अधिकार या सामर्थ्य है. जैसे किसी को मजाज नहीं कि वह दूसरे मजहब वालों से उनके ईमान का तावान ले. इसी शब्द का विशेषण के रूप में मतलब है अधिकार प्राप्त, अवास्तविक, कल्पित, बनावटी. जैसे कोई मजाज व्यक्ति ही इसका फैसला कर सकता है. मजाज़ एक भाषा शैली है जिसका उपयोग कुरान की व्याख्या में अलंकारिक अभिव्यक्तियों के माध्यम से अर्थ व्यक्त करने के लिए किया जाता है. यह कुरान को समझने का एक महत्वपूर्ण पहलू है और अस्पष्टता और गलत व्याख्या से बचने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. रेख्ता उर्दू-हिंदी शब्दकोश के अनुसार मजाज का मतलब अपने को किसी संत के चरणों में अर्पित कर देना और संत के उपदेशों और आज्ञा का अनुसरण करना, किसी पीर के हाथ उसकी शिष्यता ग्रहण करना, इमामत तथा नेतृत्व भी होता है. हिंदी में मजाज की तुलना में मिजाज का प्रयोग अधिक होता है. मिजाज का मतलब है स्वभाव, प्रकृति, प्रवृत्ति, दिल, तबीयत, किसी पदार्थ का वह मूल गुण जो सदा बना रहता है, तासीर. अरबी और फारसी दोनों भाषाओं में किसी का कुशलमंगल पूछना या हालचाल जानने की कोशिश को मिजाजपुरसी कहते हैं.

# नीट एन डर्टी घोटालों का आलम

• तीर-तुक्का

डॉ. सुरेन्द्र वर्मा

मुझे घोटालों की चिंता सता रही थी. तमाम तरह के घोटालों का अध्ययन करने के बाद मुझे ऐसा लगा कि घटित होने वाले घोटालों को दो वर्गों में विभाजित किया जा सकता है. कुछ घोटाले बड़े साफ़-सफाई से घटित किए जाते हैं. उन्हें मैं 'नीट' कहता हूं. कुछ अन्य घोटाले अत्यन्त गंदे और घृणित ढंग से घटित होते हैं, उन्हें मैं 'डर्टी' कहता हूं. मास्टर आदमी ठहरा. बच्चों की कापियां जांचता रहा हूं. साफ़-सुथरी कापी को 'नीट' (भले ही उसमें सवाल गलत ही क्यों न हों) और गंदी लिखावट की कापी को (भले ही सवालों का जवाब उसमें सही ही क्यों न हो ) 'डर्टी' लिखता रहा हूं. अब आदत ऐसी पड़ गई है कि "नीट एन डर्टी" चश्मे से ही हर चीज़ देखने लगा हूं, फिर वह राजनैतिक उठापटक ही क्यों न हो. तमिलनाडु का किस्सा है. वहां एक सीधी-सादी, लेकिन प्रतिभाशाली लड़की को मेडिकल में प्रवेश के लिए "नीट" की परीक्षा देनी पडी, लेकिन वह इतनी डर्टी साबित हुई कि छात्रा ने आत्महत्या कर ली. तमिलनाडु में अभी तक "नीट" परीक्षा नहीं होती थी और स्टेट बोर्ड की बारहवीं की परीक्षा के अंकों के आधार पर मेडिकल में प्रवेश मिल जाता था. इस छात्रा ने 12वीं में 98 फीसदी अंक पाए थे और सोच रही थी कि उसे मेडिकल में प्रवेश मिल ही जाएगा. तमिलनाडु की राजनीति में आखिर तक यह बहस चलती रही कि छात्रों को नीट की परीक्षा दिलवाई जाए या नहीं. अंततः हां–ना करते हुए नीट के पक्ष में निर्णय बड़ी सफाई से ले लिया गया. द्वंद्व में घिरी छात्रा नीट में 720 अंकों में केवल 86 अंक प्राप्त कर पाई. हताश बेचारी आत्महत्या के लिए मजबूर हो गई. राम रहीम काण्ड ही ले लीजिए. हज़रत ने अपना मूल नाम बदल कर 'राम रहीम' रख लिया. राम भक्त भी खुश, रहीम भक्त भी खुश. अपनी जन्म तिथि बदल कर 15 अगस्त कर ली. स्वतंत्रता दिवस को अपना जन्म बताते ही बन्दा स्वच्छंद हो गया. बड़ी सफाई से अकूत संपत्ति इकट्ठी कर ली. खुद कृष्ण बनकर ढेरों भक्त इकट्ठे कर लिए. अनेक भक्तिनें राधा बन गईं. भक्तों को 'राम रहीम' की रक्षा के लिए हथियार बंद किया गया, ताकि 'डेरा' सुरक्षित रह सके. शासकों और राजनीतिज्ञों के लिए ऐश के सारे इंतज़ाम किए गए. ये सारा काम इतनी सफाई से किया गया कि आम जनता राम रहीम को भगवान ही समझ बैठी. भोली थी बेचारी! लेकिन 'घर का भेदी लंका ढाए' को चरितार्थ करते हुए राधा का रोल निभाने वाली दो तथाकथित भक्तिनों ने 'डेरे' की सारी पोल खोल दी. सफाई से बनाया गया डेरा दाग-दाग हो गया. भगवान जेल के अन्दर पहुंच गए. साफ़-सुथरा इतना गंदा भी हो सकता है, किसी को अहसास नहीं था !



# सुकून



**मोटिवेशन**



डॉ कुमार संजय
शिक्षाविद

हमारा देश एक बहुत बड़े परिवर्तन से गुजर रहा है. परिवर्तन हर क्षेत्र में आ रहे हैं. नई पीढ़ी परिवर्तनों को आसानी से स्वीकार कर रही है, इसे कूल मान रही है. पुरानी पीढ़ी को ये परिवर्तन बहुत पीड़ा दे रहे हैं, बेचैन कर रहे हैं. यह आलेख पुरानी पीढ़ी की समस्याओं और उनके निदान पर केंद्रित है.

# इन बदलावों को दिखाइए हरी झंडी

**1. रिटायरमेंट** : आप प्रशासनिक अधिकारी, बैंक मैनेजर, प्रोफेसर, सरकारी पदाधिकारी थे. याद रखें, आप थे, अब नहीं हैं. रिटायरमेंट के बाद आप समाज के सामान्य नागरिक बन जाते हैं. इसे स्वीकार कीजिए. आपको पहले की तरह इज्जत मिलेगी, लोग सर-सर बोलकर आपके लिए जगह छोड़ देंगे, आपका काम क्षणभर में कर देंगे, इस उम्मीद से बाहर आइए. इसमें नाराज होने की कोई बात नहीं है. सहजता से व्यवहार करना सीखें. दिल को चोट नहीं पहुंचेगी. आप खुश रहेंगे.

**2. अलग रहना** : अगर आप शांति से रहना चाहते हैं, तो बेटा-बहू को अलग रहने दीजिए, भले ही वे एक शहर में क्यों न रहते हों. समाज क्या कहेगा, इसकी चिंता छोड़ दीजिए. हां, आप काम करने में बिल्कुल असमर्थ हैं, या अकेले हैं तो और बात है. उनको अपने अनुसार जिंदगी जीने दीजिए और आप अपने अनुसार जीएं. साथ रहकर बहू को कोसने से, बेटे से शिकायतें करने से, आए दिन की बहसबाजी से बेहतर है, अकेले रहना. यह कहां लिखा है कि अलग रहने से रिश्ते खराब हो जाते हैं ! जिनके पुत्र-पुत्री विदेश या दूसरे शहरों में हैं, मां-बाप से उनके रिश्ते खराब हैं क्या? साथ रहकर रिश्ते खराब करने से बेहतर है, अलग रहकर रिश्तों को मजबूत रखना.

**3. नौकर-नौकरानी** : अगर आपके यहां नौकर-नौकरानी हैं तो भगवान का शुक्रिया अदा कीजिए. आजकल वर्किंग हैंड बहुत मुश्किल से मिलते हैं. पहले की तरह आप उनसे डांट- डपट नहीं कर सकते. उनसे अतिरिक्त काम करने की उम्मीद मत रखिए. उनसे ठीक से पेश आइए. अगर वह चोर हो, अशिष्ट हो तो और बात है. बेहतर होगा, उसे निकाल बाहर कीजिए. लेकिन अगर वह आपका काम कर दे रहा है, तो उसकी कुछ गलतियों को अनदेखा करके चलिए.

**4. शादी** : अगर बेटा-बेटी शादी नहीं करना चाहते हैं, तो उसको ठीक ढंग से स्वीकार कीजिए. दिनभर बुदबुदाने, उन्हें सुनाने से कुछ हासिल नहीं होने वाला. उल्टे वे आपसे मिलने, बात करने से कतराने लगेंगे. अगर वे अविवाहित रहकर खुश हैं, तो हैं. जब उन्हें ठीक लगेगा शादी करेंगे. यह पीढ़ी अपने करियर को लेकर बहुत ज्यादा गंभीर है. जैसे-तैसे शादी करके डाइवोर्स लेने से तो बेहतर है, कि वे अकेले रहें, खुश रहें.

**5. जमीन-जायदाद**: व्यावहारिक बनिए. अपना घर, अपनी प्रॉपर्टी अपने नाम ही रखें, जब तक कि आप दोनों में से एक भी सरवाइव कर रहा है. भावुकता में, चिकनी-चुपड़ी बातों में आकर जमीन-जायदाद बेटा-बेटी के नाम न कर दें. वृद्धाश्रम में अपनी इसी गलती की सजा बहुत बड़ी संख्या में बुजुर्ग भोग रहे हैं. इस सोच से बाहर आइए कि आपके बेटा-बहू, बेटी-दामाद ऐसा नहीं करेंगे. जब तक घर आपका है, आपके पास पैसा है, आपकी कद्र है. हां, मरने के बाद किसे क्या मिलेगा, यह वसीयत बनाकर जाएं ताकि आपके जाने के बाद विवाद न खड़ा हो.

**6. वक्त** : बेटा-बेटी आपके साथ ज्यादा समय नहीं गुजारते तो इसको स्वीकार कीजिए. जितनी देर गुजारते हैं, उसे इंजॉय कीजिए. उस समय शिकायतों और समस्याओं का बड़ा चिट्ठा लेकर मत बैठ जाइए. यह एक बड़ा कारण है बच्चों का आपसे दूर रहने का. जब मिलते हैं, आप शिकायतों-समस्याओं का पिटारा खोल कर बैठ जाते हैं. शिकायतों से बाहर निकलिए. समस्याएं बताइए और भूल जाइए. समय देखकर बेटा-बहू उसे दूर करने का प्रयास करेंगे. कुछ उनके काम की, कुछ देश-दुनिया की, कुछ हंसी-खुशी वाली बातें कीजिए.

**7. सलाह** : बच्चे नौकरी कर रहे हैं या उनकी शादी हो गई है, तो जितनी कम हो उतनी कम सलाह दीजिए. अगर कुछ बुरा लग रहा है, चुभ रहा है,तो उन्हें बता दीजिए. अपनी बात उन पर थोपने की कोशिश मत कीजिए, चाहे आप कितने भी सही क्यों न हों. उन्हें जब खुद झटका लगेगा तो आंखें खुलेंगी. खुद के अनुभव से प्राप्त किया हुआ पाठ जिंदगी पर याद रहता है. आपके कहने से उनकी आंखें नहीं खुलने वाली. उल्टे पलट का जवाब दे देंगे तो आप खुद को अपमानित महसूस करेंगे, आपको दुख होगा और आपका स्वास्थ्य खराब होगा.

**8. आत्मनिर्भर** : जहां तक संभव हो, आत्मनिर्भर रहिए. ऑनलाइन वाले सारे काम सीख कर रखिए, जैसे - बैंक ट्रांजैक्शन, ग्रॉसरी, गैस, दवा मंगाना, डॉक्टर से अपॉइंटमेंट लेना. ताकि बच्चे दूसरे शहर चले जाएं, तब आपको परेशानी न हो. पता नहीं कब आपको इनकी जरूरत पड़ जाए.

**9. खुश रहना** : सबसे जरूरी है खुश रहना. अपने लाइफ पार्टनर से जितनी लड़ाइयां करनी थीं, कर चुके. जितनी शिकायतें करनी थीं, कर चुके. अब लड़ना, कमेंट पास करना बंद कीजिए. एक दूसरे का सहारा बनिए. अब कोई काम आएगा तो आपका लाइफ पार्टनर ही काम आएगा. खुद खुश रखिए, अपने लाइफ पार्टनर को भी खुश रखिए. संभव हो तो साथ टहलने जाइए.

**मूल मंत्र** : विलियम जेम्स ने कितनी सही बात कही है–आदमी के साथ खास बात यह है कि अपना एटीट्यूड चेंज कर अपनी जिंदगी बदल सकता है. जिद, क्रोध, शिकायतों से कुछ हासिल नहीं होने वाला. अंतिम सफर शांति–सुकून के साथ गुजरे, इसके लिए अपने में बदलाव लाया जाए तो बेहतर होगा. यह पूरी तरह से हमारी हाथों में है और थोड़ा प्रयास कर सम्भव बनाया जा सकता है.

## सलीके से पियें तो बड़ी खास है चाय



शिखर चंद जैन

चाय हर खास ओ आम की चहेती है. चाय की चाह न रखे और दिन में एकाध बार चाय न चखे ऐसा शख्स शायद ढूँढने से ही मिले. असल में चाय बेहद आम पेय होने के बावजूद एक खास पेय है जो थकान मिटा कर चुस्ती लाने के साथ-साथ लोगों से रिश्ते बनाने और उन्हें खुस रखने में भी काम आता है. इस लिहाज से हम इसे कनेक्टिंग- बेवरेज भी कह सकते हैं. कई बार लोग गलतफहमी में कह देते हैं कि चाय नुकसानदायक होती है लेकिन हर दूसरी चीज की तरह ऐसा तभी होता है जब इसका सेवन सलीके से न किया जाय. वरना तो यह फायदेमंद होती है -



### फायदे चाय पीने के

- **एंटी एजिंग** – चाय में एंटीऑक्सीडेंट शामिल होता है. चाय उम्र बढ़ने और प्रदूषण के प्रभाव के प्रकोपों से आपके शरीर की रक्षा करती है.
- **हार्ट फ्रेंडली**– चाय दिल का दौरा और स्ट्रोक के जोखिम को कम कर सकती है. चाय पीने की वजह से धमनियां कोलेस्ट्रॉल फ्री हो जाती हैं
- **कैलोरी फ्री बेवरेज** – चाय में किसी भी प्रकार की कैलोरी नहीं होगी, जब तक आप उसमें किसी प्रकार का स्वीटनर या दूध न मिला लें.
- **कम कैफीन**– चाय में कॉफी के मुकाबले कम कैफीन होती है आठ औंस कप की कॉफी में 135 मिलीग्राम के आसपास कैफीन होता है, वहीं पर चाय के प्रति कप में केवल 30 से 40 मिलीग्राम कैफीन होता है.
- **दांत की दोस्त** – चाय में फ्लोराइड और टैनिंन होती है जो प्लाक को दूर रखता है.
- **इम्युनिटी बूस्टर** – चाय पीने से आपके शरीर के इम्युनिटी सिस्टम को संक्रमण से लड़ने में बहुत मदद मिलती है.
- **कैंसर से प्रोटेक्शन** – चाय कैंसर से सुरक्षा करती है क्योंकि इसमें पॉलीफिनॉल और एंटीऑक्सीडेंटमिला होता है.
- **क्रिएटिविटी बूस्टर** – 'फूड क्वालिटी' और 'प्रिफरेंस' मेडिकल जर्नल में प्रकाशित अध्ययन में बताया गया कि चाय मानसिक सक्रियता और एकाग्रता व सृजन क्षमता बढ़ाती है. चीन की पेकिंग यूनिवर्सिटी के मनोविज्ञानियों ने 50 स्टूडेंट्स पर दो अध्ययन किए. इसमें 23 की औसत आयु वाले विद्यार्थियों को कैफीन और थियानिन युक्त चाय पिलाई गई. वैज्ञानिकों ने पाया कि चाय पीने के कुछ ही मिनटों में विद्यार्थियों की एकाग्रता और क्रिएटिविटी में इम्प्रूवमेंट हुआ.

### ग्लूकोमा से बचाती है चाय

'ब्रिटिश जर्नल ऑफ ओफ्थालमोलोजी' में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार हर रोज एक कप चाय पीने से ग्लूकोमा जैसी बीमारी से प्रोटेक्शन मिल सकता है. रिसर्च में वैज्ञानिकों ने पाया कि जो लोग रोज चाय पीते थे उनमें ग्लूकोमा की संभावना 74 फीसदी कम होती है. चाय में मौजूद फाइटोकेमिकल्स और फ्लेवोनाइड्स में एंटी इन्फ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो ऑप्टिक नर्व को सुरक्षा देते हैं.

### जुकाम है तो अदरक हल्दी की चाय

बदलते मौसम में सर्दी-जुकाम से परेशान हैं तो अदरक-हल्दी की चाय से काफी राहत मिल सकती है. इसके लिए पानी में अदरक,हल्दी अच्छी तरह उबाल लें फिर उतार कर इसमें शहद और नींबू का रस डालें.

### चाय की प्याली, फार्मूले वाली

चाय के अधिक से अधिक फायदे लेने हों और इससे होने वाले नुकसान को कम करना हो तो आप भी ब्रिटिश स्टैंडर्ड इंस्टीट्यूशन द्वारा बताए गए फार्मूले को आजमा कर देख सकते हैं.
इस संस्थान द्वारा जारी 6 पेज की गाइडलाइन के मुताबिक चाय तैयार करते वक्त इन बातों पर ध्यान देना फायदेमंद होता है-

- कप हमेशा सफेद चीनी मिट्टी का (पोर्सलीन) या ग्लेज्ड मिट्टी का लें.
- 100 मिलीलीटर चाय के लिए 2 ग्राम से अधिक चायपत्ती न लें.
- पानी हमेशा हाथों हाथ उबाला हुआ ही इस्तेमाल करें.
- चायपत्ती को कम से कम 6 मिनट तक घुलने दें.
- दूध वाली चाय पीएं तो सबसे पहले कप में दूध डालें.

### सावधानी : एनीमिया का सबब बन सकती है चाय

कई लोग नाश्ते के साथ और भोजन के बाद भी चाय पीते हैं. इससे रक्ताल्पता यानी एनीमिया की समस्या हो सकती है. दरअसल हमारा शरीर भोजन से आयरन की जो मात्रा हासिल करता है, चाय उसमें रूकावट पैदा करती है. चाय का सेवन लौह तत्व के अवशोषण को 87 फीसदी तक कम कर सकता है. इसलिए आपको चाय पीनी ही हो तो भोजन करने कम से कम एक घंटे बाद या एक घंटे पहले पीएं. हां, दूध की चाय के बदले लेमन टी पीएं, बेहतर है.

**इन दिनों मेरी किताब**

## प्रेरित कर रही इनकी दास्तां



अजीत शर्मा 'आकाश'

वर्तमान प्रयागराज के साहित्यिक एवं सांस्कृतिक इतिहास से पाठकों को परिचित कराने हेतु शायर एवं पत्रकार इम्तियाज़ अहमद ग़ाज़ी की पुस्तक '21 वीं सदी के इलाहाबादी' पाठकों के समक्ष गत वर्ष आ चुकी है. इस पुस्तक में साहित्य, खेल, पत्रकारिता, चिकित्सा, राजनीति, न्याय, रंगमंच, सिने कलाकार तथा व्यापार इत्यादि विभिन्न क्षेत्रों से सम्बन्धित प्रयागराज के उन 106 महत्वपूर्ण एवं उल्लेखनीय व्यक्तियों का विवरण प्रस्तुत किया गया है, जिन्होंने अपने कार्यों एवं उपलब्धियों के माध्यम से अपनी एवं इस शहर की एक अलग पहचान बनाई है. अब '21 वीं सदी के इलाहाबादी, भाग-2' प्रकाशित हुआ है, जिसमें अन्य 126 विभूतियों को सम्मिलित किया गया है.
इस भाग में भी विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण कार्य करने वाले उल्लेखनीय व्यक्तियों का विवरण सम्मिलित है. प्रत्येक व्यक्ति का विवरण 2-2 पृष्ठों में दिया गया है, जिसके अन्तर्गत उनका सामान्य परिचय, जीवन-परिचय, शिक्षा-दीक्षा, किए गए उल्लेखनीय कार्य तथा सम्मान, पुरस्कार जैसी विशिष्ट उपलब्धियों का समावेश किया गया है.



पुस्तक : 21वीं सदी के इलाहाबादी, भाग-2
लेखक : इम्तियाज़ अहमद ग़ाज़ी
प्रकाशक : गुफ़्तगू पब्लिकेशन, प्रयागराज.
मूल्य : 600 रुपए

पुस्तक के इस भाग में सम्मिलित कुछ नाम इस प्रकार से हैं- साहित्य के क्षेत्र में- शिवमूर्ति सिंह, एम.ए.क़दीर, नय्यर आक़िल. पत्रकारिता के क्षेत्र में- डॉ. भगवान प्रसाद उपाध्याय, लईक़ रिज़वी, छत्रपति शिवाजी. चिकित्सा के क्षेत्र में- डॉ. आर.के.एस. चौहान, डॉ. ए.के. बंसल, डॉ. मोहम्मद फ़ारूक़. व्यापार के क्षेत्र में- विदुप अग्रहरि. राजनीति के क्षेत्र में- विश्वनाथ प्रताप सिंह, जनेश्वर मिश्र, रविकिरण जैन, डॉ. रीता बहुगुणा जोशी. फ़ोटोग्राफ़ी- कमल किशोर 'कमल'. न्याय के क्षेत्र में- न्यायमूर्ति अशोक कुमार, न्यायमूर्ति डॉ. गौतम चौधरी. चित्रकला, संगीत एवं रंगमंच- डॉ. मधुरानी शुक्ला, प्रो. रेनू जौहरी, डॉ. सरोज ढींगरा, मनीष कपूर और खेल जगत में मोहम्मद रूस्तम ख़ान, परवेज़ मूनिस, मनीष जायसवाल, राजन निषाद, राजश्री मिश्रा, श्रद्धा चौरसिया. पुस्तक के अन्त में गुफ़्तगू परिवार के संरक्षकों तथा कार्यकारिणी सदस्यों का परिचय प्रदान किया गया है.
अपनी अलग पहचान बनाने वाले इस प्रकार के व्यक्तित्व निश्चित रूप से पाठकों तथा अन्य लोगों के लिए प्रेरणा-स्रोत हो सकते हैं. शोध कार्य के दृष्टिकोण से देखा जाए तो यह कहा जा सकता है कि इलाहाबाद शहर के साहित्य, संस्कृति एवं कला पर शोध करने वालों के लिए यह पुस्तक मार्ग प्रदर्शक का कार्य कर सकने में सक्षम है. इसके अतिरिक्त इलाहाबाद शहर की गंगा-जमुनी संस्कृति के पोषक तत्वों के सम्मिलित होने के कारण यह संग्रहणीय पुस्तक है. पुस्तक का मुद्रण एवं गेट अप उत्तम कोटि का है तथा कवर पृष्ठ आकर्षक है.

## ये चौराहा नहीं, ऑफिस है जनाब

*ऑफिस में बेशक कंफर्टेबल रहना चाहिए, पर बेसिक तौर-तरीकों को ध्यान में रखना जरूरी है. आपके कपड़े, बैठने-उठने का तरीका और आपकी आवाज, ये सारी बातें ऑफिस के तौर-तरीकों में आती हैं. ये बातें कॉर्पोरेट सेक्टर में बहुत मायने रखती हैं और आपकी प्रगति पर भी असर डालती हैं*



### आवाज जरा धीमी

ऑफिस में प्रवेश करते ही हैलो, हाल, गुडमॉर्निंग बोलना...यह गलत नहीं हैं, लेकिन आवाज अधिक तेज नहीं हो. आवाज ऐसी हो कि दूसरे लोग डिस्टर्ब नहीं हों.

### कपड़ों पर दें ध्यान

कई कॉर्पोरेट ऑफिस में एचआर मैनेजर कर्मचारियों के लिए पैंट शर्ट ड्रेस कोड जारी करते हैं. अगर आपके यहां भी है, तो नियम से इसे फॉलो करें. अगर नहीं भी है तो कपड़ों में शालीनता, प्रोफेनिज्म झलके, इसकी कोशिश जरूर करें.

### सम्मान दें

भले आप प्रतिदिन ऑफिस में लंबा समय गुजारते हैं, लेकिन तमाम प्रगाढ़ता के बाद भी बातचीत में एक औपचारिकता बरकरार रहे. नजदीकी दिखाने के लिए ऐ मोटू, लंबूतरे, पंडित जी, ओ पांडेय जैसे संबोधनों से बचें.

### टाइम मैनेजमेंट

ऑफिस में टाइम मैनेजमेंट बहुत मायने रखती है. ऑफिस आने के लिए प्लान करें कि कितनी देर में कौन-कौन से काम खत्म करने हैं. फर्स्ट हाफ गपबाजी में गुजार दें और सेकेंड हाफ में वर्किंग में तेजी लाएं, यह ठीक बात नहीं.

**रमता जोगी :**

## एप्कॉट : खुशियां बांटने वाली दुनिया



नूपुर अशोक

ओरलैंडो में कई थीम पार्क हैं जैसे डिज्नी वर्ल्ड, यूनिवर्सल स्टूडियोज, सी वर्ल्ड, लेगो लैंड इत्यादि. और इनमें से कई के अंतर्गत और भी ढेर सारे पार्क हैं. जैसे डिज्नी के अंतर्गत अन्य पार्क हैं - मैजिक किंग्डम, एप्कॉट, हॉलिवुड स्टूडियोज़, एनिमल किंग्डम. टाइफ़ून लागून और ब्लीज़र्ड बीच इसके वाटर पार्क हैं. इनके 30 से भी अधिक रिसॉर्ट्स हैं जहां आप ठहर सकते हैं और उनकी मुफ्त बस सेवा का लाभ उठा सकते हैं जो आपको रिसॉर्ट्स से पार्कों तक ले जाती है.
यूनिवर्सल स्टूडियोज के अंतर्गत यूनिवर्सल ओरलैंडो रिसॉर्ट, आइलैण्ड्स ऑफ एडवेंचर, वोलकैनो बे वाटर पार्क हैं. सी वर्ल्ड में अक्वाटिका और डिस्कवरी कोव दो पार्क हैं. इनके भी 8 रिसॉर्ट्स हैं. डिज्नी के वर्ल्ड ऑफ डिज्नी में एक पूरा दिन बिताने के बाद अगले दिन हम एप्कॉट गए. वर्ल्ड ऑफ डिज्नी की तरह यह भी एक स्वप्न नगरी थी. बचपन से जिन किरदारों की कहानियों को हम पढ़ते-सुनते और देखते आए थे, उन्हें अपने इर्दगिर्द घूमते फिरते देखना



ऐसा लग रहा था मानो हम परियों के देश में आ गए हों. कुछ के साथ हमने फोटो भी खींचे.
राइड्स के अलावा जो यहां हमने मिकी माउस की परेड भी देखी. एक लंबा जुलूस जिसमें एक के बाद एक सजी-धजी झांकियों पर डिज्नी के किरदार दर्शकों को अपनी भाव-भंगिमाओं से लुभाते हुए आते गए. सबसे अंत में सुपर स्टार की तरह मिकी और मिनी आए. गीत संगीत से भरी यह शानदार परेड वाकई दर्शनीय थी. उतनी ही दर्शनीय थी वहाँ की देर शाम को होने वाली आतिशबाज़ी. बारिश के कारण वह कुछ देर से



शुरू हुई लेकिन इतनी भव्य थी कि उसके लिए किए गए इंतज़ार का हर पल वसूल हो गया.
बारिश ने उस दिन और भी कुछ गुल खिलाए थे. हुआ यूं कि एप्कॉट में घूमते हुए अचानक बारिश शुरू हो गई. उस समय सात महीने की मेरी पोती मेरे पास थी और उसके माता-पिता एक राइड पर गए हुए थे जो हमारी जगह से कुछ दूर थी. बारिश से बचने के लिए हम अपनी पोती के साथ सामने एक सूवेनियर शॉप के अंदर चले गए और बेटे-बहू को फोन से बताया कि हम यहां हैं. इस बीच पोती भूख से रोने लगी थी. कुछ देर बाद बारिश हल्की होने पर बहू भागती हुई हमारे पास आई. मां के आने पर बच्ची शांत तो हो गई लेकिन बारिश इतनी भी कम नहीं हुई थी कि हम उसे लेकर बाहर निकल सकें. हम इसी उधेड़बुन में थे, तभी डिज्नी की ड्रेस पहने एक युवक हमारे पास आया और हमें डिज्नी के दो रेनकोट दिए ताकि हम बच्चे के साथ सुरक्षित बाहर निकल सकें. ये रेनकोट वहां उसी सूवेनियर शॉप में पचास डॉलर यानी लगभग साढ़े तीन हज़ार के बिक रहे थे. पर एक सात महीने की बच्ची की मां और दादी के लिए यह डिज्नी का उपहार था. अगर वे ये नहीं भी देते तो शायद बारिश के कारण हम खुद इसे खरीदते लेकिन उनका यह उपहार हमारे दिल को छू गया और ऐसा लगा कि यह वाकई खुशियां बांटने वाली दुनिया है.

## समर मेंस फैशन : वार्डरोब अपडेट करने का यही है राइट टाइम



अनामिका सिंह
फैशन डिजाइनर

*मौसम का फैशन पर असर होना तय है. ऐसे में पुरुषों का वार्डरोब भी बदलाव की मांग करता है. फैशन डिजाइनर अनामिका सिंह बता रही हैं मेंस फैशन में क्या है ट्रेंड में-*



- डेनिम गर्मियों में हमेशा सदाबहार रहा है. इन दिनों डेनिम शॉर्ट्स मेंस वियर में ट्रेंड में है. थाई लेंग्थ के शॉर्ट्स के साथ लूज शर्ट और टी-शर्ट पहनिए. प्वॉइंट ऑफ अट्रैक्शन बनेंगे.
- कॉटन शर्ट्स, लेनिन शर्ट या फिर रेयॉन फैब्रिक के शर्ट के सार्थ लाइट वेट डेनिम या स्लिम फिट ट्राउजर कूल लुक देगा.
- रिसॉर्ट वियर शर्ट जो लेंग्थ में थोड़ा लंबा होता है, उसे नॉर्मल ट्राउजर के साथ कैरी करें. यह हॉलीडे व रिलेक्स्ड लुक देगा.
- टी शर्ट के साथ शर्ट और डेनिम भी एक कैजुअल लुक देता है.
- अगर प्रिंट की बात करें तो बोल्ड स्ट्रिप, फ्लोरल, जियोमेट्रिकल पैटर्न इस सीजन में ट्रेंड में है.
- कॉलर में शर्ट कॉलर, मैंडरेन कॉलर, चाइनीज कॉलर फैशन में है.
- रंगों की बात करें तो डार्क रेड, ओशियन ब्लू, शेड्स और ग्रीन (सेज ग्रीन, ऑलिव ग्रीन), पीच, पिंक जैसे कलर ट्रेंड में हैं.
- कॉटन कुर्ती भी गर्मी में आरामदाय होता है. इसे ब्लू डेनिम के साथ पेयर करें. बेहद कूल और आर्टिस्टिक लुक मिलेगा. लूज पैंट या डेनिम के साथ चिकनकारी कुर्ती भी को-ऑर्डिनेट कर सकते हैं.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

# मेरा पहला लक्ष्य ओलंपिक में पदक जीतना है: विनेश



एजेंसी। बिश्केश (किर्गिस्तान)

ओलंपिक कोटा हासिल कर राहत महसूस कर रही विनेश फोगाट का मानना है कि पेरिस खेलों की तैयारी के लिए 50 किग्रा के सबसे निचले वर्ग में अपना वजन बनाये रखना उनके लिए चुनौतीपूर्ण होगा. विनेश ने एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में शानदार प्रदर्शन किया, जहां उन्होंने बिना अंक गंवाये अपना लगातार तीसरा ओलंपिक कोटा पक्का कर लिया. विनेश भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के विरोध के कारण लगभग डेढ़ साल तक नियमित अभ्यास और खेल से दूर रही. इस दौरान अंतिम पंघाल ने 53 किग्रा वर्ग में कोटा स्थान हासिल कर लिया. विनेश लंबे समय से इसी भार वर्ग में चुनौती पेश करती रही हैं. देश की सबसे सफल महिला पहलवान के पास ओलंपिक कोटा सुनिश्चित करने के लिए वजन वर्ग बदलने के अलावा कोई विकल्प नहीं था.

**लेकिन, अगले चार महीनों में वजन प्रबंधन करना चुनौती**

विनेश ने 50 किग्रा वर्ग में कोटा सुनिश्चित करने के बाद कहा, मुझे अपने वजन को बेहतर तरीके से प्रबंधित करना होगा. मैंने इतने लंबे समय के बाद अपने वजन को कम कर 50 किलो तक किया है इसलिए मैं इसे जितना संभव हो उतना बनाए रखने की कोशिश करूंगी. इस 29 साल की पहलवान ने यूडब्ल्यूडब्ल्यू की वेबसाइट से कहा, मेरी मांसपेशियां मजबूत हैं, इससे मेरा वजन जल्दी बढ़ जाता है. इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि मैं कितनी फिट हूं, फिर भी मेरा वजन बढ़ता है. मैं सिर्फ अपना वजन नियंत्रित करना चाहती हूं. मेरे पास चार महीने बचे हैं और हर दिन बहुत महत्वपूर्ण है. विनेश ने कहा, मैंने वजन में बदलाव इसलिए किया क्योंकि मेरे पास कोई विकल्प नहीं था. मैंने अपनी खुशी से ऐसा नहीं किया. मैंने 50 किग्रा वर्ग में अपने देश के लिए कोटा जीता. मुझे खुशी है कि मैं ओलंपिक में जा सकती हूं.

### आईपीएल : आरसीबी ने 222 के जवाब में 221 रन बनाए

# रोमांचक मैच में कोलकाता ने बेंगलुरु को एक रन से हराया

- रसेल ने 3 विकेट लिए

एजेंसी। कोलकाता

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स ने आईपीएल के 36वें मैच 36 में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को रोमांचक मुकाबले में 1 रन से हरा दिया है. इस हार से आरसीबी की प्लेऑफ में जाने की उम्मीदों को बड़ा झटका लगा. 223 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी की बल्लेबाजी बुरी तरह लड़खड़ा गई. सलामी बल्लेबाज विराट कोहली और फाफ डुप्लेसी जल्दी जल्दी आउट हो गए. पुछल्ले करन शर्मा ने उम्मीदें जगाईं, लेकिन वह आखिरी ओवर की पांचवीं गेंद पर आउट हो गए. उस समय टीम को जीत के लिए 2 गेंद पर 3 रन चाहिए था. बाद में आए फर्ग्यूसन आखिरी गेंद पर दो रन नहीं ले पाए और रनआउट हो गए. आरसीबी की ओर से जैक्स और रजत ने भी अर्धशतक जड़ा, लेकिन नतीजा टीम के अनुकूल नहीं रहा. कार्तिक ने 25 व सुयश ने 24 रन बनाए.

कोलकाता नाइट राइडर्स ने अपने होम ग्राउंड इडेन गार्डन्स पर पहले बल्लेबाजी करते हुए रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ 222 रन बनाए. श्रेयस अय्यर ने कप्तानी पारी खेली और 36 गेंद पर अर्द्धशतक बनाकर आउट हुए. उन्होंने 7 चौके और एक छक्का की मदद से 50 रन बनाए. इससे पहले सलामी बल्लेबाज फिलिप साल्ट और सुनील नारायण की जोड़ी ने टीम को शानदार शुरुआत दी. पांचवें ओवर में जब साल्ट आउट हुए, उस समय टीम का स्कोर 56 रन था. सुनील नारायण आज लय में नजर नहीं आए और 15 गेंद पर 10 रन बनाकर आउट हुए. 10 ओवर के अंदर की टीम ने 100 रन का आंकड़ा पार कर लिया था.



**आखिरी ओवर का रोमांच**

बेंगलुरु को आखिरी ओवर में 21 रन चाहिए थे. मिचेल स्टार्क के इस ओवर में कर्ण शर्मा ने चार बॉल में तीन छक्के लगाकर मैच को रोमांचक बना दिया. लेकिन, ओवर की पांचवीं बॉल पर वे आउट हो गए. इस वक्त आरसीबी को जीत के लिए 2 बॉल पर 3 रन चाहिए थे.कर्ण शर्मा के विकेट के बाद टीम को आखिरी बॉल पर 3 रन चाहिए थे. यहां लॉकी फर्ग्यूसन ने कवर्स की दिशा में शॉट खेला और 2 रन के लिए दौड़ पड़े. उन्होंने एक रन पूरा किया लेकिन दूसरा रन लेने से पहले रन आउट हो गए. इस तरह आरसीबी ने एक रन से रोमांचक मुकाबला गंवा दिया.

### आउट दिए जाने पर अंपायर पर बुरी तरह भड़के कोहली

विराट कोहली के विकेट को लेकर विवाद हो गया. दरअसल 223 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए कोहली और फाफ डु प्लेसिस ने शुरुआत की. लेकिन तीसरे ओवर में कोहली फुलटॉस पर आउट हो गए और विवाद हो गया. हर्षित ने कोहली को फुलटॉस फेंकी जो उनके कमर से ऊपर थी. कोहली ने उसे बल्ले से रोकना चाहा. लेकिन गेंद गेंद हवा में जा उछली और राना ने कैच लपक लिया.ऑन फील्ड अंपायर ने इसे नो बॉल नहीं दिया. कोहली ने तुरंत डीआरएस ले लिया. थर्ड अंपायर ने वीडियो रिप्ले में पाया कि गेंद नो बॉल नहीं थी और विराट को आउट करार दे दिया गया.

### स्टार्क पर पड़े तीन छक्के

पावरप्ले के आखिरी ओवर में केकेआर को मिचेल स्टार्क से किफायती बॉलिंग की उम्मीद थी लेकिन ऐसा नहीं हुआ. विल जैक्स ने पहली गेंद को डीप स्क्वायर लेग पर छक्का मारा. दूसरी गेंद को उन्होंने मिड विकेट पर छक्का मारा. पटकी हुई इस गेंद को जैक्स ने 97 मीटर दूर भेजा. इसके बाद अगली दो गेंद पर कोई रन नहीं बना. ओवर की 5वीं गेंद को जैक्स ने एक बार फिर छक्के के लिए भेजा. इस बार गेंद लॉन्ग ऑफ के ऊपर से बाउंड्री के बाहर गई.

## ब्रीफ खबरें

### अटवाल चैंपियंस टूर गोल्फ में 29वें स्थान पर

**इरविंग (अमेरिका)।** भारतीय गोल्फर अर्जुन अटवाल यहां चैंपियंस टूर (सीनियरों के लिए) में आमंत्रित सेलिब्रिटी क्लासिक के पहले दौर के बाद 29वें पायदान पर हैं. बारिश के कारण दूसरे दौर का खेल निलंबित हो गया है. अटवाल ने अपने खेल की शुरुआत 10वें होल से की. उन्होंने शुरुआती छह होल में पांच बर्डी लगाये लेकिन फिर तीन बोगी कर बैठे. उनका स्कोर दो अंडर 69 का है. पिछले साल के उपविजेता डेनमार्क के थॉमस बोर्न सात अंडर 64 के स्कोर के साथ तालिका में शीर्ष पर हैं.

### अजीतेश संधू 14वें स्थान पर रहे

**रियाद (सऊदी अरब)।** अजीतेश संधू ने रविवार को यहां 10 लाख डॉलर पुरस्कार राशि के सऊदी ओपन के अंतिम दिन पांच अंडर 66 का कार्ड खेला, जिससे वह भारतीय गोल्फरों में सर्वश्रेष्ठ संयुक्त 14वें स्थान पर रहे. इसमें भाग ले रहे अन्य भारतीयों में शिव कपूर (67) संयुक्त 37वें और गगनजीत भुल्लर (71) संयुक्त 49वें स्थान पर रहे. बाकी अन्य आठ भारतीय गोल्फर कट हासिल करने से चूक गये थे. जॉन कैटलिन ने अंतिम दौर में पांच अंडर पार 66 के कार्ड से खिताब जीता.

### कर्नाटक मिल्क आयरलैंड और स्कॉटलैंड की प्रायोजक

**बेंगलुरु।** नंदिनी ब्रांड के नाम वाला कर्नाटक का डेयरी सहकारी संघ कर्नाटक मिल्क फेडरेशन (केएमएफ) 2024 टी20 विश्व कप में स्कॉटलैंड और आयरलैंड की क्रिकेट टीम को प्रायोजित करेगा. हालांकि उसके इस कदम की आलोचना की जा रही है. केएमएफ के प्रबंध निदेशक एमके जगदीश ने रविवार को कहा, हां, हम उनका प्रायोजन कर रहे हैं. वे मैच के दौरान हमारे ब्रांड का प्रदर्शन करेंगे.

# मुंबई की निगाहें राजस्थान से बदला चुकता करने पर

एजेंसी। जयपुर

मुंबई इंडियंस की टीम सोमवार को जब यहां आईपीएल मैच में तालिका में शीर्ष पर चल रही राजस्थान रॉयल्स से भिड़ेगी, तो उसकी निगाहें अपनी गेंदबाजी खामियों को दूर करके मेजबान टीम से बदला चुकता करने पर लगी होंगी. पिछले चार मैच में तीन जीत से मुंबई इंडियंस की टीम उबरने की राह पर चल रही है और सत्र की खराब शुरुआत के बाद अंक तालिका में छठे स्थान पर पहुंच गयी है, जबकि राजस्थान रॉयल्स की टीम तूफानी रफ्तार से आगे बढ़ते हुए 12 अंक लेकर शीर्ष स्थान पर काबिज है. पांच बार की चैम्पियन मुंबई ने पिछले मैच में आशुतोष शर्मा के अंत में लगाये गये अर्धशतक के बावजूद पंजाब किंग्स के खिलाफ नौ रन से जीत हासिल की थी. एक बार फिर जसप्रीत बुमराह ने जिम्मेदारी अपने कंधों पर उठायी और तीन विकेट झटके भारत के इस स्टार तेज गेंदबाज ने नयी गेंद से चमकदार प्रदर्शन किया और ज्यादा रन लुटाये बिना ही ये विकेट हासिल किये. बुमराह 13 विकेट लेकर इस आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट चटकाने वाले गेंदबाजों की सूची में शीर्ष पर हैं. उनका इकोनोमी रेट भी दूसरे सर्वश्रेष्ठ नंबर पर है और उन्होंने छह रन से भी कम रन गंवाये हैं. जहां वह शानदार गेंदबाजी कर रहे हैं तो वहीं उनके साथी गेंदबाज ऐसा करने में जूझ रहे हैं. गेराल्ड कोएत्जी ने भी 12 विकेट लेकर प्रभावित किया है लेकिन उन्होंने काफी ज्यादा रन लुटाये हैं. आकाश मधवाल और कप्तान हार्दिक पंड्या अनिरंतर रहे हैं. श्रेयस गोपाल ने अभी तीन मैच खेले हैं और प्रत्येक में एक एक विकेट झटका है मुंबई इंडियंस को अपने अफगानिस्तान के अनुभवी आल राउंडर मोहम्मद नबी के बतौर गेंदबाज अनुभव का इस्तेमाल करने की जरूरत है.बल्लेबाजी में पूर्व कप्तान रोहित शर्मा का शानदार शतक सुर्खियों में रहा है, लेकिन इसके बावजूद टीम हार गयी थी. वहीं ईशान किशन भी निरंतर प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं. हार्दिक ने भी अभी तक प्रभावित नहीं किया है जबकि तिलक वर्मा ने इन सबकी तुलना में अच्छा किया है. मुंबई इंडियंस के लिए सबसे बड़ी सकारात्मक चीज सूर्यकुमार यादव की फॉर्म में वापसी है. पंजाब किंग्स के खिलाफ उनकी 53 गेंद में 78 रन की पारी मुंबई इंडियंस के लिए अहम रही और अगर वह लय में आ जायें तो किसी भी आक्रमण की धज्जियां उड़ा सकते हैं.



**टीमें इस प्रकार हैं**

**मुंबई इंडियंस :** हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार , डेवाल्ड ब्रेविस, जसप्रीत बुमराह, पीयूष चावला, जेराल्ड कोएत्ज़ी, टिम डेविड, श्रेयस गोपाल, ईशान किशन (विकेटकीपर), अंशुल कंबोज, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, क्वेना मफाका , मोहम्मद नबी, शम्स मुलानी, नमन धीर, शिवालिक शर्मा, रोमारियो शेफर्ड, अर्जुन तेंदुलकर, नुवान तुषारा, तिलक वर्मा, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, ल्यूक वुड .

**राजस्थान रॉयल्स :** संजू सैमसन (कप्तान), आबिद मुश्ताक, आवेश खान, ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, जोस बटलर, कुलदीप सेन, कुणाल सिंह राठौड़, नंद्रे बर्गर, नवदीप सैनी, रविचंद्रन अश्विन, रियान पराग, संदीप शर्मा, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, रोवमैन पॉवेल, टॉम कोहलर-कैडमोर, ट्रेंट बोल्ट, यशस्वी जायसवाल, युजवेंद्र चहल, तनुष कोटियान और केशव महाराज .

**समय: मैच शाम 7.30 बजे शुरू होगा**

### रमित टंडन ने विक्टर क्रोयूइन को हराया

**नयी दिल्ली।** भारतीय स्क्वाश खिलाड़ी रमित टंडन ने मिस्र के एल गोयूना में चल रहे 198,000 डॉलर पुरस्कार राशि के पीएसए प्लेटिनम स्क्वाश टूर्नामेंट के दूसरे दौर में फ्रांस के दुनिया के 11वें नंबर के खिलाड़ी विक्टर क्रोयूइन पर 3-1 की शानदार जीत से बड़ा उलटफेर किया. दुनिया के 40वें नंबर के खिलाड़ी टंडन को अगले महीने मिस्र में होने वाली विश्व चैम्पियनशिप में सीधे प्रवेश दिया गया है. टंडन ने विक्टर क्रोयूइन पर 52 मिनट में 11-9, 12-10, 8-11, 11-5 से जीत हासिल की. फ्रांस के खिलाड़ी के खिलाफ पांच भिड़ंत में यह टंडन की दूसरी जीत है. अब तीसरे दौर में टंडन का सामना दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी डिएगो एलियास से होगा. एलियास इस भारतीय के खिलाफ पिछली दो भिड़ंत में जीत हासिल कर चुके है.

# मनु और अनीश ने ओलंपिक के लिए मजबूत किया दावा

एजेंसी। नयी दिल्ली

मनु भाकर और अनीश भानवाला ने यहां डॉ. कर्णी सिंह निशानेबाजी परिसर में चल रहे ओलंपिक चयन ट्रायल एक और दो में अपने-अपने क्वालिफिकेशन राउंड में शीर्ष पर रहते हुए ओलंपिक के लिए अपना दावा मजबूत किया. देश के लिए कोटा हासिल करने वाली मनु ने टी2 क्वालीफिकेशन में महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल में 585 का कुल स्कोर हासिल किया और पांच महिला निशानेबाजों में शीर्ष पर रही. उन्होंने इससे पहले शनिवार को पहला ट्रायल भी जीता था. ईशा सिंह 581 के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि सिमरनप्रीत कौर बराड़ 577 के साथ तीसरे स्थान पर रहीं. अभिदन्या अशोक पाटिल (572) चौथे स्थान पर रही जबकि मनु के साथ देश के लिए कोटा हासिल करने वाली रिदम सांगवान 566 अंक के साथ पांचवें पायदान पर रही. पुरुषों के टी2 क्वालीफिकेशन में अनीश ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए 582 अंक के साथ जीत दर्ज की पेरिस ओलंपिक के लिए कोटा हासिल करने वाले दूसरे निशानेबाज विजयवीर सिद्धू 580 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहे. भावेश शेखावत इसी स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहे. अंकुर गोयल (573) और आदर्श सिंह (571) के पेरिस का टिकट कटाने के लिए भोपाल में किसी चमत्कार की उम्मीद करनी होगी. दिल्ली में हुए ट्रायल के प्रदर्शन के आधार में महिलाओं की पिस्टल में मनु और ईशा और पुरुषों वर्ग में अनीश और विजयवीर का ओलंपिक के लिए दावा मजबूत दिख रहा है.

### गेंदबाजों को ध्यान में रख तैयारी करने से फायदा मिला: अभिषेक

**नयी दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 12 गेंद में 46 रन की विस्फोटक पारी खेल सनराइजर्स हैदराबाद की बड़ी जीत की नींव रखने वाले सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने कहा कि आईपीएल में प्रतिद्वंद्वी टीम के मुख्य गेंदबाजों को ध्यान में रख कर तैयारी करने का उन्हें काफी फायदा मिला है. अभिषेक ने शनिवार को यहां ट्रेविस हेड (32 गेंद में 89 रन) के साथ महज 38 गेंद में 131 रन की साझेदारी के दौरान पावरप्ले में 125 रन बनाने का रिकॉर्ड भी कायम किया. इस शानदार शुरुआत से सनराइजर्स हैदराबाद ने सात विकेट पर 266 रन बनाने के बाद दिल्ली की पारी को 19.1 ओवर में 199 रन पर समेट कर 67 रन से बड़ी जीत दर्ज की. उन्होंने अपनी पारी में छह छक्के लगाये जिसमें चार छक्के कुलदीप की गेंद पर आये.

# लियोनल मेस्सी के दो गोल इंटर मियामी 3-1 से जीता

**फोर्ट लॉडरडेल (अमेरिका)।** अर्जेंटीना के सुपरस्टार लियोनल मेस्सी के दो गोल से इंटर मियामी ने मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) में नाशविले एससी पर 3-1 से जीत दर्ज की. इन दो गोल से मेस्सी के एमएलएस में कुल सात गोल हो गये हैं. मेस्सी ने दो मार्च को ओरलांडो के खिलाफ मैच के दौरान भी दो गोल दागे थे. मेस्सी ने नाशविले एससी के खिलाफ मैच में एक गोल करने में भी मदद की. इंटर मियामी के लिए सर्गियो बुस्कुवेट्स ने अपना पहला गोल दागा. लुईस सुआरेज ने मेस्सी को पहला गोल करने में मदद की. मियामी के डिफेंडर फ्रैंको नेरी के दूसरे मिनट में आत्मघाती गोल से नाशविले एससी ने बढ़त बनायी. मेस्सी ने 11वें मिनट में अपना पहला गोल दागा जिसके बाद 39वें मिनट में बुस्कुवेट्स ने गोल कर अपनी टीम को 2-1 से आगे किया. मेस्सी ने फिर 81वें मिनट में पेनल्टी किक पर अपना दूसरा गोल किया.




### आप हमेशा विराट कोहली पर निर्भर नहीं रह सकते

**नयी दिल्ली।** पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज वरुण आरोन ने रविवार को कहा कि अब समय आ गया है जब रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के लिए भारत के घरेलू खिलाड़ी जिम्मेदारी उठाएं और विराट कोहली पर निर्भरता को कम करें कोहली इस इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में आरसीबी के लिए शानदार फॉर्म में हैं और सात पारियों में 361 रन बनाकर आरेंज कैप लिये हैं. उनका स्ट्राइक रेट 147.34 का है और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर नाबाद 113 रन है। स्टार स्पोर्ट्स से बात करते हुए आरोन ने कहा, यह सिर्फ ऐसा है कि आरसीबी लय हासिल नहीं कर पा रही, घरेलू खिलाड़ी जिम्मेदारी नहीं उठा रहे. इस साल के शुरू में प्रथम श्रेणी क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा करने वाले 34 वर्षीय आरोन ने कहा, अगर आपको तालिका में शीर्ष के करीब या फिर इस तालिका के मध्य में पहुंचना है, तो आपके पास ऐसे घरेलू खिलाड़ी होने चाहिए जो दमदार प्रदर्शन करें क्योंकि आप हमेशा विराट कोहली पर निर्भर नहीं हो सकते उन्होंने कहा, अन्य खिलाड़ियों को भी जिम्मेदारी उठानी होगी. आप इतनी ज्यादा राशि उन खिलाड़ियों पर नहीं खर्च कर सकते जो डग आउट में ही बैठे रहे और खेले नहीं. आरोन को आरसीबी ने 2014 में दो करोड़ रुपए में खरीदा था और फिर 2016 की नीलामी में उन्हें रिटेन किया था. सीमित ओवर के प्रारूपों में आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान आरोन फिंच को लगता है कि आरसीबी को मध्यक्रम में एक आक्रामक बल्लेबाज चाहिए जो कोहली के साथ साझेदारी बना सके. फिंच ने कहा, कोहली ने हर जगह काफी रन जुटाये हैं.

**साक्षात्कार** — मैं अधीर रंजन की इज्जत करता हूं, लेकिन जनता की राय अलग है

# मैं राजनीति में बने रहने व लोगों के लिए आया हूं : यूसुफ पठान



एजेंसी। कोलकाता

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अधीर रंजन चौधरी के खिलाफ बहरमपुर लोकसभा सीट पर तृणमूल कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ रहे पूर्व क्रिकेटर यूसुफ पठान ने कहा कि वह यहां राजनीति में बने रहने और शहर के लोगों से जुड़े रहने के लिए आए हैं, जो उन्हें अपना मानकर पहले ही स्वीकार कर चुके हैं. क्रिकेट के सभी प्रारूपों से फरवरी 2021 में संन्यास लेने वाले पठान को लगता है कि बहरमपुर में हर बीतते दिन के साथ उनकी ताकत और आत्मविश्वास बढ़ता जा रहा है. पठान ने एक साक्षात्कार में कहा, मैं ऐसी जगह पर आकर धन्य हो गया हूं जहां लोग मुझे कह रहे हैं कि आपको हम यहां से जाने नहीं देंगे. उन्होंने कहा, यहां के लोग मुझे पहले ही अपना बेटा, भाई या मित्र मान चुके हैं. चुनाव का नतीजा चाहे कुछ भी हो, लेकिन मैं उनसे जुड़ा रहूंगा. मैं एक बेहतर भविष्य के लिए उनके साथ रहूंगा जिसके वे हकदार हैं. ये लोग मेरी ताकत हैं और इंशा अल्लाह, मैं जीतूंगा.

**बहरामपुर से हैं टीएमसी प्रत्याशी :** वह बहरामपुर सीट से चुनाव लड़ रहे हैं और कांग्रेस के अनुभवी एवं निवर्तमान सांसद चौधरी को उनके गढ़ में चुनौती दे रहे हैं. उन्होंने कहा, मैं अधीर चौधरी का बहुत सम्मान करता हूं जो कि एक वरिष्ठ नेता हैं. बंगाल में चुनाव लड़ने के लिए गुजरात से यहां आए पठान ने कहा, लेकिन जब मैं लोगों को सुनता हूं तो मैंने कोविड-19 के दौरान जमीनी स्तर पर उनकी अनुपस्थिति को लेकर असंतोष सुना है.

**आखिर टीएमसी को ही क्यों चुना**

यह पूछने पर कि आखिरकार उन्होंने राजनीति और टीएमसी को क्यों चुना, इस पर उन्होंने हंसते हुए कहा, क्रिकेट तो खत्म हो गया, कुछ तो करना था. मुझे अहसास हुआ कि यह मेरे लिए जनता की सेवा करने के लिए ईश्वर से मिला एक अवसर हो सकता है. यह पूछे जाने पर कि क्या उनकी धार्मिक पहचान, एक धर्मनिष्ठ मुस्लिम की पहचान, उन्हें बहरामपुर जैसी मुस्लिम-बहुल सीट पर विरोधियों पर बढ़त दिलाती है, इस पर पठान ने दृढ़ता से धर्म को राजनीति से अलग कर दिया. कहा, मैं इस देश के प्रत्येक धर्म का सम्मान करता हूं लेकिन लोगों को उनकी धार्मिक पहचान के आधार पर वोट बैंक की तरह नहीं समझा जाना चाहिए.

# पुरुष शिविर के लिए हॉकी संभावितों की घोषणा

एजेंसी। नयी दिल्ली

हॉकी इंडिया ने रविवार को पेरिस ओलंपिक से पहले अपनी कमियों को दूर करने के लिए पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 28 सदस्यीय कोर संभावित ग्रुप की घोषणा की. शिविर बेंगलुरु के साइ केंद्र में रविवार से शुरू होकर 13 मई तक चलेगा. भारतीय टीम आस्ट्रेलिया में पांच मैच की टेस्ट श्रृंखला में मिली 0-5 की हार के बाद शिविर में लौटेगी. इस शिविर के बाद भारतीय टीम एफआईएच प्रो लीग के अपने अगले दो चरण के लिए बेल्जियम और लंदन की यात्रा करेगी, जिसमें उसका सामना अर्जेंटीना, बेल्जियम, जर्मनी और ब्रिटेन से होगा. हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति में मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा, हम इस शिविर में ट्रेनिंग का महत्वपूर्ण चरण शुरू करना चाहते हैं और हमें सुनिश्चित करने की जरूरत है कि पेरिस 2024 ओलंपिक से पहले हम सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में हों.. हमारे पास कुछ युवा खिलाड़ियों के साथ अनुभवी खिलाड़ियों का अच्छा ग्रुप है. उन्होंने कहा, आस्ट्रेलिया दौरे से हमें यह समझने में मदद मिली कि हमें कहां काम करने की जरूरत है और मेरा हमेशा मानना है कि हम अपनी कमियों पर काम कर सकते हैं और प्रो लीग के अंतिम चरण और पेरिस 2024 ओलंपिक से पहले चीजों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं.

**28 सदस्यीय संभावितों के नाम**

राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के कोर ग्रुप में गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक, पीआर श्रीजेश, सूरज करकेरा और डिफेंडर हरमनप्रीत सिंह, जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, जुगराज सिंह, संजय, सुमित और अमीर अली शामिल हैं. मिडफील्डरों में मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद, रबीचंद्र सिंह मोइरंगथेम, शमशेर सिंह, नीलकंठ शर्मा, राजकुमार पाल, विष्णुकांत सिंह मौजूद हैं. फॉरवर्ड की सूची में आकाशदीप सिंह, मनदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, अभिषेक, दिलप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, गुरजंत सिंह, मोहम्मद राहील मौसीन, बॉबी सिंह धामी और अरजीत सिंह हुंदल शामिल हैं.

▼ ब्रीफ खबरें

### न्यूयॉर्क में चाकू से किए हमले में तीन घायल

**न्यूयॉर्क (अमेरिका)** । न्यूयॉर्क सिटी में एक जहाज पर हो रही पार्टी के दौरान चाकू से किए हमले के बाद शनिवार को तीन लोगों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा. पुलिस कर्मी सोफिया मैसन ने बताया कि 58वीं स्ट्रीट और ब्रुकलिन आर्मी टर्मिनल गोदाम के समीप ईस्ट रिवर पर शाम करीब पांच बजे हमले की सूचना मिली. उन्होंने बताया कि घायलों की उम्र 28 से 40 वर्ष के बीच है और तीनों पुरुष हैं जिनके सीने और पेट में चाकू से वार किया गया. एक व्यक्ति के सिर पर एक बोतल से भी वार किया गया.

### मप्र :भाजपा नेता पर हमला, एक गिरफ्तार

**टीकमगढ़ (मप्र)** । लोकसभा चुनाव पर, मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ में आयोजित एक राष्ट्रीय समाचार चैनल के कार्यक्रम के दौरान दो लोगों ने भाजपा के एक स्थानीय नेता पर कथित तौर पर हमला कर दिया. पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी. एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना नजरबाग के एक मैदान में शनिवार को आयोजित किए गए टीवी कार्यक्रम के दौरान हुई और इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है.

### छग : बस पलटने से 10 पुलिसकर्मी घायल

**जगदलपुर (छत्तीसगढ़)** । मध्य प्रदेश पुलिस के कर्मियों को चुनाव ड्यूटी के लिए ले जा रही एक बस के छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में रविवार को पलट जाने से कम से कम 10 जवान घायल हो गए. एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी. पुलिस के एक स्थानीय अधिकारी ने पहले बताया था कि घायल हुए लोग सीआरपीएफ (केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल) के कर्मी थे लेकिन बाद में जगदलपुर के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि घायल लोग मध्य प्रदेश पुलिस के कर्मी थे.

### भाजपा सत्ता में वापस नहीं आनी चाहिए : बसपा

**लखनऊ** । पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने रविवार को ईवीएम को लेकर संदेह जाहिर करते हुए दावा किया कि अगर स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव हुए तो इस बार भाजपा केंद्र की सत्ता में आसानी से वापस नहीं आने वाली. बसपा प्रमुख रविवार को अमरोहा में पार्टी उम्मीदवार मुजाहिद हुसैन के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रही थीं. बसपा प्रमुख ने कहा, पिछले कई वर्षों से भाजपा और उनके सहयोगी दल केंद्र तथा राज्यों की सत्ता में काबिज हैं, अब वापस नहीं आनी चाहिए.

### चुनाव आयोग ने नोटिस जारी किया

**मुंबई** । लोकसभा चुनाव के बीच पार्टी के कैंपेन वीडियो को लेकर चुनाव आयोग ने जब नोटिस जारी किया तो उद्धव ठाकरे ने कड़ी प्रतिक्रिया दी. उन्होंने कहा, 'आयोग को जो भी कार्रवाई करनी है करे, लेकिन पहले मोदी और अमित शाह पर करे.' उन्होंने पीएम और गृह मंत्री के चुनावी अभियानों का हवाला देते हुए कहा कि वह अपने कैंपेन सॉन्ग में बदलाव नहीं करेंगे. प्रमोशन सॉन्ग पर चुनाव आयोग ने गाने में भवानी शब्द के प्रयोग को लेकर नोटिस भेजा था.

## भगवान महावीर के 2550वें निर्वाण महोत्सव के अवसर पर बोले पीएम

# देश का मानना है कि चुनाव से भविष्य की नयी यात्रा शुरू होगी

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि भारत दुनिया के सामने मौजूद समस्याओं के समाधान के तौर पर सच्चाई एवं अहिंसा के मंत्रों को आत्मविश्वास के साथ पेश कर रहा है और उसकी सांस्कृतिक छवि भी इसमें अहम भूमिका निभा रही है. मोदी ने यहां भगवान महावीर के 2,550वें निर्वाण महोत्सव के अवसर पर पूर्ववर्ती संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उनकी सरकार ने 2014 में सत्ता में आने पर ऐसे समय में विरासत के साथ-साथ भौतिक विकास को बढ़ावा देने पर जोर दिया जब देश निराशा में डूबा हुआ था. उन्होंने लोकसभा चुनाव का जिक्र करते हुए कहा कि लोकतंत्र का बड़ा उत्सव जारी है और देश का मानना है कि यहां से भविष्य की नयी यात्रा भी शुरू होगी.

मोदी ने अपनी सरकार द्वारा योग और आयुर्वेद जैसी भारतीय विरासत को बढ़ावा दिए जाने का जिक्र करते हुए कहा कि देश की नयी पीढ़ी अब मानती है कि स्वाभिमान ही उसकी पहचान है. उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की समस्याओं के समाधान के रूप में सत्य और अहिंसा के मंत्र को वैश्विक स्तर पर अब आत्मविश्वास के साथ पेश कर रहा है. मोदी ने कहा कि दुनिया को भारत से शांति की राह दिखाने की उम्मीद है और इसकी वजह देश की बढ़ती ताकत एवं विदेश नीति बताई जाती है, लेकिन इसमें इसकी सांस्कृतिक छवि ने भी बड़ी भूमिका निभाई है. उन्होंने कहा कि वैश्विक संघर्षों के समय में तीर्थंकरों, श्रद्धेय आध्यात्मिक जैन गुरुओं की शिक्षाएं और भी अधिक प्रासंगिक हैं.

### सुबह-सुबह मतदान करना चाहिए

प्रधानमंत्री ने लोगों से कहा कि उन्हें सुबह-सुबह मतदान करना चाहिए. उन्होंने हल्के-फुल्के अंदाज में कहा कि संतों का संबंध कमल से होता है जिसका इस्तेमाल प्राय: पवित्र आयोजनों में किया जाता है और यह फूल भाजपा का चुनाव चिह्न भी है. मोदी ने कहा कि यह आयोजन एक दुर्लभ अवसर है और यह 'अमृत काल' की शुरुआत में हो रहा है. उन्होंने कहा कि देश आजादी के शताब्दी वर्ष को 'स्वर्णिम शताब्दी' बनाने



की दिशा में काम कर रहा है. उन्होंने जोर देकर कहा कि 'अमृत काल' का विचार केवल एक संकल्प नहीं, बल्कि भारत की आध्यात्मिक प्रेरणा है. मोदी ने कहा कि भारत न केवल सबसे पुरानी जीवित सभ्यता है बल्कि मानवता के लिए एक सुरक्षित आश्रय स्थल भी है. प्रधानमंत्री ने यह भी कहा, भगवान महावीर का शांति, करुणा और बंधुत्व का संदेश सभी के लिए महान प्रेरणा का स्रोत है.

### ममता बनर्जी के शासन में अराजकता फैली हुई है : राजनाथ



**जलांगी (पश्चिम बंगाल)** । रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए रविवार को कहा कि राज्य में उनके नेतृत्व वाली सरकार के शासन में अराजकता फैली हुई है. उन्होंने कहा कि राज्य में महिला मुख्यमंत्री होने के बावजूद संदेशखालि जैसी घटनाएं हो रही हैं. राजनाथ ने यहां मुर्शिदाबाद लोकसभा क्षेत्र में भाजपा उम्मीदवार गौरी शंकर घोष के पक्ष में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा, ममता के नेतृत्व वाली सरकार के शासन में अराजकता फैली हुई है. उन्होंने कहा कि संदेशखालि में महिलाओं पर अत्याचार के आरोपों को लेकर दुनिया भर के लोग शर्मिंदा हैं. स्थानीय नेताओं पर राज्य के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखालि में महिलाओं का यौन उत्पीड़न करने के साथ-साथ ग्रामीणों की जमीन हड़पने के आरोप लगे हैं.



## यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ बोले

# कांग्रेस आतंकवाद और नक्सलवाद का पर्याय है

**एजेंसी । राजनांदगांव**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए रविवार को कहा कि वह घोटालों, आतंकवाद और नक्सलवाद का पर्याय है. योगी ने छत्तीसगढ़ की राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि अयोध्या में रामलला (उनकी मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा) के लिए 500 वर्षों का इंतजार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कारण समाप्त हुआ. उन्होंने दावा किया, कांग्रेस घोटालों, आतंकवाद और नक्सलवाद का पर्याय है. जिस उम्र में युवाओं के हाथ में पुस्तक होनी चाहिए, दुनिया को आगे बढ़ाने का जज्बा होना चाहिए, कांग्रेस ने उनके हाथ में तमंचा पकड़ा दिया. उन्हें नक्सलवाद तथा उग्रवाद के नाम पर देश के खिलाफ उकसाया गया. मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में लोगों ने पिछले 10 वर्षों में देश को बदलते देखा है. उन्होंने कहा, मोदी जी ने कहा है इस देश को दुनिया की एक बड़ी ताकत बनाना है. विकसित भारत बनाना है. आत्मनिर्भर भारत बनाना है जहां हर नागरिक सुरक्षित महसूस करे.

### जापानी नौसेना के दो हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त

**तोक्यो** । जापानी नौसेना के दो हेलीकॉप्टर के तोक्यो के दक्षिण में प्रशांत महासागर में दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि सात अन्य लोग अभी लापता है. देश के रक्षा मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी. ऐसी संभावना जताई जा रही है कि शनिवार रात प्रशिक्षण के दौरान दोनों हेलीकॉप्टर एक दूसरे से टकरा गए. इन हेलीकॉप्टर में चालक दल के आठ सदस्य थे.

रक्षा मंत्री मिनोरू किहारा ने संवाददाताओं को बताया कि समुद्री आत्मरक्षा बल (एमएसडीएफ) के दो एसएच-60के हेलीकॉप्टर में चालक दल के चार-चार सदस्य सवार थे और शनिवार देर रात तोक्यो से लगभग 600 किलोमीटर दक्षिण में तोरीशिमा द्वीप के पास उनसे संपर्क टूट गया. किहारा ने बताया कि इस हादसे का कारण अभी पता नहीं चला है लेकिन दोनों हेलीकॉप्टर संभवतः आपस में टकराने के बाद पानी में गिरे. उन्होंने कहा कि बचावकर्मियों ने एक उड़ान डेटा रिकॉर्डर, प्रत्येक हेलीकॉप्टर से एक ब्लेड और एक ही क्षेत्र में दोनों हेलीकॉप्टर के टुकड़े बरामद किए हैं, जो संकेत देते हैं कि दोनों एसएच-60के एक-दूसरे के करीब उड़ रहे थे. अधिकारी यह पता लगाने के लिए उड़ान संबंधी डेटा का विश्लेषण करेंगे कि दुर्घटना का कारण क्या था.

## राजस्थान : शादी से लौट रहे थे सभी

# तेज रफ्तार कार की ट्रक-ट्रॉली से भिड़ंत,नौ की मौत, एक घायल



**एजेंसी । कोटा**

राजस्थान के झालावाड़ जिले में शनिवार देर रात बड़ा सड़क हादसा हो गया. यहां झालावाड़-अकलेरा के पचोला में एक कार और ट्रक-ट्रॉली की जोरदार टक्कर हो गयी. इस हादसे में नौ लोगों की मौत हो गयी. वहीं एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया. उसे झालावाड़ के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गयी. हादसे में कार के परखच्चे उड़ गये. स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर अकलेरा अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवा दिया है. पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है. मृतकों के परिजनों को भी घटना की जानकारी दे दी गयी है. परिजनों के पहुंचने के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी.

### भोपाल के डुंगरी गांव से लौट रहे थे सभी

बताया जाता है कि सभी लोग भोपाल के डुंगरी गांव में एक विवाह समारोह में भाग लेकर लौट रहे थे. अकलेरा गांव के पास कार और ट्रक-ट्रॉली में भिडंत हो गयी. इस दुर्घटना में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी. जबकि आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गये. आनन-फानन में सभी को अस्पताल ले जाया गया. इनमें से सात ने अस्पताल में दम तोड़ा. वहीं एक को झालावाड़ के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया.

### छत्तीसगढ़ में सुरक्षा कर्मियों के साथ मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर

**बीजापुर** । छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में रविवार को सुरक्षाकर्मियों के साथ मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया. पुलिस ने यह जानकारी दी. पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि डीआरजी की एक टीम को नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना किया गया था और रविवार सुबह करीब साढ़े पांच बजे जब टीम भैरमगढ़ थाना क्षेत्र के केशकुतुल गांव के पास जंगल में पहुंची तो वहां नक्सलियों के साथ मुठभेड़ हो गई. उन्होंने बताया कि रायपुर से लगभग 400 किलोमीटर दूर स्थित केशकुतुल-केशमुंडी जंगलों में माओवादियों के कमांडर कवासी पंडारू और 15-20 अन्य कैडरों की मौजूदगी की सूचना के आधार पर अभियान शुरू किया गया था.

## बोले पी चिदंबरम

# इंडिया गठबंधन की सरकार बनी, तो सीएए रद्द कर देंगे

**एजेंसी । नयी दिल्ली**



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने कहा कि अगर देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनती है, तो नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) को रद्द कर दिया जायेगा. समाचार एजेंसी पीटीआई से रविवार को बात करते हुए चिदंबरम ने सीएए को रद्द करने की घोषणा क साथ यह दावा भी किया कि लोकसभा चुनाव में इंडिया अलायंस को तमिलनाडु और पुडुचेरी की सभी 40 सीटें जीतेगा. इंडिया गठबंधन में कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, झारखंड मुक्ति मोर्चा, नेशनल कांफ्रेंस, आरजेडी जैसे दल शामिल हैं. ये सभी साथ मिलकर 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं. इस साल 11 मार्च को जब देश में सीएए लागू किया गया तो इन दलों ने जमकर सीएए के खिलाफ आवाज उठाई थी. कांग्रेस, टीएमसी सहित सभी दलों के विपक्षी नेताओं ने इस कानून को विभाजनकारी करार देते हुए वादा किया था कि सरकार बनने पर सीएए को रद्द कर देंगे.

### पख्तूनख्वा प्रांत में बारूदी सुरंग में विस्फोट दो किशोरों की मौत

**पेशावर** । पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में रविवार को एक बारूदी सुरंग में विस्फोट होने से कम से कम दो किशोरों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया. स्थानीय पुलिस ने यह जानकारी दी. ये किशोर खैबर जिले में तिराह घाटी की पहाड़ियों में मशरूम खोज रहे थे, तभी उनमें से एक का पैर बारूदी सुरंग पर पड़ गया, जिससे एक भयानक विस्फोट हुआ. पुलिस ने बताया कि एक किशोर की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरे ने अस्पताल में दम तोड़ दिया. विस्फोट में गंभीर रूप से घायल हुए एक अन्य 16 वर्षीय किशोर का अस्पताल में इलाज किया जा रहा है. एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना की जांच शुरू कर दी गई है.

## चुनावी रैली में बोलीं प्रियंका गांधी

# भाजपा संविधान बदलने की साजिश रच रही : प्रियंका गांधी

**एजेंसी । बालोद**

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने भाजपा पर रविवार को आरोप लगाया कि वह देश के संविधान को बदलने की साजिश रच रही है. गांधी ने कांकेर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत बालोद जिले में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा, भाजपा के कई नेता जहां-जहां भाषण दे रहे हैं वहां कह रहे हैं कि हमको चार सौ सीट दे दो हम संविधान को बदल डालेंगे. यह क्यों कह रहे हैं. उन्होंने कहा, एक तरफ यह छोटे नेता और उनके कई मंत्री जगह-जगह जाकर कह रहे हैं कि हम संविधान बदल देंगे दूसरी तरफ मोदी जी और उनके बड़े नेता



कहते हैं कि हम संविधान को नहीं बदलेंगे. आपको क्या लगता है कि भाजपा के नेता बगैर मोदी जी की इजाजत इतनी बड़ी बात कह सकते हैं. यह पूरी साजिश है. प्रियंका ने लोगों से कहा, जिस संविधान ने आपको अधिकार दिया, आपको वोट करने का अधिकार दिया, आरक्षण दिया, जिसने आदिवासियों की संस्कृति को बचाकर रखा, दलितों को आगे बढ़ाने का काम किया.

### लोकसभा चुनाव के लिए 17 दिन तक रोड शो करेंगे चंद्रशेखर राव

**हैदराबाद** । तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव लोकसभा चुनाव के लिए अपने प्रचार अभियान के तहत 24 अप्रैल से 17 दिन तक रोड शो करेंगे. रोड शो कार्यक्रम 24 अप्रैल को हैदराबाद से लगभग 140 किलोमीटर दूर मिर्यालगुडा में शुरू होगा और 10 मई को सिद्दिपेट के जिला मुख्यालय शहर में समाप्त होगा. तेलंगाना की 17 लोकसभा सीट के लिए 13 मई को मतदान होगा. बीआरएस द्वारा रविवार को जारी किए गए कार्यक्रम के अनुसार रोड शो भुवनगिरी, महबूबनगर, नगरकुर्नूल, वारंगल, खम्मम, महबूबाबाद, निजामाबाद, मेडक और करीमनगर सहित विभिन्न लोकसभा क्षेत्रों में आयोजित किए जाएंगे.

## उच्चतम न्यायालय ने दिया आदेश

# पति के पत्नी से यौन संबंध न बना पाने के आधार पर विवाह को किया निरस्त

**एजेंसी । मुंबई**

बंबई उच्च न्यायालय की औरंगाबाद पीठ ने एक युवा दंपती की शादी को इस आधार पर निरस्त कर दिया कि पति की 'रिलेटिव इंपोटेंसी' के कारण विवाह बरकरार नहीं रह सकता और दंपती की हताशा को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता. 'रिलेटिव इंपोटेंसी' का मतलब ऐसी नपुंसकता से है जिसमें व्यक्ति किसी विशेष व्यक्ति के साथ यौन संबंध बनाने में असमर्थ हो सकता है, लेकिन दूसरे व्यक्तियों के साथ वह यौन संबंध बनाने में सक्षम हो सता है. यह सामान्य नपुंसकता से भिन्न स्थिति होती है.



न्यायमूर्ति विभा कांकणवाड़ी और न्यायमूर्ति एस जी चपलगांवकर की खंडपीठ ने 15 अप्रैल को दिए फैसले में यह भी कहा कि यह ऐसे युवाओं की मदद करने के लिए उपयुक्त मामला है जो एक-दूसरे के साथ मानसिक, भावनात्मक या शारीरिक रूप से नहीं जुड़ पाए. इस मामले में 27 वर्षीय व्यक्ति ने फरवरी 2024 में एक पारिवारिक अदालत द्वारा याचिका खारिज किए जाने के बाद उच्च न्यायालय का रुख किया था. पारिवारिक अदालत ने उसकी 26 वर्षीय पत्नी द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दिया जिसमें उसने याचिका स्वीकार करने के शुरुआती चरण में ही विवाह निरस्त करने का अनुरोध किया था. अदालत ने कहा कि व्यक्ति ने संभवतः शुरुआत में संभोग न कर पाने के लिए अपनी पत्नी को जिम्मेदार ठहराया क्योंकि वह यह स्वीकार करने से हिचकिचा रहा था कि वह उसके साथ संभोग करने में असमर्थ है. दोनों ने मार्च 2023 में शादी की थी लेकिन 17 दिन बाद ही अलग हो गए थे.

### नागरिकों की सेवा करना जारी रखेंगे : राष्ट्रपति

**नयी दिल्ली** । राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को 'सिविल सेवा दिवस' पर लोक सेवकों को बधाई दी और विश्वास जताया कि वे राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ देश के नागरिकों की सेवा करना जारी रखेंगे. देश में 21 अप्रैल को सिविल सेवा दिवस के रूप में मनाया जाता है और यह नौकरशाहों का नागरिकों के हित के लिए खुद को पुनः समर्पित करने और सार्वजनिक सेवा एवं काम में उत्कृष्टता के लिए अपनी प्रतिबद्धताओं को दोहराने का अवसर होता है. उन्होंने कहा आपने देश की प्रगति के लिए अथक काम करने की महान विरासत को आगे बढ़ाया है. हमारी सिविल सेवाओं को बदलते माहौल के अनुसार शीघ्रता से स्वयं को ढालने की चुनौती का हमेशा सामना करना पड़ता है.

## कॅरियर-काउंसिलिंग

# चाल साल का बीटेक बायोटेक्नोलॉजी कोर्स कर संवार सकते हैं कॅरियर

**रजनीश प्रसाद** । बीटेक बायोटेक्नोलॉजी का कोर्स इंडस्ट्री की जरूरतों और मांगों के अनुरूप डिजाइन किया गया है. बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी या बीटेक बायोटेक्नोलॉजी की पढ़ाई भारतीय इंजीनियरिंग संस्थानों में चार साल के डिग्री कोर्स के रूप में की जाती है .बीटेक बायोटेक्नोलॉजी एक अत्यधिक फ्लेक्सिबल कोर्स है. यह कोर्स टेक्निकल, एनॉलिटिकल और प्रोफेशनल कंपीटेंसी वाले व्यक्तियों के साथ-साथ बिजनेस, मार्केटिंग, प्रोजेक्ट मैनेजमेंट, क्वालिटी मैनेजमेंट का ज्ञान भी प्रदान करता है. यह कोर्स छात्रों को वह सभी स्किल्स प्रदान करता है, जिनसे उन्हें जीव विज्ञान इंडस्ट्री की विभिन्न कैपेबिलिटीज में उत्कृष्टता प्राप्त करने में मदद मिल सके. कई सारी यूनिवर्सिटीज के करिकुलम कोर्सेज में भारी मात्रा में इंटर्नशिप प्लेसमेंट, प्रोजेक्ट्स, एंटरप्रेन्योरशिप, प्रोग्रामिंग फंडामेंटल्स, आईटी टूल्स, एक्सपेरिमेंट और यहां तक कि विदेशी भाषा के कोर्स भी शामिल होते हैं. बायोटेक्नोलॉजी के अलावा आप बीएससी बायोइनफॉरमेटिक्स, बीटेक फूड टेक्नोलॉजी, बीएससी जेनेटिक्स और बीएससी बॉटनी जैसे अन्य संबंधित डिग्री विकल्पों का भी चयन कर सकते हैं.



### बीटेक बायोटेक्नोलॉजी को क्यों चुनें

1. **मल्टीपल ऑपर्च्युनिटीज** : जो भी छात्र बायोटेक्नोलॉजी के कोर्स को पूरा करते हैं , उनके पास विभिन्न जॉब प्रोफाइल और नौकरियों के कई सारे विकल्प होते हैं.
2. **आगे की शिक्षा** : बीटेक पूरा करने के बाद में आप अपनी जरूरत और आराम के अनुसार एमटेक या एमबीए जैसे कोर्सेज के लिए भी नामांकन कर सकते हैं.
3. **रिसर्च के विकल्प** : जो छात्र इस क्षेत्र में उत्सुक हैं और रिसर्च करना चाहते हैं, उन्हें विभिन्न स्पेशियलिटीज के माध्यम से रिसर्च और विकास के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए कई अवसर मिल जाते हैं.
4. **हाई सैलरी पैकेज** : अन्य बैचलर डिग्री प्रोग्राम्स की तुलना में इस कोर्स में आप अच्छी सैलरी का पैकेज प्राप्त कर सकते हैं.

### भारतीय यूनिवर्सिटी के लिए आवेदन प्रक्रिया

- सबसे पहले अपनी चुनी हुई यूनिवर्सिटी की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर रजिस्ट्रेशन करें.
- यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन के बाद आपको एक यूजर नेम और पासवर्ड प्राप्त होगा.
- फिर वेबसाइट में साइन इन के बाद अपने चुने हुए कोर्स का चयन करें, जिसे आप करना चाहते हैं.
- अब शैक्षिक योग्यता, वर्ग आदि के साथ आवेदन फॉर्म भरें.
- इसके बाद आवेदन फॉर्म जमा करें और आवश्यक आवेदन शुल्क का भुगतान करें.
- यदि एडमिशन, प्रवेश परीक्षा पर आधारित है तो पहले प्रवेश परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन करें और फिर रिजल्ट के बाद काउंसलिंग की प्रतीक्षा करें। प्रवेश परीक्षा के अंको के आधार पर आपका चयन किया जाएगा और लिस्ट जारी की जाएगी.

### बीटेक बायोटेक्नोलॉजी के लिए जरूरी स्किल्स

- कांप्लेक्स प्रॉब्लम सॉल्विंग स्किल्स
- एनॉलिटिकल स्किल्स
- इनोवेटिव स्किल्स
- अटेंशन टू डिटेल
- इन्वेस्टिगेटिव स्किल्स
- टीम वर्किंग
- कम्युनिकेशन स्किल्स

### बीटेक बायोटेक्नोलॉजी के लिए टॉप भारतीय यूनिवर्सिटीज

- दिल्ली टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी
- आईआईटी, रुड़की
- आईआईटी, दिल्ली
- एनआईटी, कालीकट
- एनआईटी, राउरकेला
- आईआईटी, खड़गपुर
- मोतीलाल नेहरू इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, खड़गपुर
- एनआईटी, वारंगल

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा राजकमल प्लाजा, रूम नंबर 102 जयप्रकाश नगर, डीनोवली स्कूल रोड बरटांड़, धनबाद-826001 झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **दीपक कुमार अम्बष्ठ***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)